दैनिक
# नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 16 फरवरी 2024, वर्ष-13 अंक- 10 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

## आज बेबाक

राजनीति में आयाराम गयाराम की परंपरा बहुत पुरानी है। जब भी चुनाव आता है। अवसरवादी नेता पाला बदलने लगते है। दो माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के पूर्व राजनीतिक दलो में भागमभाग की स्थिति निर्मित हो गई है। जिधर बम उधर हम की नीति पर चलने वाले नेता खुंटा तोड़ कर भागे जा रहे है। दूसरी पार्टियां ऐसे भगोड़ों को हाथों हाथ ले रही है। नजीतन इन दलबदलुओं की पांचो उंगलियां घी में और कढाई में आ गया है। चढ़ते सूरज को सलाम करने वाले याद रखे की चढ़ता सूरत धीरे-धीरे ढलता है ढल जायेगा।

# इलेक्ट्रोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट की रोक
# 6 मार्च तक एसबीआई चुनाव आयोग को देगा रिपोर्ट

### यह अवैधानिक और सूचना के अधिकार का उल्लंघन है

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने देश में राजनीतिक दलों के चंदे के लिए 2018 बनाई गई चुनावी बांड योजना को गुरुवार को सर्वसम्मति से रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने ये फैसला दिया।

न्यायालय के इस फैसले से भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों को बड़ा झटका लगा है। पीठ ने न्यायालय चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को चुनावी बांड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों और प्राप्त सभी विवरणों का विवरण 6 मार्च तक भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को जमा करने का आदेश दिया।

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि 13 मार्च तक चुनाव आयोग अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर ऐसे विवरण प्रकाशित करेगा। संविधान पीठ ने योजना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### केन्द्र पर राहुल का निशाना

चुनावी बॉन्ड को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। वायनाड सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी ने बॉन्ड को 'रिश्वत और कमीशन' लेने का जरिया बनाया था।

राहुल गांधी ने लिखा, 'नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है। भाजपा ने इलेक्टोरल बॉण्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गई है।'

**चुनाव आयोग की भी खिंचाई-** पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने लिखा, 'उच्चतम न्यायालय ने मोदी सरकार की बहुप्रचारित चुनावी बॉन्ड योजना को संसद द्वारा पारित कानूनों के साथ-साथ भारत के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### ये फैसला पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा :'आप'

आम आदमी पार्टी ( आप ) की नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सुप्रीम कोर्ट के चुनावी बांड के फैसले का स्वागत करते हुए गुरुवार को कहा कि यह चुनावी फंडिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई। कहा हर नागरिक को जानने का अधिकार है कि केंद्र में या प्रदेश में जो पार्टी सरकार में है वह वोटर के लिए निर्णय ले रही है या चंदा देने वालों के लिए।

वहीं 'आप' नेता गोपाल राय ने कहा, काफ़ी समय से प्रश्न उठ रहा था कि केंद्र सरकार चुनावी बांड के जरिए किसी न किसी तरह से लोगों को प्रभावित कर रही है। मेरा मानना है कि सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला लिया है उससे चुनाव में पारदर्शिता आएगी।

## विधानसभा प्रश्नोत्तर

### सदन में उठा आरआईपीए में गड़बड़ी का मामला, मंत्री बोले- 3 महीने में होगी जांच, बीजेपी विधायक बोले-मत कहिएगा जब आत्महत्या करने लगे..

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष **धरमलाल कौशिक** ने रीपा योजना में हुई गड़बड़ी का मामला सदन में उठाया। वहीं पंचायत मंत्री **विजय शर्मा** ने रीपा में हुए घोटालों की जांच एडवोकेट जनरल के जरिए ऑडिट कराने और चीफ सेक्रेटी की अध्यक्षता में समिति बनाकर जांच कराने की बात कहीं। वहीं श्री शर्मा ने कहा कि इसकी जांच 3 महीने में पूरी होगी।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष **धरमलाल कौशिक** ने पिछली सरकार के दौरान रीपा निर्माण का मामला प्रश्नकाल में सदन में उठाया। जिसके जवाब में **मंत्री विजय शर्मा** ने कहा कि 300 रीपा बनाये जाने थे, सभी बन गए। पिछली बार 441 करोड़ का बजट स्वीकृत था जिसमें 260 करोड़ का भुगतान हुआ है बाकी भुगतान अभी शेष है।

**धरमलाल कौशिक** ने पूछा- किस-किस मद से राशि गई है?

मंत्री **विजय शर्मा** ने कहा- विभिन्न मदों से गई है, डीएमएफ सहित अन्य कई मदों की राशि है।

**धरमलाल कौशिक** ने कहा- योजना शुरू हुई तब से करीब 600 करोड़ रुपये की राशि है। डीएमएफ मद से खर्च कर भ्रष्टाचार किया गया है। खरीदी में लीपापोती की गई है और मंत्री-अधिकारी बताने की स्थिति में नहीं है, मनमानी खरीदी हुई है। क्या चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में जांच कराएंगे?

बीजेपी विधायक **अजय चंद्राकर** ने पूछा- कई मदों से भुगतान हुआ है। रीपा का क्या भौतिक सत्यापन हुआ है?

मंत्री **विजय शर्मा** ने कहा- रीपा में स्ट्रक्चर बना है, कई जगहों पर सामान है, कुछ नहीं है। जो अपेक्षा थी वो पूर्ण नहीं हुआ है।

विधानसभा प्रश्नोत्तर पेज तीन पर भी देखें...

# ज्ञानवापी मामले में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज, (वार्ता)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी गृहतल में काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पूजा की अनुमति देने की जिला जज के आदेश की वैधता की चुनौती देने वाली अपीलों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया।

न्यायधीश रोहित रंजन अग्रवाल मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल जिला जज के दो आदेशों की चुनौती अपीलों की सुनवाई कर रहे थे।

मस्जिद पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी व पुनीत गुप्ता ने तर्क दिया कि पूजा के अधिकार की मांग में दाखिल सिविल वाद में अधिकार तय किए बगैर अंतरिम आदेश से फाइनल रिलीफ देना कानूनी प्रक्रिया का उल्लघंन है। तहखाने में पूजा की अनुमति देकर वस्तुतः सिविल वाद स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही जिला जज ने स्वयं ही दो विरोधाभाषी आदेश दिए हैं।

यह भी कहा गया कि सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 152 के अंतर्निहित अधिकार का प्रयोग करते हुए अदालत मूल आदेश की प्रकृति में बदलाव का आदेश नहीं दे सकती। मूल आदेश में केवल एक मांग मानी गई। जिलाधिकारी को रिसीवर नियुक्त कर दिया गया। बिना किसी अर्जी के केवल मौखिक अनुरोध पर पूजा का अधिकार दे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### राम मंदिर के लिए 11 करोड़ दान देने वाले जाएंगे राज्यसभा

**अहमदाबाद, (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात से चार लोगों को राज्यसभा चुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। इनमें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा प्रमुख हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया का भी नाम शामिल हैं। बीजेपी द्वारा जारी कैंडिडेट लिस्ट में ढोलकिया का नाम नड्डा के बाद दूसरे नंबर पर रखा गया है। लिस्ट में मयंकभाई नायक और जसवंत सिंह सलामसिंह परमार को भी जगह दी गई है। कौन हैं गोविंदभाई ढोलकियाः गोविंदभाई ढोलकिया सूरत के बड़े डायमंड कारोबारी हैं। इन्होंने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपये का दान दिया था।

# पहली बार चुनकर आई महिला विधायक के सवाल से बेहद प्रभावित हुई अध्यक्षीय आसंदी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान सबसे पहला प्रश्न पूछने के अंदाज़ पर कांग्रेस विधायक चातुरी नंद की अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने जोरदार तारीफ की।

पहली बार चुनकर आई महिला विधायक श्रीमती नंद ने प्रदेश के पुलिसकर्मियों के वेतन और भत्तों को लेकर सवाल किया। डा. रमन को उनका सवाल करने का अंदाज इतना पसंद आया कि, उन्होंने इसे उन सभी विधायकों के लिए जो पहली बार चुनकर आए हैं, उदाहरण बताया। उल्लेखनीय है कि, चातुरी नंद शासकीय व्याख्याता की नौकरी छोड़कर राजनीति में आई हैं। वे चौहान सेना की प्रदेश अध्यक्ष भी हैं।

### चिकित्सा भत्ता को लेकर पूछा था सवाल

मंत्री शर्मा ने चिकित्सा भत्ता के संबंध में बताया कि, एक प्रस्ताव गया है 200 रुपये मासिक भत्ता या ओपीडी में इलाज के बाद क्लेम करने की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने गृह भाड़ा भत्ता के संबंध में बताया कि यह सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुसार दिया जा रहा है।

पुलिस ही नहीं राज्य के बाकी विभागों के कर्मचारियों को भी इसी आधार पर गृह भाड़ा मिलता है। ग्रेड पे को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# नेपाल में बस नदी में गिरी, जीप पलटी, 20 यात्रियों की गई जान

**काठमांडू, (वार्ता)।** नेपाल में पिछले दो दिन में दो यातायात दुर्घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। 40 लोगों को नेपाल की राजधानी काठमांडू लेकर जा रही एक यात्री बस गुरुवार तड़के कपिलवस्तु जिले में एक नदी में गिर गई, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और अन्य सभी घायल हो गए।

स्थानीय पुलिस अधिकारी हरि बहादुर ओली ने शिन्हुआ को बताया, घायलों में से छह को छुट्टी दे दी गई है, जबकि 24 अन्य का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# दो पूर्व विधायक बीजेपी में शामिल

- प्रमोद शर्मा और विधान मिश्रा समेत 300 लोगों ने ली सदस्यता

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के 2 पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा और विधान मिश्रा ने गुरुवार को बीजेपी की सदस्यता ले ली है। दोनों नेता शाम 7 बजे रायपुर में बीजेपी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे। दोनों नेताओं समेत 300 लोगों ने बीजेपी जॉइन की है। प्रमोद शर्मा जेसीसीजे के टिकट पर विधायक रह चुके हैं। विधानसभा चुनाव से पहले 26 अक्टूबर को उन्होंने कांग्रेस जॉइन कर ली थी। वहीं, पूर्व विधायक विधान मिश्रा जोगी की कैबिनेट में उद्योग मंत्री रह चुके हैं। विधान मिश्रा भी पहले कांग्रेस में थे, फिर जासासाजो में चले गए थे।

पूर्व सीएम अजीत जोगी के निधन के बाद से प्रमोद शर्मा और जेसीसीजे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के बीच मतभेद चल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### आज ही खुले पुलिस कैंप पर नक्सलियों ने फेंका यूबीजीएल

**रायपुर/बीजापुर/नवप्रदेश।** नक्सलियों ने एक बार फिर से बस्तर में सुरक्षाबलों के कैंप पर उसी दिन हमला कर दिया जिस दिन कैंप खुला। जवानों ने उनके हमले को बहादुरी से नाकाम कर दिया। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि, वे अब सुरक्षाबलों के कैंपों को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। गुरुवार को एक बार फिर से बीजापुर में नक्सलियों ने पुलिस कैंप पर हमला कर दिया।

## गरमा-गरम

**किसान आंदोलन-** 'दिल्ली चलो' की कोशिश में लगे किसानों और सरकार के बीच तीसरे दौर की बातचीत

# उग्र होते जा रहे हैं प्रदर्शनकारी, आज भारत बंद का ऐलान

**नई दिल्ली/वार्ता।** राजधानी पहुंचने की कोशिशों में लगे किसानों की सरकार की ओर से राह रोके जाने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से अब शुक्रवार को भारत बंद का ऐलान किया गया है। दिल्ली चलो मार्च शुरू करने वाले किसानों को पंजाब एवं हरियाणा की सीमा पर रोके जाने के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

बृहस्पतिवार को संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से किसानों को दिल्ली कूच से रोके जाने के विरोध ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### कैमरापर्सन और पत्रकार को प्रदर्शनकारियों ने पीटा

दिल्ली-हरियाणा सिंघू सीमा के पास प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने एएनआई कैमरापर्सन और एक अन्य पत्रकार को बुरी तरह पीटा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किसान आंदोलन को लेकर कहा है कि हम इनके दिल्ली जाने के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलनकारियों का तरीका ठीक नहीं है। इसलिए हमें उनको सीमा पर रोकना पड़ रहा है। इसके अलावा सरकार हर वक्त बातचीत के लिए तैयार है। बता दें कि 'दिल्ली चलो' की कोशिश में लगे किसानों और सरकार के बीच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### आम आदमी की परेशानी को किसान संगठनों को समझना चाहिए : मुंडा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों के लिए बातचीत के आमंत्रण दोहराते हुए कहा है कि आम आदमी की परेशानियों को समझा जाना चाहिए। मुंडा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि किसान संगठनों को आम आदमी की परेशानियों को समझना चाहिए। आम आदमी की कठिनाई से किसी को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसान संगठनों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# विधानसभा चुनावों में मिली जीत से भाजपा आत्मविश्वास से लबरेज

*अशोक शर्मा*

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण बिलासपुर लोकसभा सीट 1978 तक अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। इसमें जांजगीर जिले के कुछ हिस्से शामिल थे। सामान्य सीट होने के बाद इसका महत्व और बढ़ गया। इसे ऐसे भी समझा जा सकता है कि यहां से पिछले चुनाव में सांसद चुने गए अरूण साव इस समय राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं। एक दौर था जब बिलासपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। राजनीति ऐसी बदली कि पिछले सात चुनावों से यह सीट भाजपा ही जीतती आ रही है।

बिलासपुर लोकसभा सीट का राजनीतिक महत्व इसलिए भी है कि यह छत्तीसगढ़ की राजनीति का राजधानी के बाद दूसरा प्रमुख केन्द्र है। सन् 1978 में लोकसभा सीटों के परिसीमन के बाद बिलासपुर सामान्य सीट घोषित की गई। इससे पहले इसका क्षेत्र जांजगीर तक विस्तृत था। जांजगीर के पामगढ़ और जैजैपुर जैसे अनुसूचित जाति की बहुलता वाले क्षेत्र बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में शामिल थे। ये क्षेत्र बिलासपुर लोकसभा सीट से अलग कर दिए गए और इसे सामान्य सीट घोषित कर दिया गया। 1952 में जब लोकसभा का पहला चुनाव हुआ था , बिलासपुर सीट से कांग्रेस के रेशमलाल जांगड़े सांसद चुने गए। उसके बाद के चुनावों में सात बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की। एक बार भारतीय लोकदल, एक बार जनता पार्टी और एक बार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ने यह सीट जीती। वर्ष 1996 के बाद बिलासपुर की राजनीति ही बदल गई। 1996 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस सीट से पुन्नुलाल मोहले को उम्मीदवार बनाया। वे एक के बाद एक लगातार चार चुनाव

जीते और उसके बाद जैसे बिलासपुर लोकसभा सीट पर भाजपा का कब्जा ही हो गया। 1996 के बाद लोकसभा के सात चुनाव हुए, कांग्रेस यहां से एक चुनाव नहीं जीत सकी। पुन्नुलाल मोहले के बाद भाजपा ने 2009 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से अपने कद्दावर नेता दिलीप सिंह जूदेव को उतारा और उन्होंने पार्टी की जीत के सिलसिले को बरकरार रखा। वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा से ही लखन लाल साहू यहां से सांसद चुने गए। 2019 के चुनाव में अरूण साव भाजपा से सांसद निर्वाचित हुए। सांसद रहते हुए भाजपा ने उन्हें राज्य में पार्टी की कमान भी सौंप दी। जब राज्य विधानसभा के चुनाव हुए तो उन्हें चुनाव मैदान में उतार दिया गया। अपने गृह क्षेत्र की लोरमी सीट से चुनाव जीतकर अरूण साव इस समय राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

विधानसभा चुनावों में बड़ी जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी भाजपा का बिलासपुर लोकसभा सीट एक बार फिर जीत लेने के अवसर के रूप में इस चुनाव को देखना स्वाभाविक है। उसका यह उत्साह उसकी तैयारियों में दिखाई दे रहा है। इस सीट से टिकट के दावेदारों पर विचार-विमर्श के लिए पार्टी ने पिछले दिनों जिले के नेताओं की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में दो-चार नहीं बल्कि टिकट के दावेदारों के 50 से भी अधिक आवेदन आए। अब इन्हीं में से कोई एक इस लोकसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार होगा या इनमें से अलग किसी को उम्मीदवार बनाया जाएगा, यह आने वाले दिनों में कुछ साफहोगा। विधानसभा चुनावों में उम्मीदवारों के चयन में पार्टी ने जो मापदंड अपनाए, उसे देखते हुए उम्मीदवार के नाम का अनुमान लगाना मुश्किल है। जिन संभावित उम्मीदवार को पार्टी से संकेत मिलेगा,उसकी तैयारियों से ही इसका कुछ अंदाजा लगाया जा सकेगा। इधर कांग्रेस में हार की निराशा साफ देखी जा रही है। बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार के नाम पर पार्टी की दुविधा बनी हुई है। विधानसभा चुनावों में भी पार्टी जिले में अनुकूल प्रदर्शन नहीं कर पाई। जिले की 6 सीटों में दो ही सीट पार्टी जीत पाई। कोटा से अटल श्रीवास्तव जीते तो मस्तुरी से दिलीप लहरीया ने जीत हासिल की। अटल श्रीवास्तव पिछले लोकसभा चुनाव में बिलासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी थे। उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस में इस सीट से दावेदारों की कोई हलचल अभी नहीं देखी- सुनी जा रही है।

### भाजपा ने नहीं उतारा महिला उम्मीदवार

बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा क्या इस बार महिला उम्मीदवार उतार सकती है। पार्टी ने अभी तक यहां से महिला उम्मीदवार नहीं उतारा। कांग्रेस ने तीन चुनावो में महिलाओं को अवसर अवश्य दिया, लेकिन वे जीत नहीं सकीं। कांग्रेस ने पहली बार तान्या अनुरागी को उम्मीदवार बनाया। वह 1970 में कांग्रेस से सांसद चुने गए गोदिल प्रसाद अनुरागी की बेटी थीं। उनके बाद डा. रेणु जोगी और श्रीमती करूणा शुक्ला को बिलासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया । अभी तक बिलासपुर लोकसभा सीट से कोई महिला सांसद नहीं बनी। राजनीति में महिलाओं की भगीदारी बढ़ रही है।

## न्यूज गैलरी

### अमेठी नहीं जाएंगे राहुल गांधी सिर्फ वायनाड से लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी सीट को कांग्रेस और खासतौर से गांधी परिवार का गढ़ माना जाता है। अब पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा का रुख कर चुकी हैं। वहीं, राहुल गांधी को लेकर कहा जा रहा है कि वह इस बार सिर्फएक ही सीट वायनाड से ही चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, इसे लेकर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी यानी एसीसी की तरफसे कुछ नहीं कहा गया है।

मातृभूमि अंग्रेजी में फरवरी की शुरुआत में प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि राहुल 2024 लोकसभा चुनाव सिर्फ एक ही सीट से लड़ेंगे। वहीं, एसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल केरल से चुनाव नहीं लड़ेंगे। खास बात है कि 2019 लोकसभा चुनाव में राहुल ने दो सीटों अमेठी और वायनाड दो सीटों से चुनाव लड़ा था, लेकिन केरल की ही सीट पर जीत हासिल कर सके थे । सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा नामांकन करने के साथ ही अब रायबरेली सीट को लेकर चर्चाएं तेज हैं। कहा जा रहा है कि अब इस सीट पर प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा चुनाव लड़कर डेब्यू कर सकती हैं। फिलहाल, इसे लेकर भी कांग्रेस या प्रियंका ने खुलकर कुछ नहीं कहा है। 2004 से 2019 तक रायबरेली सीट से सोनिया गांधी ने चार बार जीत हासिल की है।

### लक्षद्वीप के अगाती और मिनिकॉय द्वीप पर नौसैनिक अड्डे बनाएगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव के बीच पिछले कई महीनों से रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के चुनाव जीतने के बाद से ही वह चीन के करीब जा रहे हैं, जिससे भारत से टेंशन और बढ़ गई। वहीं, जब पिछले दिनों पीएम मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा किया और कई तस्वीरें साझा कीं तो उसके बाद तनाव चरम पर पहुंच गया। अब भारत ने एक बड़ा फैसला लिया है, जिससे न सिर्फ मालदीव को बल्कि चीन को भी करारा झटका लगने वाला है। दरअसल, सरकार ने लक्षद्वीप के अगाती और मिनिकॉय आयलैंड पर नौसैनिक अड्डे बनाने का निर्णय किया है। इससे लक्षद्वीप पर भारतीय नौसैनिकों के पदचिह्नों को और मजबूती मिलने की संभावना है। बता दें कि लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप नौ डिग्री चैनल पर स्थित हैं, जिसके माध्यम से दक्षिण-पूर्व एशिया और उत्तरी एशिया के रास्ते में अरबों डॉलर का वाणिज्यिक व्यापार गुजरता है। मिनिकॉय द्वीप मालदीव से मात्र 524 किलोमीटर दूर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत वाहक टास्क फोर्स पर सवार होकर, जिसमें लगभग 15 युद्धपोत शामिल हैं, 4-5 मार्च को नौसेना बेस आईएनएस जटायु का उद्घाटन करने के लिए नौसेना के अधिकारियों के साथ मिनिकॉय द्वीप समूह की यात्रा भी करने वाले हैं।

### पत्नी और जुड़वां बच्चों को मारकर पूर्व मेटा इंजीनियर ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के सैन मेटो में मंगलवार को अपने ही 17 करोड़ के आलीशन बंगले में मृत पाए गए एक भारतीय परिवार के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, 37 वर्षीय आनंद सुजीत हेनरी ने अपनी 38 वर्षीय पत्नी एलिस और 4 वर्षीय जुड़वां बेटों, नूह और नीथन को मारने के बाद खुदकुशी कर ली थी। दोनों बच्चों की लाश बेडरूम में मिली थी, जबकि इस दंपत्ति की लाश बाथरूम में मिली थी। दंपत्ति की लाश के करीब ही एक पिस्टल मिला था। तभी से पुलिस इस मामले की जांच सुसाइड और मर्डर दोनों एंगल से कर रही थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस दंपत्ति के खून से लथपथ शरीर पर 9एमएम पिस्टल के गोलियों को निशान थे। लोडेड पिस्टल बाथरूम में ही गिरा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आनंद ने पहले बच्चों को मारा फिर पत्नी को गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

# सावधान... ऐसे राजनीतिक दलों को चंदा देकर फंस गए 5000 लोग

■ **अब इनकम टैक्स विभाग ने थमाया नोटिस**

**नई दिल्ली।** अगर आप भी राजनीतिक दलों को चंदा देते हैं लेकिन ये गलती कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए। इनकम टैक्स विभाग ने ऐसे 5000 लोगों को नोटिस भेजे हैं, जिन्होंने चुनाव आयोग में रजिस्टर्ड लेकिन गैर मान्यता प्राप्त दलों को चंदा दिए हैं। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, इनकम टैक्स विभाग ने वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान इस तरह का दान देने वाले व्यक्तिगत कर दाताओं और कॉरपोरेट टैक्सपेयर्स को नोटिस थमाया है।

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ऐसे राजनीतिक दल जो आयोग में सिर्फ पंजीकृत होते हैं लेकिन मान्यता प्राप्त नहीं होते हैं, सिर्फलोगों से चंदा वसूली कर मनी लॉन्ड्रिंग और कर चोरी के खेल में शामिल होते हैं। ऐसे दलों को चंदा देने वालों को इनकम टैक्स विभाग ने आयकर अधिनियम की धारा 80ललष्ट के तहत नोटिस भेजा है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि दो वित्त वर्षों की छानबीन के बाद अभी तक सिर्फ5000 लोगों को ही नोटिस भेजा गया है। अभी और लोगों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया जारी है। वित्त वर्ष 2022-23 में ऐसे दलों को चंदा देने वालों की स्क्रूटनी अभी नहीं हुई है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, इन करदाताओं ने ऐसे करीब 20 राजनीतिक दलों को चंदा दिए हैं, जो चुनाव आयोग से सिर्फ पंजीकृत हैं मान्यता प्राप्त दल नहीं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ दानदाताओं के चंदा और उनकी आय में मिलान सही नहीं पाया गया। आयकर के अधिकारियों को संदेह है कि टैक्स छूट लेने के लिए ही ऐसे चंदा दिए गए और दान की गई रकम नकद वापस ले ली गई। एक अधिकारी के मुताबिक, ऐसे दान कुल आय के अनुरूप नहीं थे। कुछ मामलों में तो दान दाताओं ने अपनी कुल आय का 80 फीसदी रकम ऐसे राजनीतिक दलों को दान कर दिया जो गैर मान्यता प्राप्त हैं।

बता दें कि आयकर अधिनियम के नियमों के मुताबिक, चुनाव आयोग से पंजीकृत और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले करदाता दान की गई रकम पर 100 फीसदी आयकर छूट का दावा कर सकते हैं। गैर मान्यता प्राप्त दल उन्हें कहते हैं जो दल चुनाव आयोग में पंजीकृत तो हैं लेकिन या तो कोई चुनाव नहीं लड़ते या फिर उन्हें चुनावों में क्वालिफाइंग वोट नहीं मिलते।

### 7 केंद्रीय मंत्रियों को RS चुनाव में नहीं बनाया कैंडिडेट

**नई दिल्ली।** 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर 27 फरवरी को द्विवार्षिक चुनाव होने हैं। केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी ने इसके लिए 28 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इन 28 में से चार ही पुराने चेहरे हैं, जबकि 24 सीटों पर नए लोगों को मौका दिया गया है। जिन पुराने चेहरों को दोबारा कैंडिडेट बनाया गया है, उनमें बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन और बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी हैं। जेपी नड्डा को इस बार गुजरात से, अश्विनी वैष्णव को ओडिशा से, एल मुरुगन को फिर से मध्य प्रदेश से और सुधांशु त्रिवेदी को भी फिर से उत्तर प्रदेश से कैंडिडेट बनाया गया है। बीजेपी को उम्मीद है कि अपने दम पर 28 में से 27 सीटों पर जीत दर्ज कर लेगी, जबकि ओडिशा से प्रत्याशी बनाए गए अश्विनी वैष्णव नवीन पटनायक की बीजेडी के सहयोग से फिर राज्यसभा पहुंच जाएंगे। बीजेपी ने सात केंद्रीय मंत्रियों, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, मनसुख मांडविया, नारायण राणे, पुरुषोत्तम रुपाला, वी मुरलीधरन, राजीव चंद्रशेखर समेत बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय और बीजेपी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी को भी दोबारा राज्यसभा नहीं भेजने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि पार्टी इन सभी चेहरों को 2024 के लोकसभा चुनाव में उतारेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले ही सुझाव दिया था कि राज्यसभा सांसदों को कम से कम एक बार सीधे चुनाव लड़कर संसद पहुंचना चाहिए। इसके बाद पार्टी में एक राय उभर कर सामने आई थी कि अधिक से अधिक केंद्रीय मंत्रियों को लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए, खासकर वैसे मंत्रियों को जो राज्यसभा में कम से कम दो कार्यकाल पूरे कर चुके हैं। अब माना जा रहा है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आगामी लोकसभा चुनाव ओडिशा से लड़ सकते हैं। इसी तरह पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव हरियाणा या राजस्थान से चुनावी ताल ठोक सकते हैं।

## राम मंदिर के दो पैरोकारों को भारत रत्न और अब बाबरी पर चढ़ने वाला जाएगा राज्यसभा

**मुंबई।** भाजपा ने महाराष्ट्र में तीन राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। इन लोगों में पूर्व सीएम अशोक चव्हाण, मेधा गाडगिल और डॉ. अजीत गोपछडे है। इनमें सबसे चौंकाने वाला नाम अजीत गोपछडे का ही है, जो 1992 में बाबरी ढांचे के विध्वंस के दौरान कारसेवक थे। यही नहीं वह उस दौरान बाबरी ढांचे के ऊपर भी चढ़ गए थे और उसे धक्का देने वालों में से एक थे। उनकी बाबरी के ऊपर चढ़ जाने की तस्वीर आज भी वायरल हो रही है। ऐसे में उन्हें राज्यसभा भेजने का फैसला अहम है। केंद्र की मोदी सरकार इससे पहले राम रथ यात्रा निकालकर भाजपा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दे चुकी है।

उनके अलावा राम मंदिर के एक और पैरोकार एवं पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भी यह सम्मान पिछले दिनों दिया गया है। इस तरह राम मंदिर से जुड़े तीसरे शख्स को मोदी सरकार ने सम्मान दिया है। डॉ. अजीत गोपछडे ने खुद भी अपनी वह तस्वीर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले शेयर की थी, जिसमें वह बाबरी के ऊपर चढ़े दिखते हैं। उन्होंने एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा था, 'रामलला की प्राण प्रतिष्ठा देखते हुए गर्व हो रहा है कि हम भी उस आंदोलन में कारसेवक की भूमिका में थे। इस दिन ने मुझे 6 दिसंबर, 1992 की याद दिला दी है। बाबरी के ऊपर की एक तस्वीर मेरी वायरल हो रही है। मेरा हृदय एक बार फिर से उन्हीं यादों में खो गया है।'

**लिंगायत समुदाय से आते हैं गोपछडे, महाराष्ट्र तक है असर**

डॉ. गोपछडे लिंगायत समुदाय से आते हैं, जिसकी कर्नाटक में अच्छी खासी आबादी है। इसके अलावा महाराष्ट्र के भी कुछ लोकसभा क्षेत्रों में उनका प्रभाव है। डॉ. अजीत गोपछडे आरएसएस के प्रचारक रहे हैं और महाराष्ट्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। वह प्रदेश भाजपा में मेडिकल सेल के प्रभारी भी रहे हैं। इस सेल के प्रभारी रहने के दौरान उन्होंने करीब 50 हजार डॉक्टरों को पार्टी से जोड़ा है। वह एमबीबीएस और एमडी की पढ़ाई कर चुके हैं। भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजकर यह संदेश दिया है कि वह राम मंदिर आंदोलन से जुड़े लोगों का सम्मान कर रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 1992 की घटना और उससे पहले चले आंदोलन में शामिल लोगों को याद किया जा रहा था।

### 8 भारतीयों की रिहाई के बाद कतर पहुंचे पीएम मोदी, शेख से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने के लिए कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए बुधवार शाम यहां पहुंचे। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री के रूप में मोदी की यह दूसरी कतर यात्रा है। पीएम मोदी संयुक्त अरब अमीरात की दो दिवसीय यात्रा के बाद दोहा पहुंचे, जहां उन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम, 'विश्व सरकार शिखर सम्मेलन' को संबोधित किया और संयुक्त अरब अमीरात के पहले हिंदू मंदिर का भी उद्घाटन किया। मंगलवार को नई दिल्ली से रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा कि वह अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मिलने के लिए उत्सुक हैं, 'जिनके नेतृत्व में कतर जबरदस्त संबंधों का प्रमाण है।' अमीर के साथ बातचीत के अलावा, मोदी का कतर में अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मिलने का कार्यक्रम है। पीएम मोदी ने वसंत पंचमी के दिन बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में नवनिर्मित पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। इस मंदिर को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था ने बनाया है।

### इंडिया अलायंस से छिटका फारूक अब्दुल्ला बोले अपने बूते लड़ेंगे चुनाव

**श्रीनगर।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे इंडिया अलायंस के साथी एक-एक कर अलग होते दिख रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि उनकी पार्टी अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। इस बात की भी चर्चा हो रही है कि फारुक अब्दुल्ला इंडिया अलायंस छोड़कर एनडीए गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। जब पत्रकारों ने सीनियर अब्दुल्ला से इंडिया अलायंस में सीट शेयरिंग पर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा, तक सीट शेयरिंग का सवाल है तो मैं एक बात क्लियर कर देता हूं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अपने बल-बूते पर चुनाव लड़ेगी, इसमें कोई दो राय नहीं है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि उन्हें लगता है कि विधानसभा और लोकसभा के चुनाव यानी दोनों चुनाव एकसाथ होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि देश बनाने के लिए जो करना पड़ेगा, वो करूंगा। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मुलाकात के लिए बुलाया जाएगा तो वह जाना चाहेंगे। जब से बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने पाला बदला है, तभी से इंडिया अलायंस के भविष्य को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

**राजनीति** | चार राष्ट्रीय दलों को मिले कुल चंदे से पांच गुना ज्यादा मिला डोनेशन

# चंदा हासिल करने में भी बीजेपी बब्बर शेर

**नई दिल्ली।** केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 720 करोड़ रुपये का चंदा मिला है। पार्टी ने चुनाव आयोग को सौंपे दस्तावेज में ये खुलासा किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ष्ठक्र) की रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा को मिला चंदा अन्य चार राष्ट्रीय दलों (कांग्रेस, आप, सीपीएम और एनपीपी) को मिले कुल चंदे से पांच गुना से भी ज्यादा है। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 12,167 दाताओं ने सभी राष्ट्रीय दलों को कुल 850.438 करोड़ रुपये चंदा दिए हैं। ये दान 20,000 रुपये से अधिक के हैं। चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक 20,000 रुपये से अधिक राशि के दान का विवरण आयोग को देना अनिवार्य होता है। इसलिए ये आंकड़े इसी सीमा रेखा से ऊपर की चंदा राशि के हैं। देश की छठी राष्ट्रीय पार्टी, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने कहा है कि उसे वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 20,000 रुपये से अधिक एक भी चंदा नहीं प्राप्त हुआ है। बसपा पिछले 17 वर्षों से लगातार ऐसी ही घोषणा करती आ रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 के दौरान भाजपा को कुल 7,945 दाताओं से कुल 719.858 करोड़ रुपये का चंदा मिला है, जबकि कांग्रेस को सिर्फ 894 दाताओं से ही चंदा मिल सका है। कांग्रेस को कुल 79.924 करोड़ रुपये का ही चंदा मिल सका है, जो भाजपा को मिले कुल चंदे का करीब 10 फीसदी से कुछ ही ज्यादा है। एनपीपी पूर्वोत्तर की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल है। एडीआर ने यह भी बताया कि दिल्ली से राष्ट्रीय पार्टियों को कुल 276.202 करोड़ रुपये का चंदा मिला है, गुजरात से 160.509 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र से 96.273 करोड़ रुपये का चंदा मिला है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान राष्ट्रीय पार्टियों के चंदे में पिछले साल 2021-22 की तुलना में 91.701 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

## प्रथम पेज से आगे... विधानसभा प्रश्नोत्तरी

मंत्री **विजय शर्मा** की बड़ी घोषणा- रीपा का एडवोकेट जनरल के जरिए ऑडिट होगा। चीफ सेक्रेटी की अध्यक्षता में समिति बनाकर जांच कराएंगे।

**धरमलाल कौशिक** ने कहा- रीपा में ऐसा भी हुआ है कि 2 करोड़ का काम है। पूरा 80 लाख का प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाया गया है, ये हाल है।

**अजय चंद्राकर** ने कहा- किसी और मद का पैसा किसी और मद में बांट दिया गया है। जांच की घोषणा हुई है लेकिन टाइम लिमिट बताया जाए।

बीजेपी विधायक **धरमजीत सिंह** ने कहा-कई सरपंचों का भुगतान नहीं हुआ है, उनके लिए आत्महत्या की स्थिति है। उन्हें आत्महत्या से बचाया जाए और भुगतान किया जाए। बाद में मत कहिएगा जब आत्महत्या करने लगे।

**रायपुर/नवप्रदेश।** सहायता केंद्र में मंत्री टंकराम,शिवरतन शर्मा जनसमस्याओं को सुना।

## व्यापमं की एक और नई वेबसाइट की गई तैयार

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के नियंत्रक से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में संचालित वेबसाइट https://vyapam.cgstate.gov.in में अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन एप्लीकेशन फार्म भरते समय, प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय एवं परीक्षा परिणाम जारी उपरांत अत्यधिक संख्या में हिट्स होने से अभ्यर्थियों को असुविधा हो रही थी। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापमं द्वारा एक नई वेबसाइट https://vyapamaar.cgstate.gov.in बनाई गई है। इस वेबसाइट में सिर्फ मुख्य सूचनायें, नवीन पंजीयन, अभ्यर्थी लॉगिन एवं परीक्षा परिणामों को प्रदर्शित किया जायेगा। इसके साथ ही वर्तमान में संचालित व्यापमं की वेबसाइट https://vyapam.cgstate.gov.in पूर्व की भाँति चलती रहेगी।

## राज्य में 105 लाख 76 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीदी की जा चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 118 लाख 93 हजार 551 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 105 लाख 76 हजार 891 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 24 लाख 72 हजार 440 किसानों से 04 फरवरी 2024 तक 144 लाख 92 हजार 96 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

## विधानसभा में गौ तस्करी के सवाल पर साय सरकार मौन, भाजपा की संलिप्तता का प्रमाण है: उमेश पटेल

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में हुए गौ तस्करी के मामले को लेकर पूर्व मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार गौ हत्यारी सरकार है। भाजपा की सरकार आते ही तस्करी होने लगी। इन गौ तस्करों के गिरोह को भाजपा सरकार का संरक्षण है, इसलिए अब तक न कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही किसी की ज़िम्मेदारी तय की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के गृहमंत्री इतने संवेदनशील विषय पर विधानसभा में पूछे गए सवाल पर जवाब देने से बचते रहे हैं। चर्चा से भाग रहे हैं, जवाबदेही और बयान देने से तक भाग रहे हैं। बात-बात में सीबीआई जांच की धौंस दिखाने वाले भाजपाई यह बताएं कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार आते ही गौ तस्करी कैसे होने लगी है? गौ तस्करी की जांच सीबीआई से कब करवाएंगे? पूर्व मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब भाजपा की सरकार आती है गौ माता पर अत्याचार बढ़ जाते हैं। 2008 से 18 के बीच 1667 करोड़ का गौशाला अनुदान घोटाला हुआ। 115 गौशालाओं को प्रतिदिन 28 लाख़ 75 हजार चारे के लिए दिए गए। 15 साल में 1560 करोड़ रुपए, 20 हजार रुपए पशुओं के दवा के लिए हर माह प्रति गौशाला अर्थात 15 साल में 41 करोड़ 50 लाख रुपए दवा के लिए, शेड और बिजली जैसी सुविधाओं के लिए 76 करोड रुपए। इसके साथ ही लगभग 1 हज़ार एकड़ सरकारी जमीन इन संघी भाजपाइयों के द्वारा संचालित गौशालाओं पर लुटाए गए, लेकिन वहां चारा पानी के अभाव में गाएं मरती रही।

# वन विभाग के पास बड़ा अमला फिर भी मारे जा रहे वन्यजीव

- विधानसभा सत्र- नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरन दास महंत ने बाघ के करंट से मारे जाने पर वन विभाग को ध्यानकार्षण सूचना में अवगत कराया

डॉ. चरणदास महंत

**रायपुर/नवप्रदेश।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरन दास महंत ने वन विभाग को अपनी ध्यानकार्षण सूचना में अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग, सर्वसाधन संपन्न विभाग है, जिसमें 100 से अधिक भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की सेवाएं उपलब्ध है। वन के चप्पे-चप्पे पर वनकर्मी तैनात हैं, फिर भी एक बाघ जिस पर निरंतर ट्रंकिंग के जरिए नजर रखी जा रही थी, अचानक गायब हो जाता है और उसकी मृत्यु की जानकारी तब प्राप्त होती है। जब उसकी लाश सड़-गल चुकी होती है। बाघों के संरक्षण, संवर्धन आदि पर वन विभाग प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च करता है, फिर भी बाघों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है, जिसका जन स्वीकार्य कारण बताने में असफल रहा है। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर कनिष्ठ कर्मियों तक की घोर लापरवाही के कारण ही गोमर्डा अभ्यारण्य की सीमा में युवा बाघ को जनवरी 2024 में ग्रामीणों के द्वारा मार दिया गया। राज्य में करंट से बाघ को मारने की यह पहली घटना है।

### करंट से प्रतिदिन वन्यजीवों की जा रही है जान

पूरे प्रदेश में अन्य प्रजाति के वन्यजीव तो करंट से प्रतिदिन मारे ही जा रहे हैं। अवैध रूप से हुकिंग कर कवर विहीन तारों ले करंट फैलाकर वन्य जीवों का शिकार निरन्तर किया जा रहा है। यह तथ्य वन विभाग के ऊपर से नीचे तक के अमले की जानकारी में भली-भांति होने के बावजूद जानबूझकर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं करना निष्ठा को संदिग्ध बनाता है।

### राज्य की छवि धूमिल हुई

बाघ वाली घटना से पूरे देश में राज्य की छवि धूमिल हुई है, परन्तु राज्य सरकार ने अब तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की है। कुछ ग्रामीणों की गिरफ्तारी की गई है, परन्तु विभाग साक्ष्य नहीं जुटा पाया।

## ग्रामीण औद्योगिक पार्क को स्थापित करने में हुए व्यय की होगी जांच : विजय शर्मा

**रायपुर/नवप्रदेश।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में नवम्बर, 2023 तक कुल 300 रीपा स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया था और 300 रीपा स्थापित किये गए हैं। वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में 441 करोड़ 75 लाख रुपये बजट में स्वीकृत किया गया। जिसमें राशि 260 करोड़ 1 लाख रूपये का भुगतान किया गया है। 135 करोड़ 3 लाख रुपये का भुगतान किया जाना शेष है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने विधानसभा में कहा कि मैंने खुद भी कई रीपा केंद्रों का निरीक्षण किया है। जो अपेक्षाएं उन केंद्रों की थीं, वह पूरी नहीं हुई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधानसभा में कहा कि ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) को स्थापित करने में हुए व्यय की जांच मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन करके जांच कराएंगे।

# राजस्व विभाग की जटिल कार्यप्रणाली के ध्यानाकर्षण को मंत्री वर्मा ने नकारा

टंकराम वर्मा

**रायपुर/नवप्रदेश।** विधानसभा में आज राजस्व विभाग जटिल कार्यप्रणाली को लेकर विधायक अजय चंद्राकर, अनुज शर्मा, श्रीमती भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण सूचना में कहा कि राजस्व विभाग के अंतर्गत होने वाले कार्य की जटिलता से सभी वाकिफ है, जिसमें छोटी सी त्रुटि चाहे वह विभागीय क्यों न हो, उसके सुधार हेतु किसान एवं भू-स्वामी को राजस्व कार्यालयों के साथ-साथ एकाधिक अधिकारियों के पास सालों चक्कर काटना पड़ता है। राजस्व अभिलेखों के ऑनलाइन होने के बाद समस्याएं कम होने के बजाय और भी बढ़ गई है। यदि किसी भूमिस्वामी के राजस्व अभिलेख में खातेदार के नाम या पिता के नाम या जाति आदि में विभाग द्वारा हुई मानवीय तकनीकी कारण से वर्तनीगत या मात्रात्मक त्रुटि की अवस्था में भू-धारक को उसे सुधारने के लिये सिर्फ एसडीएम न्यायालय के पास ही जाना पड़ता है, क्यांकि धरातल स्तर के अधिकारी/कर्मचारी से इसे सुधारने का अधिकार विभाग दूवारा वापस ले लिया गया है, जिसके कारण ग्रामीण अंचल के किसान व भू-धारक अब एसडीएम कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इसकी वजह से किसान व भू-धारक का समय व आर्थिक नुकसान हो रहा है एवं उसे मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ रही है। प्रदेश के अधिकतर किसान व भू-धारक आज इन्ही समस्याओं से घिरे हुए हैं, जिसके प्रदेश के किसानों व भू-धारकों में काफी रोष व आक्रोश व्याप्त है।

इस ध्यानाकर्षण के जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का वक्तव्य भी आ गया जिसके अनुसार यह कहना सही नहीं है कि राजस्व विभाग अंतर्गत जटिलता के कारण छोटी से छोटी त्रुटि या विभागीय चूक होने पर उसके सुधार के लिए किसान एवं भूमिस्वामी को राजस्व कार्यालय या अधिकारी के चक्कर सालो काटने पड़ते है। सही तथ्य है कि विभागीय अधिसूचना दिनांक 30 जनवरी 2024 द्वारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सभी राजस्व प्रकरण को शामिल कर लिया गया है, अविवदित प्रकरण के निपटारे के लिए 03 माह की समय-सीमा अधिसूचित की गई है एवं विवादित प्रकरण के निपटारे के लिए 06 माह की समय सीमा अधिसूचित की गई है। यह कहना सही नही है कि राजस्व अभिलेख ऑनलाइन करने के बाद समस्यायें कम होने की बजाय जटिलता बढ़ गई है या किसान एवं भू-धारक की परेशानियां बढ़ गई है। सही तथ्य है कि राजस्व अभिलेख ऑनलाइन करने के कारण, भूईयां के ऑनलाइन पोर्टल पर राजस्व अभिलेख का किसी भी व्यक्ति के द्वारा किसी भी स्थान से ऑनलाइन माध्यम से अवलोकन करने का विकल्प मिल गया है। ऑनलाइन पोर्टल पर डिजिटल हस्ताक्षरित प्रति ऑनलाइन माध्यम बिना किसी कार्यालय या अधिकारी के पास पहुंचे प्राप्त कर सकता है। यह कहना सही नही है कि धरातल स्तर के अधिकारी/ कर्मचारी का त्रुटि सुधारने का अधिकार विभाग द्वारा वापस ले लिया गया है जिसके कारण ग्रामीण अंचल के किसान व भू-धारक अब एसडीएम कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हो चुके हैं या आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक पीड़ा झेल रहे हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण

## जोन 10 के वार्ड 49 व 50 में केन्द्र सरकार, राज्य शासन की योजना से 167 लोग हुए लाभान्वित

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का दूसरा चरण प्रगति पर है। केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जानकारी देकर अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने नगर पालिक निगम जोन 10 के गुरू घासीदास वार्ड 49 की सिंधी धर्मषाला गली नंबर 5 एवं रानी दुर्गावती वार्ड 50 की सिंधी धर्मषाला बजाज कालोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण का शिविर दिन की पहली एवं दूसरी पाली में लगाया गया। शिविर की व्यवस्था का अवलोकन नगर निगम की वार्ड 49 की पार्षद मती शीतल कुलदीप बोगा ने पूर्व पार्षद लीलाधर चंद्राकर, जोन 10 जोन कमिष्नर दिनेष कोसरिया, कार्यपालन अभियंता आष शुक्ला, सहायक अभियंता फत्ते लाल साहू एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

## सुनील कुमार राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त नियुक्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय महानदी भवन के सहकारिता विभाग के उपसचिव पीएस सर्पराज द्वारा जारी आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के सेवानिवृत्त आईएएस 1986 बैच के सुनील कुमार कुजूर को राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे अपना कार्यभार ग्रहण तिथि से 11 अक्टूबर 2024 तक नियुक्त किये गये है। उक्त नियुक्ति छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 की धारा 50 -ख उक्त धारा 2 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है।

## चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिरीक्षक से की मुलाकात

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 15 फरवरी 2024 को चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने अमरेश मिश्रा , पुलिस महानिरीक्षक रायपुर से सौजन्य मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र हरचंदानी, मंत्री- नीलेश मुंधड़ा, राजेंद्र खटवानी, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## महापौर ने जोन 4 और 6 के वार्डों में पेयजल व्यवस्था, सड़क बत्ती दूरूस्त करने दिए निर्देश

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने नगर पालिक निगम जोन 4 और जोन 6 कार्यालय पहुंचकर सभापति एवं जोन 4 पदेन अध्यक्ष प्रमोद दुबे, जोन 6 जोन अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, एमआईसी सदस्य समीर अख्तर, आकाश तिवारी, पार्षद मती सरिता वर्मा, मती सरिता आकाश दुबे, मती नीलम नीलकंठ जगत, चंद्रपाल धनगर गुड्डू, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश कन्दोई, जोन 4 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा , जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियन्ता पद्माकर वास, अतुल चोपड़ा , राजस्व अधिकारी बलदाऊ वर्मा सहित जोन 4 एवं जोन 6 के सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक लेकर जोन 4 एवं 6 के कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। महापौर ने सभी पार्षदों से विकास कार्यो एवं जनसमस्याओं पर सुझाव मांगे । महापौर एजाज ढेबर ने जोन कमिश्नरों को वार्ड पार्षदगणों के सुझावों पर गर्मी में पेयजल वितरण व्यवस्था बेहतर बनाये रखने जुट जाने कहा. महापौर ने कहा कि किसी भी वार्ड में किसी भी नागरिक को गर्मी में पेयजल हेतु भटकना ना पड़े। महापौर ने जोन 6 जोन कमिश्नर को पार्षदगणों के सुझाव पर जोन के तहत एमआर कॉलोनी, टिकरापारा, महामाया मन्दिर क्षेत्र में गर्मी में पेयजल संकट का निदान सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है। महापौर ने जोन 4 जोन कमिश्नर को वार्डों में पार्षदगणों के सुझावों पर सड़क बत्ती व्यवस्था सुधारना प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया है। महापौर ने सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु उपाय प्रभावी तरीके से वार्डों में करवाने का सुझाव दिया है। महापौर ने नगर निगम के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दिये गये लक्ष्य अनुसार शत -प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है। महापौर ने वार्डों में मॉनिटरिंग कर अमृत मिशन के शेष बचे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करवाने एवं व्यवहारिक आवश्यकता के अनुसार पेयजल व्यवस्था के वार्डों में गर्मी में सुचारु संचालन हेतु पेयजल टैंकरों की पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित करवाने कहा है।

## वृद्ध विमर्श पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**रायपुर/नवप्रदेश।** मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर के हिन्दी विभाग द्वारा 'वृद्ध विमर्शः कल, आज और कल' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 16 एवं 17 फरवरी 2024 को किया जा रहा है। सामाजिक कर्तव्यों के निर्वहन की दिशा में कदम उठाते हुए वृद्धों के सम्मान के प्रति समाज में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ सहित देश के प्रसिद्ध साहित्यकार, विषय विशेषज्ञ तथा शोधार्थी व विद्यार्थीगण हिस्सा ले रहे हैं। इस संगोष्ठी में आमंत्रित अतिथियों के रूप में देश की वरिष्ठ महिला साहित्यकार अलका सरावगी और मनीषा कुलश्रेष्ठ सहित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला,वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेम भारद्वाज ज्ञानभिक्षु (दिल्ली), डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. सुशील त्रिवेदी, प्रो. आरएस कुरील उपस्थित रहेंगे। इस सेमीनार में देश के विषय विशेषज्ञों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों द्वारा वृद्ध विमर्श से संबंधित अनेक विषयों पर शोध पत्रों की प्रस्तुति की जाएगी। सेमीनार के उपविषयों में 'हिन्दी साहित्य में वृद्ध विमर्श', 'बदलते सामाजिक मूल्य एवं वृद्ध विमर्श', 'ऐतिहासिक परिदृश्य में वृद्ध विमर्श', 'भारत में वृद्धों की सामाजिक समस्या और समाधान', 'वृद्ध विमर्शः परम्परा और आधुनिकता का द्वंद', 'वृद्ध विमर्शः मनोवैज्ञानिक, पारिवारिक, आर्थिक, राजनैतिक और मूल्य आधारित आयाम', 'वृद्धों के वन को सुखमय बनाने में सरकार की भूमिका', 'वृद्ध व्यक्तियों के लिए कानूनी प्रावधान और योजनाएँ', 'विश्व में वृद्ध वन की समस्या और उनका निदान', '21 वी सदी का वृद्ध वनः त्रासदी', 'शहरी एवं ग्रामीण वृद्धों की समस्याएं एक विवेचन', 'हिन्दी साहित्य में प्रतिबिंबित वृद्धों की सामाजिक समस्याएं' 'समकालीन कविता में वृद्ध विमर्श', 'समकालीन हिन्दी कथा साहित्य में चित्रित वृद्ध वन समस्या', 'वृद्धावस्था और गैर सरकारी संगठनों की भूमिका' शामिल है। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में स्मारिका का भी विमोचन किया जाएगा। यह जानकारी हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने दी।

## नवा रायपुर प्रीमियर लीग 2024 के विजेताओं का सम्मान

**रायपुर/नवप्रदेश।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवम् शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में इंद्रावती भवन परिसर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग के विजेताओं को मुख्य अतिथि विजय बघेल, सांसद दुर्ग के करकमलों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवा रायपुर के शासकीय सेवकों द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का भव्य आयोजन भी किया गया। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस वर्ष एनपीएल टूर्नामेंट में विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालय एवम् मंत्रालय से 64 टीमों ने शामिल होकर इस गरिमाममय आयोजन के हर मुकाबला को काफी रोमांचक बना दिया था। एनपीएल के तहत क्रिकेट के अलावा कैरम, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन भी किया गया था। आगे उन्होंने बताया कि नवा रायपुर प्रीमियर लीग 2024 क्रिकेट विजेता एवं उप विजेता का पुरस्कार स्व. धनीराम देवांगन के स्मृति में पुत्र सत्येन्द्र देवांगन के सौजन्य से प्रदान किया गया। नवा रायपुर प्रीमियर लीग 2024 के अंतर्गत क्रिकेट पुरूष विजेता पुलिस मुख्यालय पी एच क्यू एवं उप विजेता पुरुष रायपुर पुलिस बल, क्रिकेट महिला विजेता खाद्य एवं औषधि प्रसाशन, उपविजेता महिला संचालनालय परिवहन विभाग को एनपीएल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय बघेल को कर्मचारियों की 4 सूत्रीय मांगों से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री से चर्चा कर शीघ्र समाधान कराने का आग्रह किया। जिसमें केन्द्र के समान देय तिथि से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, महंगाई भत्ता का लंबित एरियर्स की राशि का . पी.एफ खाते में समायोजन, वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुवा कमिटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने एवं सातवे वेतनमान के एरियर्स की अंतिम क़िस्त भुगतान शामिल है। मुख्य अतिथि विजय बघेल द्वारा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास में कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है।

## सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 को

**खरोरा / नवप्रदेश।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से राजधानी रायपुर में राज टॉकीज के सामने स्थित शहीद स्मारक भवन में 18 फरवरी (रविवार) को सुबह 10 बजे से सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक- युवतियों के लिए राष्ट्र स्तरीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अपने भावी वनसाथी की तलाश में छ.ग.सहित कई प्रांतो से बड़ी संख्या में प्रतिभागी अपने परिजनों के साथ राजधानी पहुंच रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे, अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया करेंगे।

## कलिंगा विवि में बसंत पंचमी पर माता पूजा



**रायपुर/नवप्रदेश।** कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा आज सुबह विश्वविद्यालय में स्थित देवी सरस्वती की दिव्य मूर्ति की पूजा करके वसंत पंचमी उत्सव मनाया गया। शंखनाद के साथ शुरू हुई पूजा में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य और छात्र रिसेप्शन में एकत्र हुए। धार्मिक मान्यता के अनुसार देवी सरस्वती की पूजा छात्रों के लिए एक लोकप्रिय त्योहार है।

शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के वन में इसका बहुत महत्व है क्योंकि देवी सरस्वती को ज्ञान की देवी के रूप में पूजा जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस शुभ दिन पर देवी सरस्वती की पूजा करने से ज्ञान का आशीर्वाद मिलता है। देवी सरस्वती की मूर्ति को फूलों और केले के पत्तों से खूबसूरती से सजाया गया था। पूजा, हवन किया गया और मिठाई का भोग लगाया गया। सभी पुरुष प्रतिभागियों ने पीले पारंपरिक कुर्ता पायजामा, महिलाओं ने पारंपरिक पीली साड़ी और सलवार सूट पहने हुए थे। समारोह में डॉ. लिन्सी रॉय, उप कुलसचिव, लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर, प्रभारी-छात्र कल्याण अधिष्ठाता, डॉ. ए विजयानंद, कुलानुशासक, डॉ. संव कुमार यादव, निदेशक खेल, डॉ. स्मिता प्रेमानंद, फैशन डिजाइनिंग विभाग की प्रमुख की उपस्थिति रही। सु प्रीति मनहर, मुख्य वार्डन गर्ल्स हॉस्टल, सभी बॉयज़ हॉस्टल के वार्डन- महेश साफी, उत्तम तारोने और सुनील नायक। सु नीतू सिंह, सु अनामिका शुक्ला, सु निकिता जोशी सहायक डीएसडब्ल्यू, शेख अब्दुल कादिर, डिप्टी डीएसडब्ल्यू, सु आयु कुचानवार, तोशन तारक, अंश बत्रा, हर्ष खरे, यूनुस रिज़वी, सु महक शर्मा, सु प्रीति और अन्य उपस्थित थे।

# संपादकीय

## बंगाल में जंगल राज की स्थिति

बंगाल में एक बार फिर बवाल मच गया है। बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि राशन घोटाले का आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके गुर्गे इस क्षेत्र की महिलाओं का कट्टे की नोंक पर यौन उत्पीड़न करते रहे हैं। उनकी इस कदर दहशत थी कि पीड़ित महिनाएं अपनी जुबान खोलने से भी डरती थी। बंगाल पुलिस महिलाओं की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कभी कोई कार्यवाही नहीं करती थी। उल्टे आरोपियों का बचाव करती थी। संदेशखाली की इस दिल दहला देने वाली घटना को लेकर अब भारतीय जनता पार्टी ने आंदोलन छेड़ दिया है। गौरतलब है कि शाहजहां शेख वही टीएमसी नेता है। जिसके खिलाफ जब ईडी ने राशन घोटाले मामले को लेकर जब जांच शुरू की थी और ईडी की टीम उसके घर पहुंची थी तो उसके उकसावे पर भारी संख्या में टीएमसी समर्थक गुंडों ने ईडी की टीम पर हमला कर दिया था। इससे ईडी के चार अफसर घायल हो गए थे। इस घटना के बाद से शाहजहां शेख फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है लेकिन पुलिस अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है। ऐसा माना जा रहा है कि वह बंगाल सरकार के संरक्षण में कहीं छिपा हुआ है या फिर बंगलादेश भाग गया है। उसके फरार होने के बाद अब संदेशखाली की महिलाओं ने मीडिया के सामने आकर अपनी आपबीती बताई है। पीड़ित महिलाओं के मुताबिक टीएमसी के गुंडे रात में गांव में आकर बहन बेटियों को कट्टे की नोंक पर उठाकर ले जाते थे और जो इसका विरोध करता था। उसके साथ मारपीट की जाती थी। महिलाओं के साथ ही नहीं बल्कि नाबालिग बच्चियों के साथ भी दुराचार किया जाता था। अब महिलाएं अपने ऊपर हुए अत्याचार के खिलाफ सड़कों पर उतर आई है और उनके समर्थन में भाजपा ने भी मोर्चा खोल दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छह सांसदों की एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। जिसमें पांच महिला सांसद हैं। यह कमेटी बंगाल जाकर घटना की जांच कर केन्द्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि बंगाल में जंगल राज कायम हो गया है। सरकार की सरपरस्ती में टीएमसी के गुंडे खुलेआम गुंडागर्दी पर उतारू हो गए हैं। और उनके खिलाफ शिकायत करने पर भी बंगाल पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करती है। बंगाल में टीएमसी विरोधी दलों के लोगों को चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा है। इसके पहले भी बंगाल में जब भी कोई चुनाव हुए हैं तो वहां टीएमसी समर्थकों ने जमकर हिंसा की थी। भाजपा ही नहीं बल्कि कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भी हमले किए गए थे और टीएमसी विरोधी मतदाताओं को भी इस कदर प्रताड़ित किया गया था कि वे बंगाल से पलायन के लिए बाध्य हो गए थे। संदेशखाली की घटना से यह स्पष्ट हो गया है कि बंगाल में अराजकता का माहौल निर्मित हो रहा है और अब केन्द्र सरकार को बंगाल में जंगल राज को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाना चाहिए।

# सेवा की विरासत को श्रद्धांजलि!

सुषमा स्वराज की जयंती के अवसर पर, भारत अपनी सबसे प्रिय नेताओं में से एक सुषमा स्वराज को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। अपने शानदार करियर के दौरान, सुषमा स्वराज ने अपने अथक समर्पण, सरल व्यक्तित्व और अविस्मरणीय मुस्कान के लिए व्यापक प्रशंसा अर्जित करते हुए, लाखों भारतीय नागरिकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी। उनकी साधारण शुरुआत से लेकर उनकी महान उपलब्धियों तक, उनकी यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी हुई है।

सुषमा स्वराज का करियर दशकों तक चला, जो उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और सार्वजनिक सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से चिह्नित है। 14 फरवरी, 1952 को अंबाला, हरियाणा में जन्मी, उन्होंने देश की सेवा करने की उत्कट इच्छा से प्रेरित होकर, कम उम्र में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। अपने असाधारण वक्तृत्व कौशल और अटूट समर्पण के साथ, वह तेजी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में उभरीं और इसके सबसे प्रमुख नेताओं में से एक बन गईं।

2014 से 2019 तक भारत के विदेश मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल, विदेश में भारतीय नागरिकों की चिंताओं को दूर करने के प्रति एक सक्रिय और दयालु दृष्टिकोण को दिखता है। सुषमा स्वराज ने विदेशी भूमि में फंसे संकटग्रस्त भारतीयों की शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए व्यापक प्रशंसा अर्जित की। चाहे वह संघर्ष क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों को निकालने की सुविधा प्रदान करना हो या संकट में फंसे लोगों को सहायता प्रदान करना हो, वह अनगिनत परिवारों के लिए आशा और आश्वासन की किरण बनकर उभरीं।

अपने कूटनीतिक प्रयासों से परे, सुषमा स्वराज की उल्लेखनीय सहानुभूति और पहुंच ने उन्हें आम भारतीय नागरिकों में प्रिय बना दिया है। उच्च पद पर आसीन होने के बावजूद, वह अपनी बातचीत में दृढ़ रहीं और अक्सर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचती रहीं। नागरिकों के साथ उनके सक्रिय जुड़ाव ने उन्हें ÷पीपुल्स मिनिस्टर की उपाधि दी, क्योंकि उन्होंने उनकी चिंताओं को दूर करने और उनकी कठिनाइयों को कम करने के लिए अथक प्रयास किया।

सुषमा स्वराज की विरासत पर बात करते हुए, एक राजनीतिक विश्लेषक, रिदम वाघोलिकर टिप्पणी करते हैं, ÷सुषमा स्वराज सिर्फ एक राजनीतिज्ञ नहीं थीं; वह आशा और करुणा का प्रतीक थीं। जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़ने की उनकी क्षमता, उनकी पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना, वास्तव में उल्लेखनीय थी। वाघोलिकर ने स्वराज के स्थायी प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, उनकी नेतृत्व शैली में समावेशिता और सहानुभूति की विशेषता थी। वह व्यक्तियों और समुदायों को सशक्त बनाने, उनके उद्देश्यों और आकांक्षाओं का समर्थन करने में विश्वास करती थीं। वह सचमुच बदलाव की चैंपियन थीं। रिदम वाघोलिकर आगे कहते हैं, 'संकट के समय में, सुषमा स्वराज के त्वरित और निर्णायक कार्यों ने देश और उसके नागरिकों की सेवा के प्रति उनके अद्वितीय समर्पण को प्रदर्शित किया।' उन्होंने आगे कहा, ÷सुषमा स्वराज की विरासत नेतृत्व में करुणा और अखंडता की परिवर्तनकारी शक्ति के प्रमाण के रूप में कार्य करती है। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए एक शानदार उदाहरण पेश किया और हम सभी को निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने के महत्व की याद दिलाई।''

खुद सुषमा स्वराज के शब्दों में, अगर आप मंगल ग्रह पर भी फंस गए हैं तो वहां भारतीय दूतावास आपकी मदद करेगा।

# धीमी...पर सतत मेहनत से भारती कोसे ने पाया ऊंचा मुकाम

लड़कियों की रोल माडल बनी डगमग से दो पग जिनसे नापा सर्वोच्च शिखर भारती कोसे पिता ओंकार कोसे रतलाम के छोटे से शहर से निकली एक मासूम सी लड़की जिसने अपने प्रतिभा और परिश्रम के बल पर सात समंदर पार जाकर अपनी सफलता की यात्रा की शुरूआत की :

रतलाम के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल से के. जी . की पढ़ाई करना शुरू की और उच्च शिक्षा के लिए कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के क्षेत्र का चुनाव किया। उसके उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कालेज कैंपस से ही उनका भारत की मल्टीनेशनल कंपनी टीसीएस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर सिलेक्शन हुआ जो उनके मनपसंद करियर का आगाज था।

नौकरी के साथ-साथ उसने कुछ जीवन में नया और बेहतर करने का प्रण लिया। अपने बूते ही विदेश से आईटी के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सेल्फ स्टडी से विविध कठिन परीक्षाएं नौकरी के साथ-साथ पास करने की तैयारी शुरू की। मध्यम वर्गीय परिवार की होने के बाद भी उसने आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए हिम्मत नहीं हारी और बिना किसी कंसल्टेंसी की मदद के स्वयं के प्रयासों से ही जी आर ई, टॉफेल, और आईईएलटीएस जैसी परीक्षाएं पास की तथा वीजा, लोन आदि प्रक्रियाओं को भी स्वयं ही पूरा किया। उसने अपने कठिन प्रयासों के फलस्वरूप अपना लक्ष्य नार्थ अमेरिका (कनाडा) की उत्कृष्ट पब्लिक यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ ओटावा में एम. एस. ( मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट) की पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री में प्रवेश ले ही लिया।

उसके परिवार के इतिहास में पहली बार किसी बच्चे ने सात समंदर पार जाकर अपना करियर बनाने के लिए संघर्ष की शुरुआत की और परिवार को गौरवान्वित किया। यहां से उसका असली संघर्ष शुरू हुआ जिसमें उसकी प्रतिस्पर्धा विश्व के प्रतिभाशाली छात्रों के साथ थी। उसने कठिन परिश्रम से उत्कृष्ट अंकों के साथ ऑनर्स की पीजी डिग्री हासिल की । अंततः पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद असली सफलता तब मिली जब उसका चयन विश्व की बिगेस्ट ऑफ़ द बिग फोर कंसलटिंग फर्म-Deloitte में SAP, IAM Specialist Cyber security के पद पर हुआ । जहां पर उनके कठिन परिश्रम एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें कई प्रशस्तियां एवं पुरस्कार प्राप्त हुए। अभी भी उनके ज्ञान और अनुभव का जुनून उन्हें निरंतर ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है। एक छोटे शहर की लड़की द्वारा एक विकसित राष्ट्र जहां अंग्रेजों एवं अंग्रेजी का वर्चस्व है, वहां से शिक्षा प्राप्त करके अंग्रेजों के बीच अंग्रेजी माहौल में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया निश्चित ही यह कोई आसान कार्य नहीं था। अब हमारी बेटियां भी प्रतिभावान बेटों की तरह अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर पाश्चात्य जगत की उत्कृष्ट यूनिवर्सिटियों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर रही है और वही आईटी जैसे क्षेत्र में नौकरी भी हासिल कर अंग्रेजों को लीड भी कर रही है। यह वाकई गर्व की बात है भारत में यह महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण भी है। भारती का आई टी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सफलता हासिल करना भारत की बेटियों में आत्मविश्वास भरने का काम करेगा ।लड़कियों के माता-पिता को भी लड़कियों को आगे बढ़ाने में भरपूर मदद करना चाहिए बेशक दुनिया में लड़कियों को संघर्ष करके आगे बढ़ाना कोई आसान कार्य नहीं है।

# छत्तीसगढ़ में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। वहीं छत्तीसगढ़ जैसे छोटे से राज्य का देश की सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाओं वाले दस राज्यों की सूची में शामिल होना छत्तीसगढ़ के लिए भी गंभीर चिंता की बात है। पिछले दिनों सड़क सुरक्षा परिदृश्य संबंधी समीक्षा बैठक में इस मुद्दे पर चिंतन किया गया। इसमें न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कारगर कदम उठाए जाने चाहिए। जिस परिवार के सदस्य की सड़क दुर्घटना में मौत होती है। उसका परिवार ही इस दुख को समझ पाता है। इस समीक्षा बैठक में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा और राजनांदगांव जिलों में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। जिसकी मुख्य वजह यातायात नियमों का उल्लंघन करना है। शराब के नशे में वाहन चलाने से भी अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। बहरहाल समीक्षा बैठक के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क सुरक्षा के मामले में गंभीर प्रयास करेगी और कारगर कदम उठाएगी। इसके लिए यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। अभी देखा जा रहा है कि यातायात पुलिस का भारी भरकम महकमा सिर्फ सड़कों पर वसूली अभियान में लगा रहता है। टारगेट पूरा करने के लिए दुपहिया और छोटे वाहनों को ही निशाना बनाया जाता है। जबकि बस और ट्रक जैसे हैवी वाहन खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उठाते रहते हैं। और खूनी रफ्तार से सड़कों पर दौड़ते रहते हैं। ऐसे बड़े वाहनों के कारण ही ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए हैवी वाहनो के खिलाफ यातायात विभाग को बड़ा अभियान चलाना होगा। तभी बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और छत्तीसगढ़ देश के सर्वाधिक सड़क दुर्घनाओं वाली दस राज्यों की सूची से बाहर निकल पाएगी। सड़क पर लोग सुरक्षित महसूस कर पाएंगे और छत्तीसगढ़ सड़क सुरक्षा के मामले में देश का आईडियल राज्य बन पाएगा। देखना होगा की समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय को शासन प्रशासन कितनी गंभीरता से अमलीजामा पहनाने में सफल हो पाता है।

# पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### चलो कुछ राज लिखते हैं

चलो कुछ राज लिखते है लिपि बंद जबान लिखते है। - चलो कुछ राज लिखते है, लिपी बंद जबान लिखते है, अदाकार हम भी कम नही, गम पर मुस्कान लिखते है। चलो इश्क किताब लिखते है, अब रंग बेहिसाब लिखते है, वफादार हम भी कम नही, पर इन्दु मे बस दाग दिखते है।) **इंदू वत्स**

### मा तो यारो मा होती है

मा तो यारो मा होती है हर बच्चे की जां होती है। -माँ तो यारों माँ होती है, हर बच्चे की जाँ होती है, तपती गर्म दुपहरी में वो, पीपल जैसी छाँ होती है, उसके आँचल के सायें में, मेरी सुबहें शाम होती है, कतरा कतरा खून जलाकर, मुझे हंसाती खुद रोती है, माँ तो यारों माँ होती है, हर बच्चे की जाँ होती है।

**जे डी कुदाल**

खास पाती

### हम मांगे हक का एकांत

हम मांगे हक का एकांत बसंत हवा में तैर रहा। हम मांगे हक का एकांत, बसंत हवा में तैर रहा, तैलीय गन्ध जो सरसों की, धरा, सूर्य पौधे खिल उठे हैं, मांग रहे हक का एकांत, चील के पँखों की गति भी, जाने क्यों आज तेज है! झटक दिए कोहरे के ढंग, उड़ गए बगुले के रंग, तितली, घुघूती , टिटेहरी मटक रही, ठंडे संतरे खिल उठे हैं, हरी झंडी दिखाता पालक, लाल बत्ती सी मूली दिखती, फूल भी कैसे फूल रहे, मूर्छित पड़ी है, जाड़े की रात, कह बैठूं मैं मन की बात, धूप को मल कर मैं तो आज, खिली ज्यों सरसों सजी खड़ी। **मेनका त्रिपाठी**

### इश्क में दिवानगी की कोई हद नहीं होती

इश्क़ में दीवानगी की कोई हद होती नहीं, नफ़रतों में दुश्मनी की कोई हद होती नहीं, सोच में आवारगी की कोई हद होती नहीं, ये भी सच है शायरी की कोई हद होती नहीं, चैन से रहने नहीं देती हमें ये ख़ुवाहिशें, ज़िंदगी में तिश्नगी की कोई हद होती नहीं, सोचिए क्या हश्र होता इस जहां का दोस्तो, जो हमारी ज़िंदगी की कोई हद होती नहीं, कोशिशें मत कीजिए महदूद करने की इसे, ज्ञान की इस रौशनी की कोई हद होती नहीं। **अजय अज्ञात**

### सीने से घटा उट्ठे आँखों से झड़ी बरसे

सीने से घटा उट्ठे आँखों से झड़ी बरसे, फागुन का नहीं बादल, जो चार-घड़ी बरसे, बरखा है ये भादों की, बरसे तो बड़ी बरसे, दरवाज़ा खुला रखना। **किरण मिश्रा**

### हुस्न का सम्मान बेशक कुछ संवर जायेगा

हुस्न का सम्मान बेशक कुछ सवंर जायेगा, इश्क़ के दरिया में मेरे गर उतर जायेगा। जब समंदर प्यार करता है मेरी कश्ती से, तो रगों से बेरहम लहरों का डर जायेगा । मैं चराग़ों की हिफ़ाज़त के लिए बैठा हूँ, देखें अब कुनबा हवाओं का किधर जायेगा। मै दरख्तों के दुखों को अब समझता हूँ,गर, वे कटेंगे खूब तो सब कुछ बिखर जायेगा। वक़्त की गाडी नहीँ रुकती कभी भी दानी, वक़्त का क्या है गुज़रता है गुज़र जायेगा। **संजय दानी**

### उल्फतों का सैलाब उमड़ा

उल्फ़तो का शैलाब उमड़ा है ,आज मेरे जिस्म से जान निकली है , तुम्हारा यु बेबात चले जाना , आज मेरे मन में एक सवाल निकला है , यु तो मैं राह-ए-गुजर पर मुसाफिर सा हूँ , फिर भी आज अपने नसीब पे खुदा के लिए इन्कलाब निकला है **नमन कुमार मिश्रा**

### ख्वाबों में मिलते रहे ताउम्र

ख्वाबों में मिलते रहें ताउम्र कभी सच में मिल जाओ, तो करम हो, रूहें तो लिपटी रहीं ताउम्र, कभी सीने से लगाओ, तो करम हो, माना कि जिस्मों को नही वास्ता कोई, नजरो की भूख मिटा दो, तो करम हो, रुखसती का वक्त मुकर्रर हो शायद, बस एक बार गले लगा लो, तो करम हो। **प्रीति श्रीवास्तव**

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली/वार्ता।** 1918 में 16 फरवरी के दिन ही लुधियाना ने खुद को स्वतंत्र घोषित किया था। 1969 में आज ही के दिन मिर्जा गालिब की 100वीं पुण्यतिथि पर डाक टिकट जारी किया गया था। 1959 में 16 फरवरी के दिन ही राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रों ने फुलगेनसियो बतिस्ता को हारकर क्यूबा की सत्ता संभाली। 1982 में आज ही के दिन जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार कलकत्ता में किया गया था। 1986 में 16 फरवरी के दिन ही मेरिओ सोरेस पुर्तगाल के प्रथम असैनिक राष्ट्रपति चुने गए थे। 1987 में आज ही के दिन पनडुब्बी से पनडुब्बी पर मार करने की क्षमता वाले मिसाइल को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। 1990 में 16 फरवरी के दिन ही सैम नुजोमा नामीबिया के पहले राष्ट्रपति चुने गए थे। 2001 में आज ही के दिन इराक पर अमेरिकी व ब्रिटिश विमानों का हमला हुआ था। 2008 में 16 फरवरी के दिन ही पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मिराज विमान से हादसा हो गया था। 2008 में आज ही के दिन मध्य प्रदेश शासन द्वारा पार्श्व गायक नितिन मुकेश को लता मंगेशकर पुरस्कार दिया गया था।

## आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:07, सूर्यास्त : 06:15, चन्द्रोदय : 10:20, चन्द्रास्त : 24:13, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय),ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : भरणी, योग : ब्रह्म, प्रथम करण : तैतिल (10:12 तक), द्वितीय करण : गर (21:28 तक)

**॥ गोचर ग्रहाः ॥**

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मेष, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**

अभिजित मुहूर्त : 12:09 से 12:53, अमृत काल : 28:06 से 29:40, सर्वार्थसिद्धि योग : 06:58 से 09:26, रवियोग : 06:58 से 09:26, विजय मुहूर्त : 14:22 से 15:07,गोधूलि मुहूर्त : 18:02 से 18:28, सायाह्न सन्ध्या : 18:05 से 19:22, निशिता मुहूर्त : 24:04 से 24:56, राहुकाल : 13:39 से 15:18, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:58 से 08:21, होमाहुति : बुध (09:26 से शुक्र), दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पृथ्वी (10:12 तक), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : नन्दी पर (10:12 से भोजन में)।

## QUIZ TIME

1) किसने सर्वप्रथम यह बताया था कि पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने के कारण प्रतिदिन सूर्योदय और सूर्यास्त होता है?

2) अफ्रीका स्थित कौन-सा नदी मकर रेखा को दो बार पार करती है?

3) कुतुबुद्दीन अपनी उदारता के कारण किस नाम से पुकारा जाता था?

4) भारतीय संसद की सबसे बड़ी समिति कौन-सी है?

5) अक्टूबर 2023 में सरस्वती सम्मान 2022 प्राप्त करने वाले शिवशंकरी किस भाषा के प्रसिद्ध लेखक है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) आर्यभट्ट (2) लिम्पोपो नदी (3) लाखबख्शी (4) प्राक्कलन समिति (5) तमिल

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेषः** आज का दिन आपको कोई नई खुशी देकर जाएगा। धन लाभ उम्मीद ना होने पर भी अकस्मात होगा।

**वृषः** आज दिनचार्य संघर्ष वाली रहेगी। किसी से लिये उधार अतिशीघ्र वापस करने का प्रयास करें।

**मिथुनः** आज का दिन वैसे तो आपके लिये कुछ ना कुछ लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है जिसका पछतावा लंबे समय तक रहेगा।

**कर्कः** आज का दिन आपके लिये अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है।

**सिंहः** आज का दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज एक समय मे मन दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी।

**कन्याः** आज के दिन मन कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा। शारीरिक सामर्थ्य भी आज कम ही रहेगा फिर भी जबरदस्ती करेंगे।

**तुलाः** आज का दिन मिश्रित फल प्रदान करेगा। कभी लाभ होता नजर आएगा अगले पल निराश होने पड़ेगा।

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

**धनुः** आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेंगे। व्यवहार में सुधार करेंगे मीठा बोलकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेंगे।

**मकरः** आज बचते बचते कलह होने की संभावना है आज स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है।

**कुंभः** आज का दिन धैर्य से बिताने में ही भलाई है। आज केवल आश्वासनो से ही काम चलाना पड़ेगा।

**मीनः** आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा। आज आप की कार्य गति थोड़ी धीमी रहेगी कोई भी कार्य एकदम सर पर आने पर ही करेंगे।

## शब्द सागर

### शब्द सामर्थ्य -335

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 334 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## न्यूज गैलरी

### 25 तक राशनकार्ड नवीनीकरण

**भिलाईनगर।** राशन कार्ड का नवीनीकरण का कार्य 25 फरवरी तक बढ़ाया गया है, जिसके लिए हितग्राही को उचित मूल्य दुकान में अथवा खाद्य विभाग के वेबसाईट में उपलब्ध राशन कार्ड नवीनीकरण एप को अपने एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर नवीनीकरण का कार्य कर सकते है। सीमा क्षेत्र में जारी एपीएल राशन कार्ड 43062, सामान्य परिवार तथा बीपीएल श्रेणी के कुल 83746 राशन कार्डधारी परिवार है। जिसमें अंत्योदय कार्ड, निराश्रित कार्ड,अन्नपूर्णा, प्राथमिकता निःशक्तजन के कार्डधारी शामिल है। इसमें गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 59828 परिवार भी शामिल है। इन सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण करना होगा। 80606 राशन कार्ड का अभी भी नवीनीकरण शेष है। जिसे 25 फरवरी तक पूर्ण करना होगा। जिसके लिए नगर पालिक निगम द्वारा मुनादी करा कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

### पालिका को सौंपा ज्ञापन

**कुम्हारी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित खारुन ग्रीन्स कॉलोनी की समस्याओं को लेकर महिलाओं ने कुम्हारी पालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है जिनमे कॉलोनी के दोनों मुख्य द्वार पर कॉलोनी को इंगित करते हुए सांकेतिक बोर्ड लगाने की मांग की है साथ ही कॉलोनी के दोनों छोर से 400 मीटर की दूरी पर किसी भी प्रकार के ठेले व खोमचे की दुकानें नही होनी चाहिए। चूंकि राष्ट्रीय राजमार्ग के सामने इस तरह कि दुकानें लगने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व हुए एक दुर्घटना में एक लड़के को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। दुकानों की वजह से सड़क के किनारे भीड़ की स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है जो की बेहद खतरनाक है। उक्त ज्ञापन खारुन ग्रीन्स सिटी रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसियन की अध्यक्ष श्रीमती मंजूलता तिवारी, उपाध्यक्ष स्मिता रघाटाटे एवं सचिव श्रीमती तृप्ति चंद्राकर द्वारा सौपी गई।

# न्यायालय के आदेश पर उपपंजीयक सहित 4 के विरुद्ध अपराध दर्ज

नव प्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** पार्टनरशिप डीड में शर्तो का उल्लंघन करके जमीन का विक्रय करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर दुर्ग थाना पुलिस ने रजिस्ट्री कार्यालय के उपपंजीयक देवराज साव व भागीदारों गुरुनानक नगर निवासी अटल गोदवानी व सिंधी कालोनी निवासी विकास माखीजा एवं रवि केवलतानी के विरुध्द धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत अपराध पंजीबध्द किया है। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश कोटवानी, अटल गोदवानी, विकास माखीजा, रवि केवलतानी व प्राणुतोष दुबे ने जमीन के कारोबार हेतु पार्टनरशिप डीड बनायी थी उसमें शर्ते नियत कर उसे उप पंजीयक कार्यालय से पंजीकृत कराया था जिसके अनुसार पांचों भागीदार व नियम व शर्तो का पालन करने वचनबद्ध थे। नियम शर्तो की कंडिका 16 में किसी भी प्रकार का वाद निर्मित होने पर या किसी वाद या विवाद की स्थिति पूर्व या पश्चात् से निर्मित होने पर प्रथमतः वाद का निराकरण आपस में आरबीट्रेटर की नियुक्ति व आपसी सहमति से करना था। इस मामले में ओमप्रकाश कोटवानी पोलसायपारा दुर्ग के संज्ञान में जमीन के विक्रय करने संबंधित वाद का मामला आया । उन्होंने इसके निराकरण के लिए पांचों भागीदारों के समक्ष इस विषय को मौखिक रुप से रखा निराकृत नहीं होने पर ओमप्रकाश कोटवानी ने विधि अनुसार उप पंजीयक कार्यालय जाकर 22 अप्रैल 2022 को शासकीय नियमानुसार 250 रु. की रसीद कटाकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत की। ओमप्रकाश कोटवानी के संज्ञान में आने के बावजूद अटल गोदवानी विकास माखीजा व रवि केवलतानी ने षडयंत्र रचकर उसे क्रियान्वित करते हुए देवराज साव नामक उपपंजीयक से आपसी सांठगांठ कर उन्हें षडयंत्र में शामिल कर 28 दिसंबर-22 को विक्रय पत्र पंजीकृत किया। ओमप्रकाश कोटवानी ने भागीदारों व उपपंजीयक से पुनः मुलाकात कर मौखिक रुप से आपत्ति की लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज कर दिया। ओमप्रकाश कोटवानी ने न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंकिता गुप्ता न्यायालय में अनावेदक गणों के विरुध्द दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत अधिवक्ता उज्जवल पचकौड़े के माध्यम से प्रकरण प्रस्तुत किया। प्रकरण में माननीय न्यायालय ने उपपंजीयक व भागीदारों के विरुध्द अपराध पंजीबध्द करने का आदेश दिया। इनके विरुध्द धारा 420 व 34 भारतीय दंड विधान के तहत अपराध पंजीबध्द किया है।

### आजीवन कारावास की सजा, 2 रेपिस्ट जेल

जिले में अलग-अलग 3 आरोपियों को सजा मिली है। जिसमें हत्या के एक आरोपी को आजीवन कारावास और रेप के 2 आरोपी को 1-1 की सजा सुनाई है। थाना पुलगांव आरोपी मोहित ठाकुर को माननीय भानू प्रताप सिंह त्यागी न्यायालय/अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा धारा 302 भादवि में दोषसिद्ध कर अजीवन सश्रम कारवास एवं 1 हजार का अर्थदण्ड। वही थाना नेवई के आरोपी सोनू राव उर्फ मधाव को माननीय श्रीमति सरितादास न्यायालय/अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) धारा 354 भादवि में दोषसिद्ध कर 03 वर्ष सश्रम कारवास एवं 1 हजार का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी। थाना सुपेला के आरोपी रोहित सैनी उर्फ चीकु को माननीय श्रीमति संगीता नवीन तिवारी न्यायालय/अपर सत्र न्यायाधीश (एफ्टीसी) दुर्ग के न्यायालय द्वारा धारा 366 भादवि में दोषसिद्ध कर 01 वर्ष सश्रम कारवास एवं 5 सौ का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# 120 की रफ्तार में भाई-बहन को कुचला, हालत गंभीर

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** नेहरू नगर में बुधवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमे शराब के नशे में चूर एक रईस जादे ने तेज रफ्तार कार चलाते हुए भाई बहन को अपनी चपेट में ले लिया और कार ट्रांसफार्मर से जा टकराई। इस एक्सीडेंट में युवक का लगभग टूटकर अलग हो गया वही उसकी बहन की भी गंभीर चोटें आई है। आरोपी हर्ष जैन दुर्ग के मॉर्डन पटाखा कारोबारी अनीश जैन का बेटा है। वहीं, घायल भाई-बहन आपनेता मेहरबान सिंह के भतीजे-भतीजी हैं। जानकारी के अनुसार एक युवक ने शराब के नशे में एसयूवी कार से बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। इसके बाद

कार ट्रांसफार्मर से जा टकराई। हादसे में घायल भाई-बहन की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चालक नशे में था। टक्कर से बाइक सवार निखिल सिंह का बायां पैर कटकर लटक गया। वहीं दाहिना पैर टूट गया। युवती सरनजीत के सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोट आई है। दोनों घायलों को तुरंत एंबुलेंस से स्पर्श हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उन्हें ढूष्ट में भर्ती कराया गया है। रात करीब 11 बजे नेहरू नगर स्थित कैलाश पर्वत रेस्टोरेंट के पास दुर्ग का रहने वाला हर्ष जैन अपनी कार सीजी 07 बीवी 5678 सवार था। कार काफी तेज रफ्तार में था जिसके चलते वो काबू खो बैठा और हादसा हो गया।हर्ष तेज रफ्तार में नेहरू नगर चौक की तरफ से केपीएस स्कूल की तरफ आया। मोड़ पर उससे गाड़ी नहीं संभली। उसी समय रायपुर नाका सिंधी कॉलोनी दुर्ग का रहने वाला निखिल सिंह (21) अपनी बहन सरनजीत कौर (18) के साथ कैलाश पर्वत रेस्टोरेंट से निकल रहा था। हर्ष ने अपनी तेज रफ्तार कार से बाइक सवार दोनों भाई-बहन को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सीजी 07 एलडब्लू 7740 को लगी तेज टक्कर से दोनों भाई-बहन हवा में 10 फीट तक उछल गए। दोनों हादसे में गंभीर रू से घायल हैं इसके बाद आरोपी की कार रेस्टोरेंट के पास लगे ट्रांसफॉर्मर से जा टकराई।

# 19 हितग्राहियों को मिला आवास

नव प्रदेश संवाददाता

**रिसाली।** निगम के लक्ष्मीनगर, प्रदिप्ति नगर व मैत्रीकुंज में बने प्रधानमंत्री आवास का आवंटन लॉटरी निकालकर गुरुवार को किया गया। वरिष्ठ नागरिक होते आवेदन प्रस्तुत करने वाले हितग्राही को भूतल में आवास मिला। रिसाली महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में 19 हितग्राहियों को आवास आवंटन किया गया। मोर मकान मोर आस घटक के तहत नगर पालिक निगम रिसाली के लक्ष्मीनगर में बने आवास का आवंटन आयुक्त आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। हितग्राहियों की संख्या कम होने की वजह से 19 आवास का लाटरी निकाली गई। महापौर की अध्यक्षता में निकाली गई लॉटरी में हितग्राहियों ने स्वयं आवास क्रमांक की पर्ची निकाली। दो हितग्राही ऐसे थे जो वरिष्ठ नागरिक और बीमार थे। उसे ग्राऊंड फ्लोर में आवास मिला। इस अवसर पर महापौर ने रिसाली निगम में हुए आवास आवंटन के लिए हितग्राहियों को बधाई दी। प्रक्रिया में विशेष रूप से महापौर परिषद के सद्स्य अनुप डे, पार्षद सरिता देवांगन,विधि यादव, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे, निगम सचिव रोहित साहू, प्रधानमंत्री आवास के आदित्य शर्मा, राजकुमारी बघेल आदि उपस्थित थे।

निगम क्षेत्र में बने आवास के लिए आम नागरिकों से आवेदन मांगे गए है। लक्ष्मी नगर में 16, प्रदिप्ती नगर में 299, व मैत्री कुंज में 113 आवास उपलब्ध है। इन आवास का लाटरी निकालना शेष है।

**इन्हे मिला आवास :** आशमा खातून, नवीता जैन, बीना जोशी, भारती, अंजु, गीता देव बर्मन, टिकेंद्र कुमार साहू, संतोष सिंह, विजय कुमार गुप्ता, अशोक दुबे, सूरज डे, शिव शंकर प्रसाद, शिल्पा यादव, रिंकू सिंह, कीर्ति साहू,कविता सिंह, डोमिन कुंभकर, नेहा सिसोदिया।

# माताओं की मृत्यु दर कम करने स्त्री रोग विशेषज्ञों व नर्सिंग स्टॉफ को बताए तरीके

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्मृति मेडिकल कॉलेज कचाँदूर दुर्ग के स्किल लैब में में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे प्रसव (जचकी) के बाद होने वाले अत्यधिक रक्त श्राव ( पोस्ट पार्टम ब्लीडिंग) के कारण होने वाली माताओ की मृत्यु की दर को कम करने के प्रयास में स्त्री रोग विशेषज्ञयो व नर्सिंग स्टॉफ को विस्तृत जानकारी दी गई। दुर्भाग्य वश कई बार जचकी के बाद जननी माँ की अकाल मृत्यु हो जाती है जिसकी दर 137/100000 की है जिससे नवजात बच्चे से माँ छिन जाती है जो कि बेहद दुखद होता है। चदुलाल चंद्राकर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के स्त्री रोग विभाग प्रमुख डॉ अंजना चौधरी के निर्देशन में डॉ शिखा कश्यप व डॉ श्वेता रानी प्रसाद ने अपने व्याख्यान में बताया कि इस मृत्यु दर (मातृ मृत्यु दर) में जचकी के दौरान कुछ सावधानियां रखने और कुछ विशेष दवाओं की उचित मात्रा में प्रयोग करने से इस भयावह दुर्घटना से बचा जा सकता है। सामान्य तौर पर ये रक्त स्त्राव या जचकी के बाद बच्चे दानी से प्लेसेंटा और नाल बाहर निकलने के लिए न सिकुड़ने से होता है और इतना ज्यादा खून बह जाता है कि प्रसूता की मृत्यु भी हो सकती है या तुरंत बड़ा ऑपरेशन कर बच्चा दानी ही निकालना पड़ सकता है। छतीसगढ़ में बने विश्व स्तरीय बलून टैम्पोनाड उपकरण का प्रदर्शन किया और उसे आसानी से उपलब्ध चीज़ो से सिर्फ़ लगभग 100 रु में निर्मित करने का प्रशिक्षण भी दिया गया जिससे स्टॉफइंटरन डॉक्टर या स्टॉफ नर्स इसे आसानी से बना सकें और प्रसूता माँ के जीवन की रक्षा की जा सके।

# बाबा की बारात में बाराती बनेंगे लाखों श्रद्धालु

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** पूरे प्रदेश में महाशिवरात्रि पर सबसे भव्य भोले बाबा की बारात भिलाई में निकलती है। ऐसा भी दावा है कि मध्यभारत का ऐतिहासिक कार्यक्रम भिलाई में ही होता है। इस साल आयोजन में चार चांद लग जाएंगे। क्योंकि बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। माना जाता है कि भोले बाबा की बारात में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं जो बाराती बनकर झूमते हैं और नाचते हैं। प्रदेशभर में 31000 आमंत्रण कार्ड बांटने का फैसला लिया गया है। इसकी शुरुआत होने वाली है। महिलाओं ने कार्ड वितरण से पहले हल्दी-चावल लगाना शुरू कर दिया है। इसे शुभ माना जाता है। आयोजक व बोल बम समिति के अध्यक्ष, नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि, 8 मार्च को भोले बाबा की बारात निकलेगी। हथखोज इंदिरा नगर से बाबा की बारात निकाली जाएगी। भोले बाबा की बारात व्यवस्थित व भव्य रूप से निकालने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया है। महिलाएं पीला चावल और हल्दी-कुमकुम कार्ड में लगा रही हैं। महिलाओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है।

### कार्ड वितरक महिला समिति

दया सिंह ने बताया कि बारात के कार्ड वितरक महिला समीति में मंजू मिश्रा, प्रभा सिंह, मधु कुमारी, पुष्पा सिंह, हेमलता बिसाई, लक्ष्मी चौहान, पुष्पा राव, राज कली देवी, बेबी शर्मा, बिलोतिन जायशवाल, शुशीला देवी, राधा देवी, नीतू गुप्ता, तारिणी शर्मा, रजविन्दर कौर, अनीमा शाहा, माया दास, प्रीती शर्मा, बबली समा, दिशा, अंजली पटेल, लक्ष्मीदेवी, सेवती, गुहियादेवी, सुभद्रा, सरस्वती, सुल्लावती, श्रीमति, सोहिला, देविका बाई, दुलेश्वरी वाई, सती बाई, कमला, तारा, विभा देवी, पूजा, रिंकी पटेल, गुरुमती, अन्नू बघेल, शकुन्तला शर्मा, रानी, मीरा जायसवाल, पी लता, पी नंदिनी, प्रेमा तिवारी, मुन्नीदेवी, ज्योति चौधरी, संगीता आदि शामिल है।

# जनआक्रोश का सड़क सुरक्षा अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** जिला पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र शुक्ला, उपपुलिस अधीक्षक सतीश ठाकुर के मार्गदर्शन एवं टीआई की टीम के सहयोग से आज जनआक्रोश संस्था भिलाई-दुर्ग द्वारा सेक्टर 6, कोतवाली थाने के सामने सेंट्रल एवेन्यू रोड, भिलाई मे वाहन चालको को वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमो की जानकारी दी गई। जिसमे गति नियंत्रण, हेल्मेट का उपयोग, सीट बेल्ट लगाना, गाडी चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करना, लालबत्ती पर रुकना, नशा करके वाहन ना चलाना, जब जरुरत हो तभी हार्न बजाने का निवेदन किया गया। साथ ही जो नागरिक ट्रैफ्कि नियमों का पालन कर रहे थे उनको गुलाब का फूल देते हुए धन्यवाद किया गया। इस अभियान मे जन-आक्रोश के राजेन्द्र जोशी, बिमल थपलियाल, राजेश धारकर, अजय डांगे, अतुल नागले, विजय होता, प्रकाश गावंडे, विवेक खटी, विजय देशपांडे, गुरचरण सिंह संधू, आरराजू, डी. मुखर्जी, वापी दास, भास्कर देवनाथ, गजेंद्र पांडा, मुकुल पेंढारकर, एनके गौर, शिवम शुक्ला, आर चक्रवर्ती, विजय होता, राम जसपाल, अवतार सिंग, डॉ.अनुज नारद आदि लोगों ने भाग लिया।

# अयोध्या कप का भाजपा प्रदेशध्यक्ष ने किया शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** रिसाली क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार से अयोध्या कप की शुरुआत की गई है। उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी 11 की 11 सीट जीत रही है।

उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे किरण सिंह देव ने सबसे पहले रामलला की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलकर उनकी हौसला अफ्जाई की। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष देव ने भी क्रिकेट में हाथ आजमाने की कोशिश की। उन्होंने अपने हाथों में बल्ला पकड़ा और सिक्सर लगाने की कोशिश की। वे अच्छा खेले, लेकिन सिक्सर नहीं लगा सके।

हर साल की तरह इस साल भी भव्य तरीके से रिसाली क्रिकेट ग्राउंड में 5 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ की 16 टीमों ने भाग लिया। हर मैच नॉकआउट मैच है। इसे अयोध्या कप का नाम दिया गया है। शुभारंभ के मौके पर मुख्य अतिथि किरण सिंह देव के साथ बीजेपी के वरिष्ठ नेता राकेश पांडे सहित भाजपा के आला नेता मौजूद थे।

### 17 साल पुरानी याद ताजा

क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे किरण सिंह देव ने अपने हाथों में बल्ला थामा। उन्होंने कहा कि क्रिकेट खेलकर उन्होंने अपनी 17 साल पुरानी यादों को फिर से ताजा किया है।

### कार्यकर्ताओं को मोटिवेट और रिचार्ज किया जा रहा है

मीडिया से उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी ने लोकसभा की सभी 11 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। कार्यकर्ताओं को मोटिवेट और रिचार्ज किया जा रहा है। जिस तरह से विधानसभा चुनाव में बीजेपी को लोगों ने भारी बहुमत से जिताया है, वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी भारी मतों से पार्टी प्रत्याशी को विजय मिलेगी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202402100400297/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका एरीना देवांगन आ./पति पोसेन्द्र कुमार देवांगन निवासी बोड़ेगांव ननकट्ठी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1195/54 रकबा 0.0028 हें/ 300 वर्गफीट के पुस्तकालय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202402100400298/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सुधा पाठक आ./पति विकास पाठक निवासी उज्जैन द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1187/27 रकबा 0.0028 हें/ 300 वर्गफीट के पुस्तकालय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202402100400299/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दिप्ती पांडेय आ./पति राजेश पांडेय निवासी गुरुघासीदास वार्ड 44 कसारीडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1189/3 रकबा 0.0139 हें/ 1500 वर्गफीट के पुस्तकालय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202402100400300/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ज्योत्सना शुक्ला आ./पति अनिल कुमार शुक्ला निवासी सेक्टर-9 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1189/5 रकबा 0.0158 हें/ 1705 वर्गफीट के पुस्तकालय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202402100400292/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सुशीला देवी छतीजा आ./पति स्व. अट्टूलाल छतीजा निवासी वसुंधरा नगर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 113/3 रकबा 0.1148 हें/ वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्रीमती चमेलीबाई देवांगन — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400362/अ-2/वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती चमेली बाई देवांगन पति श्री भरतलाल देवांगन निवासी ओमनगर उरला दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग | 605/7 | 0.010 हें 1125 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-2 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरसिंग पोरचट्टीवार पिता स्व. गोविंदराव पोरचट्टीवार निवासी दीपकनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 122/85, 122/219 रकबा 0.012, 0.004 हे. भूमि जो कि स्व. लक्ष्मीबाई के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 22.04.1990 को हो जाने पर फौती दर्ज कर उसके विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलिराम यादव पिता मोहनलाल यादव निवासी ग्राम पोलसायपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1072/26 रकबा 0.0120 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जागेश्वर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं शपथकर्ती रानू रात्रे पति श्री नृपेन्द्र रात्रे उम्र 34 वर्ष जाति सतनामी निवासी म.न. 134/क बाजार चौक जोरातराई पो. डुण्डेरा थाना उतई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं। मेरे नाम से ग्राम डुण्डेरा थाना उतई में कृषि भूमि है जिसके ऋण पुस्तिका क्रमांक पी/2848722 में एवं खाद्य विभाग द्वारा जारी राशन कार्ड में तथा मेरे बैंक ऑफ इंडिया शाखा पद्मनाभपुर के बैंक पासबुक में मेरा नाम रानू रात्रे (RANU RATRE) दर्ज है। जो कि सत्य, वास्तविक एवं पूर्ण नाम है। मेरे भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड नंबर 9631 3372 2110 में मेरा नाम धरमिली रात्रे (DHARMILEE RATRE) दर्ज है। यह कि रानू रात्रे (RANU RATRE) एवं धरमिली रात्रे (DHARMILEE RATRE) एक ही महिलाा अर्थात मेरे स्वयं का नाम है। मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम धरमिली रात्रे (DHARMILEE RATRE) के स्थान में मेरे नाम से जारी ऋण पुस्तिका एवं राशन कार्ड तथा बैंक पासबुक में दर्ज नाम रानू रात्रे (RANU RATRE) को दर्ज करवाना चाहती हूं जो कि मेरा सत्य वास्तविक एवं पूर्ण नाम है जिस हेतु शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने तथा मुझे रानू रात्रे (RANU RATRE) नाम से जाने, पहचाने व पुकारा जावे एवं समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
रानू रात्रे
RANU RATRE

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न. 00001 जामुल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.टी.202324430402800007

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00001 के अंतर्गत ग्राम जामुल के वर्तमान भूमिस्वामी तीजूराम पिता/पति बिसम्बर गजसिंह पता जामुल के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 951/13 (0.7090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता महाबती गजभीम पिता/पति तीजूराम पता नंदनी रोड जामुल, टिकेश क्षत्रिय पिता/पति तीजूराम पता नंदनी रोड जामुल तह. भिलाई 3 जिला दुर्ग, चेतन गजभीम पिता/पति तीजूराम पता नंदनी रोड जामुल तह. भिलाई 3 जिला दुर्ग, मितेश्वरी मेश्राम पिता/पति तीजूराम पता नंदनी रोड जामुल तह. भिलाई3 जिला दुर्ग, श्रवण कुमार गजभीम पिता/पति तीजूराम पता नंदनी रोड जामुल तह. भिलाई 3 जिला दुर्ग पता कचहरी के पीछे वार्ड 39 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं श्रीमती सरस्वती रात्रे पति भगवंत दास पिता श्री घनश्याम तामस्कर, जन्मतिथि 22.12.1977 उम्र 47 वर्ष निवासी क्वा. नं. 14 सी सड़क 8 सेक्टर-04 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5089 7664 8599 मेरा नाम सरस्वती रात्रे दर्ज है। मेरे समस्त शालेय दस्तावेजों में मेरा नाम सरस्वती दर्ज है। मैं सरस्वती रात्रे के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूं।

अत: इस प्रकाशन के बाद मेरा सही व वास्तविक नाम तथा आधार कार्ड में दर्ज नाम श्रीमती सरस्वती रात्रे पति भगवंत दास के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे तथा सही नाम सरस्वती रात्रे मेरे समस्त स्कूल रिकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों व अभिलेखों में अंकित हो।

शपथकर्ती
श्रीमती सरस्वती रात्रे

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्र. 2 अंबिकेश पांडे पिता स्व पी. एन पांडे निवासी मोहन नगर (ओम परिसर) दुर्ग का रहने वाला है। मेरे पक्षकार क्र. 1 पृथ्वीपाल सिंह आत्मज स्व. भीम सिंह निवासी हरीनगर दुर्ग के रहवासी है। उपरोक्त पक्षकार क्र. 1 के नाम से खसरा न. 264/103 रकबा 1380 वर्ग फीट जो कि धनोरा रिसाली मार्ग की रजिस्ट्री पेपर का सौदा तय किया गया है।

उपरोक्त जमीन सीमांकान पश्चात नहीं निकलने पर भी पक्षकार क्रमांक 1द्वारा ली गयी रकम पक्षकार क्रमांक - 2 को वापस नहीं दी जावेगी इन्ही शर्तो पर यह सौदा तय किया गया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 15 दिनों के अन्दर नीचे दिये गये मो.न. पर संपर्क करे।

(अधिवक्ता)
लक्ष्मीकांत शर्मा
जिला न्यायलय दुर्ग (छत्तीसगढ़)
मो. नं. 9827990008
9102830029

## न्यूज गैलरी

### रथ सप्तमी पर आज सूर्य नमस्कार

**रायपुर/नवप्रदेश।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति शुक्रवार को रथ सप्तमी के विशेष अवसर पर सुबह 6:30 बजे सूर्य नमस्कार का विशेष ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसमें आध्यात्मिक और योग समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में आजीवन सभासद और आमजन भी शामिल होंगे। समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि रथ सप्तमी पर सूर्य की आराधना की जाती है। भगवान सूर्य से हमें अच्छे आरोग्य और आयु का आशीर्वाद मिलता है। भगवान सूर्य का 12 घोड़ों का रथ था। इसी तरह 12 आसनों से योग किया जाता है। सूर्य नमस्कार सूर्य की आध्यात्मिक चेतना और नित्य कर्म का प्रतिनिधित्व करता है। आस्था के अनुसार योग में सूर्य नमस्कार का प्रतिनिधित्व पिंगला नाड़ी करती है। यह शरीर के सभी जोड़ों और मांसपेशियों को ढीला करने के साथ ही आंतरिक अंग की मालिश भी करता है। सूर्य नमस्कार स्वयं में एक साधना है। उन्होंने रथ सप्तमी पर सुबह ऑनलाइन आयोजन में आधिकारिक योग साधकों से शामिल होने की अपील की है।

### एक दिन का मोबाइल उपवास करें सभी बच्चे : निमोणकर

**रायपुर/नवप्रदेश।** महाराष्ट्र मंडल के अमलीडीह और सिविल लाइन केंद्रों की महिलाओं ने वसंत पंचमी पर संत ज्ञानेश्वर स्कूल में सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया। इससे पहले स्कूल परिसर में ही सुबह बच्चों ने मां सरस्वती का पूजन- हवन किया। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि 12वीं व 10वीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ मां सरस्वती की पूजा की। तत्पश्चात उन्होंने हवन किया व महाआरती में शामिल हुए। हवन में ऑफिस कर्मचारी पीयूष गोयल मुख्य उपासक रहे। तृप्ति अग्निहोत्री व आराधना लाल ने बतौर मुख्य जजमान हवन किया। इसमें समस्त शिक्षकों ने भी भाग लिया। इस बीच भजन गायन से विद्यालय का माहौल भक्तिमय हो गया। उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन और साहित्य समिति की प्रभारी कुमुद लाड ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में अपर्णा कालेले, आस्था काले, गीता दलाल, रश्मि गोवर्धन, अपर्णा देशमुख सहित बड़ी संख्या में विभिन्न केंद्रों की महिला सदस्य उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन अलका बापट ने तो आभार प्रदर्शन मंगला मिश्रेकर ने किया।

## निधन

### नरेश कुमार बघेल

**बालोद।नवप्रदेश।** जिला चिकित्सालय राजनांदगांव से 41 वर्ष की सेवा पश्चात सेवा निवृत्त वरिष्ठ रेडियोग्राफर का 64 वर्ष की आयु मे 14 फरवरी को दिन बुधवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृहग्राम कठिया नंबर 1 (तहसील खरोरा) में किया गया। वे प्रणय बघेल (सहायक संचालक, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, जिला बालोद) के पिता थे।

### अंजनी बाई

**कुम्हारी/नवप्रदेश।** कुम्हारी निवासी श्रीमति अंजनी बाई लदेर (82) का 15 फरवरी गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कुम्हारी में किया गया वे गोदवारी, उर्मिला, आशा, मंगल, द्वारिका, राजाराम की माता एवं स्व. पुनाऊ राम लदेर की पत्नी थीं।

# डुमरतराई थोक बाजार, अनाज मंडी की सफाई व्यवस्था का आयुक्त अबिनाश ने लिया जायजा

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देश एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधारने शहर की स्वच्छता रैंकिंग और बेहतर बनाने की दृष्टि से स्वच्छता अभियान निरन्तर प्रगति पर है. प्रतिदिन आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त, उपायुक्त स्वास्थ्य, जोन कमिश्नरगण, कार्यपालन अभियन्तागण, जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का सुबह 6 बजे से निरीक्षण कर सफाई करवा रहे हैं. इस क्रम में नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी

लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 10 के तहत डुमरतराई थोक बाजार, थोक अनाज मंडी, थोक सब्जी बाजार की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण जोन 10 जोन कमिश्नर दिनेश कोसरिया, कार्यपालन अभियन्ता दिनेश सिन्हा, आशीष शुक्ला, सहायक अभियन्ता फत्तेलाल साहू सहित सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में लिया।

आयुक्त ने थोक बाजार की सफाई का निरीक्षण कर इसको सुधार कर और अधिक बेहतर बनाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये. आयुक्त ने लालपुर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के समीप पीपीपी मॉडल के तहत संधारित वालफोर्ट गार्डन की व्यवस्था देखी. आयुक्त ने वालफोर्ट गार्डन के अच्छे रखरखाव पर संतोष व्यक्त किया. आयुक्त ने गार्डन में पाईप लाईन, प्रकाश व्यवस्था के सम्बन्ध में की गयी मांग पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये. आयुक्त ने जोन 10 के आउटर क्षेत्रों में गन्दे पानी के निकास की सुगम व्यवस्था करने सर्वे करके नालियों का निर्माण करवाने व्यवहारिक आवश्यकतानुसार प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर राज्य शासन से नियमानुसार सक्षम स्वीकृति लेने हेतु भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिये है।

### जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम 19 को

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 19 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम रायपुर द्वारा आयोजित किया जायेगा।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत पारम्परिक 18 प्रकार के कारीगारों एवं शिल्पकारों का ऑनलाईन पंजीयन एवं पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जायेगा। उन्होंने इस संबंध में शिल्पकारों,कारीगारों तथा संबंधित समूहों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों एवं संबंधित कार्यालय के अधिकारी - कर्मचारी कार्यशाला में नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## अंग्रेजी का तनाव कम करने एक्सपर्ट ने दिए बच्चों को टिप्स

■ **बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को किया मोटिवेट**

**रायपुर/नवप्रदेश।** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के तनाव को कम करने के लिए महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें अंग्रेजी विषय को लेकर होने वाले तनाव व घबराहट को दूर करने के साथ अच्छे नंबर लाने के लिए प्रोत्साहित प्रयास किया गया। वहीं उन्हें सही तरीके से पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया गया। सेमिनार में वाणिज्य समूह के विषय संयोजक शंभु साहू व सह संयोजक और बंजारीधाम के संचालक हरि प्रसाद जोशी के साथ प्राचार्य मनीष गोवर्धन भी उपस्थित रहे। प्रमुख वक्ता डॉ. अब्दुल हक ने अंग्रेजी विषय में अधिकाधिक अंक पाने के लिए की जाने वाली तैयारियों से बच्चों को अवगत करवाया। सुनिधि रोकड़े, रोशन सिंह राजपूत, तृप्ति अग्निहोत्री सहित कई शिक्षक भी सेमिनार में उपस्थित रहे। डॉ. हक ने बच्चों के प्रश्नों का उत्तर दिया और उनकी

जिज्ञासाओं को शांत किया। अंग्रेजी ग्रामर से संबंधित 12वीं की छात्रा इरम बानो के सवाल पर डॉक्टर हक ने संतुलित जवाब दिया। दसवीं की श्रेया के स्वयं अंग्रेजी के वाक्य बनाने और एक्टिव वॉइस और पैसिव वॉइस से संबंधित प्रश्न का निवारण डॉ. हक ने बड़ी सरलतापूर्वक किया। सेमिनार का संचालन शिक्षिका आराधना लाल ने और आभार प्रदर्शन अखिल खरे ने किया।

## प्रगतिशील यादव की जमीन के बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन

**रायपुर/नवप्रदेश।** बसंत पंचमी पर बुधवार 14 फरवरी को जोरा पिरदा रोड स्थित यादव समाज को आवंटित जमीन पर चारदीवारी निर्माण का भूमिपूजन पंकज शर्मा के मुख्यआतिथ्य में किया गया। इसकी शुरुआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गई।

यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने दी। उन्होंने बताया कि तीन नए सदस्यों श्रीमती आकांक्षा यादव दुबे कॉलोनी, दिनेश यादव गुढियारी और संजय यादव बैरन बाजार ने संगठन की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि सामाजिक महोत्सव में श्रीमती दीपा राजेश यादव ने भवन निर्माण हेतु एक लाख इक्यावन हजार की सहयोग राशि, एमजेएफ लायन मधु निरंजन यादव ने श्री कृष्ण भगवान की मूर्ति देने तथा

शशिकांत यादव ने प्लॉट में बोरिंग करवाने का संकल्प लिया। यादव समाज का अपना भवन की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने की खुशी में स्वस्फूर्त होकर जोरा निवासी श्रीमती केतकी यादव, एल पी गोपाल, पीआर अहीर, सत्येंद्र यादव , रूपेंद्र यादव, मनीष यादव, बृजभान यादव और संजय यादव लक्ष्मी गैस एजेंसी आदि ने 5,000 रुपए की सहयोग राशि फेंसिंग गेट आदि निर्माण के लिए दिया।

अतिथियों ने श्यामलाल यादव, बहादुर यादव, श्रीमती कला यादव, डॉक्टर रुपेश यादव, मधुलेश यादव आदि ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की बात कही। इस मौके पर श्रीमती स्मिता यादव, सुश्री शोभा यादव, जितेंद्र बहादुर यादव, कमलेश यादव, अशोक यादव, रविंद्र सिंह यादव, राजेश यादव, जनक यादव, सूरज यादव, अजय यादव, वरुणेंद्र यादव, संजय यादव, डॉक्टर नरसिंह यादव, राम यादव, सियालाल यादव, रामस्वरूप यादव, गणेश यादव, श्रीमती अरूणा यादव, श्रीमती किरण यादव, श्रीमती मिलन मालती यादव, सुजीत यादव, समरनाथ यादव, हेमंत यादव, अभिषेक यादव आदि मौजूद थे।

## पं. रविशंकर शुक्ल विवि में बॉब भाषण स्पर्धा में रखे विचार

**रायपुर/नवप्रदेश।** क्षेत्रीय प्रमुख श्री अमित बैनर्जी एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख दीपक कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार बैक ऑफ बड़ौदा , क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के सभी अध्ययनशालों के छात्रों के लिए साहित्य एवं भाषा-अध्ययनशाला में हिंदी के प्रचार एवं प्रसार के लिए बॉब भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विषय आत्मनिर्भर भारत, बैंक में हिंदी का महत्त्व, मातृभाषा का महत्त्व, स्त्री सशक्तिकरण, डिजिटल भारत था। इसमें विश्वविद्यालय के सभी अध्ययनशालों से प्रतिभागी उपस्थित थे जिन्होंने 5 मिनट में सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए । इसमें निर्णायक मंडल में डॉ. मधु लता बारा, डॉ. हेमलता बोरकर, डॉ. बंसों नरुटी उपस्थिति रही ।

संचालन डॉ. बरातुराम ध्रुव और आभार बैंक ऑफबड़ौदा की ओर से श्री राहुल कुमार प्रसाद, वरिष्ठ प्रबन्धक, राजभाषा ने दिया । कार्यक्रम में प्रो. शैल शर्मा ,डॉ.गिरजा शंकर गौतम, डॉ. शारदा सिंह एवं शोधार्थी ओंकार प्रसाद, भारती साहू उपस्थिति रहे ।

### ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में संस्कार के लिए आशीर्वाद समारोह

**रायपुर/नवप्रदेश।** विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का सबसे सुनहरा पल माना जाता है। छात्र यहीं से ज्ञान अर्जित कर समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है। कक्षा 12वीं के बाद वह एक अलग दुनिया में प्रवेश करता है उसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सफलता अर्जित करने के लिये शिक्षा के साथ गुरुजनों का आशीर्वाद भी आवश्यक है। इसी संस्कार की परंपरा का

पालन करते हुए विद्यालय के सभागार में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल परिणाम तथा सुखद भविष्य हेतु आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शाला की अध्यक्षा श्रीमती मंजू शांडिल्य जी ने माँ सरस्वती के चरणों में माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात शिक्षकों ने अपने - अपने माध्यम से छात्रो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

## दिव्यांगों को मिला सहायक उपकरण

**गरियाबंद / नवप्रदेश।** समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण प्रदाय योजना अंतर्गत आज जनपद पंचायत फिंगेश्वर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष योगेश्वर साहू, जनपद पंचायत सदस्य दीपक साहू, राधे श्याम साहू ,सरपंच सुंदरलाल साहू उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने ग्राम बेलटुकरी की श्रीमती अनुसुईया बाई साहू को श्रवण यंत्र, ग्राम बकली के गरीबा एवं कोमल को ट्रायसिकल, ग्राम कोमा के चैती बाई, ग्राम बासीन के अमरनाथ तारक एवं ग्राम पेण्ड्रा के आशोक बांधे को मोट्राइज्ड ट्रायसिकल प्रदाय किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**इलेक्ट्रोरल बॉन्ड पर ...**

के साथ-साथ इससे संबंधित आयकर अधिनियम और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में किए गए संशोधनों को रद्द कर दिया।
शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनावी बांड योजना अपनी गुमनाम प्रकृति के कारण सूचना के अधिकार का उल्लंघन करता है। इस प्रकार से यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत स्वतंत्र भाषण और अभिव्यक्ति के खिलाफ है। संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा, ÷चुनावी बांड योजना, आयकर अधिनियम की धारा 139 द्वारा संशोधित धारा 29(1)(सी) और वित्त अधिनियम 2017 द्वारा संशोधित धारा 13(बी) का प्रावधान, अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है।÷
फैसला तीन महीने से था सुरक्षित
शीर्ष अदालत ने तीन दिनों की सुनवाई के बाद दो नवंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाएं एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, सीपीआई (एम), कांग्रेस नेता जया ठाकुर और अन्य की ओर से दायर कई थीं।

**केन्द्र पर राहुल का ..**

संविधान का भी उल्लंघन माना है। लंबे समय से प्रतीक्षित फैसला बेहद स्वागत योग्य है और यह नोट पर वोट की शक्ति को मजबूत करेगा।'

**ज्ञानवापी मामले में ...**

दिया गया है। अदालत ने अपनी अंतर्निहित शक्ति का इस्तेमाल करने का आदेश में उल्लेख नहीं किया है। जिला अदालत ने 17 जनवरी को अर्जी स्वीकार कर केवल एक रिलीफ ही दी। दूसरी मांग पर आदेश नहीं देना ही अनुतोष से इंकार माना जाएगा।

**कोर्ट को दिया ये भी तर्क**

कहा गया कि 17 जनवरी 24 के मूल आदेश से जिला जज ने विवादित भवन की सुरक्षा व देख-रेख करने व किसी प्रकार का बदलाव न होने देने का भी निर्देश दिया है। 31 जनवरी 24 के आदेश से बैरिकेडिंग काट कर तहखाने में पूजा के लिए दरवाजा बनाने तथा ट्रस्ट को पुजारी के जरिए तहखाने में स्थित देवी-देवताओं की पूजा करने की अनुमति देकर अपने ही आदेश का विरोधाभासी आदेश दिया है। यह भी कहा गया कि तहखाने पर किसका अधिकार है, यह साक्ष्यों के बाद सिविल वाद के निर्णय से तय होगा। जिला जज ने अंतरिम आदेश से फाइनल रिलीफ देकर गलती की है। इसलिए जिला जज के आदेश रद्द किए जाएं।

**पहली बार चुनकर आई ...**

लेकर भी उन्होंने यही बात कही। मंत्री ने यह भी बताया कि कीट भत्ता का भुगतान नगद किया जाता है। यह राशि सीधे बैंक खाता में जमा करा दी जाती है।

**नेपाल में बस नदी में ...**

ओवरलोडेड जीप फिसली, 8 की मौतः एक अन्य घटना में पाल्पा जिले में बुधवार को एक ओवरलोडेड जीप राजमार्ग से फिसल गई, जिससे 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गये। घायलों में से दो की इलाज के दौरान मौत हो गयी। नेपाल में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा देते हैं।

**दो पूर्व विधायक बीजेपी...**

रहे थे। इसके चलते उन्होंने जेसीसीजे से इस्तीफा दे दिया था। प्रमोद शर्मा जेसीसीजे के दूसरे पूर्व विधायक हैं, जो बीजेपी में प्रवेश कर रहे हैं। इससे पहले धर्मजीत सिंह बीजेपी में शामिल हुए थे।

**उग्र होते जा रहे हैं ...**

में शुक्रवार को भारत बंद बुलाया गया है। दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे किसानों के आंदोलन के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण रद्द कर चुके हैं।
अरविंद केजरीवाल भी किसानों के साथ
अब अरविंद केजरीवाल भी आंदोलन कर रहे किसानों के साथ आकर खड़े हो गए हैं और उन्होंने भी आम आदमी पार्टी की 18 एवं 22 फरवरी को होने वाली रैलियों को स्थगित कर दिया है। किसानों के भारत बंद के ऐलान को लेकर अब हलचल शुरू हो गई है।

**कैमरापर्सन और पत्रकार ...**

तीसरे दौर की बातचीत होने जा रही है। इसी बीच एसकेएम यानी संयुक्त किसान मोर्चा ने शुक्रवार को भारत बंद बुलाया है। खबर है कि तीन केंद्रीय मंत्री चंडीगढ़ में किसानों के साथ उनकी मांगों को लेकर चर्चा करने की तैयारी कर रहे हैं। इनमें अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय का नाम शामिल है।

**आम आदमी की परेशानी ...**

बातचीत के लिए आगे आना चाहिए। बातचीत से किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। किसान संगठन जिस तरीके से बढ़ रहे है, उससे कुछ नहीं होने वाला है। मुंडा ने कहा, 'मेरा निवेदन है कि किसान संगठनों को पहल करनी चाहिए और बातचीत से समाधान तलाशना चाहिए।' उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए तत्पर है और किसानों की समस्यायें उसकी प्राथमिकता में हैं।


**न्यायालय नायब तहसीलदार-1 मंदिर हसौद**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ : जिला रायपुर तहसील मंदिर हसौद प.ह.नं. 00020 परसदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324440206800009

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00020 के अंतर्गत ग्राम परसदा के वर्तमान भूमिस्वामी रूहीबाई पिता/पति स्व. शिवलाल पता-सा.देह, किसून पिता/पति घोंडुल पता-सा.देह, रमेश कुमार पिता/पति शिवलाल पता-सा.देह, सोनबती पिता/पति शिवलाल पता-सा.देह, राजीम पिता/पति शिवलाल पता-सा.देह, रजमत पिता/पति शिवलाल पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1208 (0.0200), 1426 (0.2000), 1421 (0.600), 1043 (0.300), 1425 (0.3800), 982 (0.3900), 1417 (0.04700), 1422 (0.2100), 1401 (0.4600), 1291 (0.1400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता रमेश कुमार पिता/पति शिवलाल पता-सा.देह, सोनबती पिता/पति शिवलाल पता-सा.देह, रूहीबाई पिता/पति स्व. शिवलाल पता. सा. देह, सावित्रि वो सुशीला वो सुमित्रा वो शकुन्तला वो त्रिवेणी वो अंजू वो सुनीता पिता/पति किशन लाल जांगड़े पता रायपुर देवेन्द्र वो हरशि वो पिता/पति किशन लाल जांगड़े पता-रायपुर राजीम पिता/पति शिवलाल, पता-सा.देह, रजमत पिता/पति शिवलाल पता-सा.देह के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/03/2024 को सुबह सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार-1 मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावाा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/02/2024 को जारी किया जात है।

सील

नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)**

**-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक 72/न.पा.नि./जोन क्रमांक- 06/2023-24 — रायपुर, दिनांक 14/02/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर)/फर्म एवं संस्था/ एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं ''ब'' में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।
संबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 23/02/2024 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनांक 05/03/2024 तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 06/03/2024 को सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा का प्रकार | मद का नाम | अगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | एस.ओ.आर. | समया अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 58, 59, 60 एवं 61 के खराब पावर पंप को निकालकर रिपेयर का पुनः डालने का कार्य। | प्रथम | संधारण मद | 91500.00 | 3000.00 | 300.00 | NON SOR ITEM RATE | 3 माह |
| 2 | वार्ड नं. 62,63, एवं 65 के खराब पावर पंप को निकालकर रिपेयर कर पुनः डालने का कार्य। | प्रथम | संधारण मद | 91500.00 | 3000.00 | 300.00 | NON SOR ITEM RATE | 3 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 58,59,60 एवं 61 के खराब पावर पंप को निकालकर मरम्मत कर पुनः डालने का कार्य। | प्रथम | संधारण मद | 199000.00 | 3000.00 | 300.00 | PWD SOR 01.06.2020 | 3 माह |
| 4 | वार्ड क्र. 62,63 एवं 65 के खराब हैण्ड पंप को निकालकर मरम्मत कर पुनः डालने का कार्य। | प्रथम | संधारण मंद | 198000.00 | 3000.00 | 300.00 | PWD SOR 01.06.2020 | 3 माह |
| 5 | डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 अंतर्गत भाठागांव ठाकुरदेव पारा में गौरी गौरा चबुतरा में मरम्मत कार्य। | प्रथम | संधारण मद | 200000.00 | 3000.00 | 300.00 | PWD Building SOR 01.01.2015 | 3 माह |
| 6 | डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 अंतर्गत मठपुरैना दुर्गा चबुतरा मंच में मरम्मत कार्य। | प्रथम | संधारण मद | 200000.00 | 3000.00 | 300.00 | PWD Building SOR 01.01.2015 | 3 माह |
| 7 | डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 अंतर्गत भाठागांव साहू पारा श्रीराम चौक स्थित चबुतरा मरम्मत कार्य। | प्रथम | संधारण मद | 199000.00 | 3000.00 | 300.00 | PWD Building SOR 01.01.2015 | 3 माह |
| 8 | महामाया मंदिर वार्ड क्र. 65 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रोड नाली पुलिया मरम्मत कार्य। | प्रथम | संधारण मद | 200000.00 | 3000.00 | 300.00 | PWD Building SOR 01.01.2015 | 3 माह |

**-:: निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्तें ::-**

**कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-**

**लिफाफा ''अ'' में**
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर. (निविदा खोलने की तिथि तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति। (2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति। (4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षों का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।

**लिफाफा ''ब'' में** (1) निविदा प्रपत्र

**शर्तें :-** (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

# एसडीएम ने स्कूली बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर किया भोजन

### बच्चों को भोजन में हरी सब्ज़ी-भाजी देने पर दिया ज़ोर

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी बेमेतरा युगल किशोर ऊर्वशी ने ज़िला मुख्यालय स्थित सरकारी नवीन प्राथमिक शाला का आज आकस्मिक निरीक्षण किया। स्कूल में 46 बच्चे उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरूण खरे भी साथ थे। उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत बच्चों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता परखी।

एसडीएम श्री ऊर्वशा ने स्कूली बच्चों के साथ ज़मीन पर पालथी लाकर बड़े चाव से ताजा गर्म पका हुआ भोजन ग्रहण किया। आज भोजन में चावल दाल और आलू गोभी की के साथ आचार दिया गया। श्री खरे ने भी भोजन का स्वाद लिया। एसडीएम युगल किशोर ऊर्वशा ने प्रधानाध्यापक को बच्चों को भोजन में हरी सब्ज़ी में भाजी आदि देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अभी बजार में हरी सब्ज़ी-भाजी पर्याप्त मात्रा में आ रही हैं, साथ ही मुनगा भी देने कहा। उन्होंने कहा कि मुनगा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए ज़्यादा लाभ दायक है। रसोइये ने बताया कि मीनू के हिसाब से भोजन दिया जा रहा है। उसमें हरी सब्ज़ी का भी प्रावधान है। श्री ऊर्वशा ने स्कूल की ज़रूरी आवश्यक सुविधाओं का भी अवलोकन किया। साफ़-सफ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। ख़ासकर रसोई कक्ष, भंडार और बच्चों के शौचालय की रोज़ साफ़-सफ़ाई हो इस बात का ख़ास ध्यान रखने कहा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र के स्कूलों में निरीक्षण के निर्देश दिये है। उन्होंने स्वयं भी बीते बुधवार को नवागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला अंधीयारखोर का निरीक्षण किया था और भोजन की गुणवत्ता चेक की थी। मालूम हो कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की शुरुआत माह सितंबर 2021 को हुई थी। इस योजना के तहत देश के सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों को अगले 5 साल तक मुफ्त भोजन मुहैया कराया जाएगा, जो पोषण से युक्त होगा। इस योजना में स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के अलावा प्राथमिक स्कूलों में प्री-स्कूल या बाल वाटिका (कक्षा 1 से पहले) के बच्चों को भी गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने का प्रावधान हैं।

## न्यूज गैलरी

### सद्गुरु कबीर साहब के संदेश आज भी प्रासंगिक - योगेश

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** विधानसभा के ग्राम पीपरभट्ठा में सदगुरु कबीर नवजागरण समिति कबीर ग्रंथ आयोजन जारी है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व किसान नेता योगेश तिवारी चौका आरती में शामिल हुए। इस दौरान किसान नेता ने सद्गुरु कबीर साहब के श्री चरणों मे नारीयल, पुष्प चढ़ाकर श्री चरणों को नमन कर आशीर्वाद लिया। किसान नेता ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार बिना पैर के चलना असंभव हैं, ऐसे ही बिना सत्संग के जीवन में असली सुख शांति एवं समृद्धि असंभव है। सद्गुरु कबीर साहब के संदेश आज भी देश दुनिया के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने देश और पूरे विश्व को एक नया विचार और संदेश दिया। जिसे जीवन में आत्मसात कर समाज में व्याप्त बुराइयों, आडंबरों, पाखंडों, छुआछूत, भेदभाव व अंधविश्वास की भावना को खत्म किया जा सकता है। सद्गुरु कबीर साहब के दिए वाणी वचनों का परिणाम है। आज अगर कहीं पर भाईचारा, एकता और प्रेम सौहार्द को प्राथमिकता मिलती है तो वह सदगुरू कबीर सहाब के अमृतवाणी का नतीजा है। इस अवसर पर दीनदयाल साहू, गोविंद वर्मा, चेतराम वर्मा, माखन वर्मा, संदीप साहू, नेतराम आदि उपस्थित रहें।

### दीपचंद देवांगन समाज के प्रदेश संरक्षक मनोनीत

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ प्रदेश देवांगन कल्याण समाज पंजीयन क्रमांक 2338 का प्रदेश कार्य कारिणी का गठन आज किया गया हैं, जिसमें नगर देवांगन समाज नवागढ़ के वरिष्ठ मार्गदर्शक दीपचंद देवांगन को प्रदेश संरक्षक के पद पर मनोनीत किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला सलाहकार महेन्द्र देवांगन ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात हैं आज पहली बार प्रदेश स्तरीय टीम में नगर के अनुभवी एवं वरिष्ठ सलाहकार दीपचंद देवांगन (शिक्षक) को प्रदेश संरक्षक के पद पर मनोनीत किया गया हैं, निश्चित ही उनके अनुभव से समाज को नई दिशा मिलेगी। जिला सलाहकार डिकेन्द्र देवांगन ने कहा कि प्रदेश संगठन में जिला देवांगन समाज बेमेतरा से नवागढ़ निवासी दीपचंद देवांगन को प्रदेश संरक्षक मनोनीत किया जाना वास्तव में प्रदेश टीम में बेमेतरा जिला को उचित स्थान दिया गया हैं जोकि स्वागत योग्य कदम हैं। जिला सचिव मेघराज तरार ने कहा कि दीपचंद देवांगन को प्रदेश संरक्षक मनोनीत किया गया है, उनके अनुभव का लाभ जिला बेमेतरा के साथ ही पूरे प्रदेश टीम को मिलेगा।

### आंगनबाड़ी में सरस्वती पूजन कर मनाया मातृ-पितृ दिवस

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** नगर पालिका बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 11 के आंगनबाड़ी में बच्चों के द्वारा सरस्वती पूजा कर माता-पिता की पूजा अर्चना कर माता पिता से आशीर्वाद लिया। मातृ-पितृ दिवस के अवसर पर नीतू कोठारी ने बताया कि आज आंगनबाड़ी के बच्चों और किशोरी बालिका द्वारा माता-पिता की पूजा की गई। 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के बच्चों में नैतिक शिक्षा, संस्कृति और संस्कार के मानवीकरण कर मातृ-पितृ दिवस मनाने क़ा निर्णय लिया हैं।

## भू-राजस्व ऑनलाइन प्रक्रिया, भावना ने सदन में किया ध्यानाकर्षण

### ऑनलाइन प्रक्रिया में हो रही त्रुटियों के बारे में सदन में चर्चा कर उसके समाधान हेतु भी अपनी बात रखी।

**कवर्धा/नवप्रदेश।** आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भू-अभिलेख शाखा में ऑनलाइन कार्यो से आम जनता को हो रही परेशानियों के प्रति सदन का ध्यानाकर्षण किया। उन्होंने ऑनलाइन प्रक्रिया में हो रही त्रुटियों के बारे में सदन में चर्चा कर उसके समाधान हेतु भी अपनी बात रखी। इसके साथ ही उन्होंने शून्यकाल में किसानों के हित के लिए ओला वृष्टि की वजह से किसानों के फसलों को हुए नुकसान के संदर्भ में भी प्रमुखता से अपनी बात रखी।

भावना बोहरा ने कहा कि आज हमारा देश डिजिटल इंडिया की ओर अग्रसर है। डिजिटल क्रांति से आज कई बड़े बदलाव हमें देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में कुछ त्रुटियां भी होती हैं जिनका निराकरण करना आज कई हद तक आसान भी हो चुका है। आज इसी ओर कदम बढ़ाते हुए शासकीय प्रक्रियाएं भी ऑनलाइन हो रही हैं। भू-अभिलेख शाखा का भी डिजिटलीकरण इसी उद्देश्य के साथ किया गया है ताकि जनता को सुविधा मिल सके। परंतु कुछ त्रुटियां व प्रक्रियाएं हैं, जिनकी वजह से आमजनों को दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भू-अभिलेख शाखा के मोबाइल एप भुइयां में क्लाउड स्टोरेज कम होने की वजह से अधिकांश समय या तो सर्वर डाउन रहता है, या फिर डाटा अपडेट करने में समय लगता इसके निराकरण के लिए क्लाउड स्टोरेज बढ़ाने से इसका समाधान हो सकता है। इसके

साथ ही बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें भुइयां एप के बारे में या तो अधिक जानकारी नही है अथवा उसके संचालन की प्रक्रिया मालूम नही है, उसके लिए शासन एवं प्रशासन द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाने से जनता को सुविधा व जानकारी दोनों होगी एवं चॉइस सेंटर और पटवारियों के पास आने-जाने की असुविधा से बच सकेंगे। उन्होंने पटवारियों को समय समय पर प्रशिक्षण एवं मात्रात्मक त्रुटियों के सुधार हेतु तहसीलदार को अधिकार देने के विषय में भी सदन का ध्यानाकर्षण किया साथ ही भुइयां एप शुरू होने के पूर्व के रिकॉर्ड जो अभी तक ऑनलाइन दर्ज नही हुए हैं उन्हें भी ऑनलाइन करने की बात सदन में रखी। भावना बोहरा ने किसानों से जुड़े विषय को लेकर शून्यकाल में कबीरधाम जिले में ओला वृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान के संबंध में भी प्रमुखता से बात रखते हुए कहा कि कबीरधाम जिले में विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती है जिसमें मुख्य रूप से धान, गन्ना, चना, गेंहू, पपीता, केला, टमाटर, प्याज जैसी फैसले प्रमुख हैं। विगत दिनों बारिश के साथ ओलावृष्टि की वजह से जिले के खरीदी केन्द्रों मे रखे हुए धान भीग रहे हैं उनके संधारण के लिए उचित कार्यवाही अत्यंत आवश्यक है। ओलवृष्टि की वजह से पपीता, केले,टमाटर,प्याज, चना एवं गेहूं के फसलों को बहुत नुकसान हुआ है। यह सब फसल वृहद रूप में उगाया जाता है।

## हाइवे में चक्काजाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ताओं के विरुद्ध केस दर्ज

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।।** जिले में नेशनल हाईवे में चक्काजाम करने वाले कांग्रेसियों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है. एक राहगीर की शिकायत पर सिमगा पुलिस ने केस दर्ज किया. ऋद्धड्डस्र स्ब्म्हद्ग ङ्क राशनकार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाई गई, जानिए कब तक कर सकते हैं आवेदन

दरअसल, भाटापारा विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में उनके विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री बंद कराने और व्यापारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग के साथ वर्षो से शराब भट्ठी में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को हटाने की मांग को लेकर दामाखेड़ा में 12 फरवरी को चक्काजाम किया गया था. इससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुई थी, जिसमें कुछ राहगीरों को परेशान होना पड़ा था. इसके बाद एक राहगीर ने सिमगा पुलिस थाने में आवेदन दिया, जिस पर पुलिस ने सिमगा और भाटापारा के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया है.

इस संबंध में सिमगा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि 12 फरवरी को एक पार्टी विशेष के लोगों की ओर से नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया गया था. इससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ था, जिससे राहगीरों को परेशान होना पड़ा. इस पर एक प्रार्थी के आवेदन पर सिमगा के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और भाटापारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है.

### फेल होने के कगार पर महतारी वंदन योजना

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नगर निगम की कार्यशैली व निगम प्रशासन के सुस्त रवैय पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर निगम की गैर जिम्मेदार रवैये के चलते हजारों महिलाओं को महतारी वंदन योजना से होना पड़ सकता है वंचित।शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम आयुक्त को लिखे पत्र में बताया कि शहर की लाखों महिलाएं आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम आफलाइन महतारी वंदन योजना का आवेदन फार्म जमा कर रहे हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों की बहनें नियमित रूप से आवेदन फार्म जमा लिया जा रहा है, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 है। वहीं नगर निगम द्वारा नियुक्त किये गए कर्मचारियों द्वारा इस फार्म को ऑनलाइन करना है, परंतु निगम की उदासीनता के चलते अभी भी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आवेदन रखे हुए हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्र का सुंदर बदलाव, अनुपा चेपियन

**महासमुंद/नवप्रदेश।।** बागबाहरा ब्लॉक निर्मल आंगनबाड़ी अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य कर आंगनबाड़ी केंद्र को आदर्श स्वरूप प्रदान करने वाली बागबाहरा विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्र बागबाहरा कला की कार्यकर्ता श्रीमती अनुपा ठाकुर अपने कार्य से अन्य कार्यकताओं के लिए मिसाल बन गई है। चर्चा के दौरान उन्होंने हर्ष के साथ बताया कि पीरामल टीम एवं परियोजना अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेक्टर बैठक के दौरान निर्मल आंगनबाड़ी अभियान कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त करके बहुत ही अच्छा लगा।

कार्यशाला से वापस आकर मैंने इस बारे में विचार किया कि मुझे भी अपने आंगनबाड़ी को बहुत ही सुंदर बनाना है जो कि अंदर से तो सुंदर रहे ही साथ ही बाहर से देखते ही सभी के लिए आकर्षक हो जाए। चूंकि मुझे साज-सज्जा की वस्तुएं बनाना, चित्रकला, पेंटिंग ये सभी चीजे हमेशा से ही पसंद थी इसलिए मैंने सोचा की क्यों न सभी लोग मिलकर आंगनबाड़ी की पुताई करें और आंगनबाड़ी को आकर्षक बनाए। इसके लिए मैंने स्वयं की धनराशि का उपयोग करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र की पुताई करवाने का जिम्मा उठाया और इस संबंध में सहायिका, सरपंच और बच्चां के परिजनों से चर्चा की, सभी को मेरा विचार अच्छा लगा। सभी एक साथ मिलकर आंगनबाड़ी की पुताई किए।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला किसान कांग्रेस की बैठक आज

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में जिला किसान कांग्रेस की बैठक 16 फरवरी को डोंगरगांव नगर स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित होगी। बैठक में जिला खैरागढ़-गंडई-छुईखदान व जिला मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी किसान कांग्रेस संगठन भी शामिल होगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहूं प्रदेश संगठन के निर्देशों व चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करेंगे। किसान कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम साहू व गौतम वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने इस कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की है, जिसकी तैयारियों हेतु संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी उन्होंने सौंपी है। उक्त कार्यक्रम में मोदी की गारंटी पर भाजपा सरकार की वायदा खिलाफ, किसानों व ग्रामीणों हेतु संचालित योजनाओं को बंद करने के निर्णय और उससे नुकसान सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा कर रणनीति बनाई जानी है।

## एसपी आधी रात पहुंचे नांदघाट थाना

बेमेतरा - पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू अचानक आधीरात थाना नांदघाट पहुचे। जहां अस्त व्यस्त हालत देखकर हुये नाराज, उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को रात में पेट्रोलिंग/गस्त करने, रात्रि में किसी प्रकार की घटना घटित होने पर तत्काल रिस्पांस देने, चोरी जैसी कोई घटना न हो इस लिए सर्तकता से सचेत होकर गस्त करने, किसी भी ढाबा/होटलो में अवैध शराब की बिक्री एवं पीलाने की सुविधा नही होना चाहिए, इसलिए लगातार रात्रि में ढाबा/होटलो में चेकिंग कार्यवाही करने तथा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश।

थाना नांदघाट राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित है, हाईवे पेट्रोलिंग वाहन को थाना में न रहकर नांदघाट के मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग में तैनात रहने जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को बचाया जा सकें। इस दौरान थाना प्रभारी अलील चंद, सउनि रघुवीर सिंह, आरक्षक नरेन्द्र बंजारे एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## 1.65 लाख का 30 पेटी अवैध अंग्रेजी गोवा शराब जप्त

### 0 वाहन के साथ कुख्यात तस्कर गिरफ्तार

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत 14 फरवरी को थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत में जैतहरि जिला अनुपपुर से जिला बेमेतरा के ग्राम आंदु के पास अतरगढी में अवैध रूप से बडी मात्रा में शराब परिवहन करते कुख्यात शराब तस्कर पकडा गया। थाना बेरला में अवैध शराब बिक्री परिवहन का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की जा रही हैं। जिसमें कुल 30 पेटी मध्य प्रदेश से निर्मित अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब कुल 1500 पौवा, कीमती करीबन 1.65 लाख रूपये (एक लाख पैसठ हजार रूपये) व परिवहन में प्रयुक्त वाहन (कार) क्रमांक छ्त्त 07 ह 6600 कीमती करीबन 2 लाख रूपये, कुल जुमला 3.65 लाख रूपये जप्त को कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।उक्त मामले में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त की जा रही हैं।

## माआवोदियों पर की जायेगी प्रभावी कार्यवाही

### कोठीटोला में नया पुलिस बेस कैम्प का शुभारंभ किया गया

**राजनांदगांव।/नवप्रदेश।** जिला राजनांदगांव के थाना बागनदी अंतर्गत ग्राम कोठीटोला घोर नक्सल प्रभावित ग्राम है, जहां माओवादियों के आवागमन एवं उनके गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु 14 फरवरी 2024 को नया पुलिस बेस कैम्प का शुभारंभ किया गया। ग्राम कोठीटोला में कैम्प स्थापित किये जाने से क्षेत्र के जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा एवं माओवादी गतिविधियों पर नियंत्रण करने में सफलता मिलेगी। साथ ही साथ माओवादियों के डीकेएसजेड़ीसी से एमएमसी जोन में आने-जाने वाले नक्सलियों के मुख्य मार्ग को बाधित करने में सफलता मिलेगी तथा सीमावर्ती अंतर्राज्यीय घोर नक्सल प्रभावित जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) के साथ मिलकर क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया जायेगा, जिससे माओवादियों के डर व भय को आम जनता के मन से कम करने में भी सफलता मिलेगी। उक्त कैम्प खुलने से आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को सुविधा के साथ ही पुलिस प्रशासन का सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही आम जनता के जीवन में शांति और भयमुक्त माहौल देने का प्रयास किया जाएगा।

## पालनहारी सरकार ने महिला समूहों को लौटाया उनका सम्मान : कमलेश

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** मोदी की गारंटी के तहत स्वयं सहायता समूहों को दोबारा जीवंत करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रदेश सरकार ने रेडी-टू-ईट का संचालन सौंपने का ऐलान किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने विधानसभा में यह घोषणा की है। जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि-पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में शोषित महिला स्वालंबन अभियान को भाजपा ने गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि-इस घोषणा के माध्यम से पालनहारी सरकार ने महिला समूहों को उनका सम्मान लौटाया है।

जिला एमएमसी की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने कहा कि-राज्य में भाजपा की सरकार के गठन के बाद विकास का सूर्योदय हर वर्ग के जीवन में उजियारा लेकर आ रहा है। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के 1785 समूहों से द्वारा संचालित रेडी-टू-ईट फूड का काम छीना था। इस समूहों से जुड़ी हजारों महिलाओं को इसका नुकसान उठाना पड़ा, उस दौरान महिला समूहों ने जब अपने स्वरोजगार के लिए आवाज उठाई तो भूपेश सरकार ने उन्हें भी पीछे धकेल दिया। महिलाओं को सड़क पर उतरना पड़ा। उन्होंने कहा कि- महिला स्वालंबन के क्षेत्र में भाजपा ने महिला समूहों को रेडी-टू-ईट का संचालन सौंपकर हमारी माताओं-बहनों को स्वालंबी बनाने की दिशा में बड़ी पहल की थी। इस योजना से हजारों महिलाओं को अपना परिवार चलाने में मदद मिल रही थी। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी में इसकी पुनः बहाली का वायदा किया था।

## 34वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** 14 फरवरी को 34वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल जिलाधीश, अध्यक्ष मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक, त्रिलोक बंसल पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, गजेन्द्र सिंह ठाकुर पुलिस अधीक्षक पीटीएस, जिला पंचायत अधिकारी सुरूचि सिंह, राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विरेन्द्र सिंह अति. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, दिलीप सिंह सिसोदिया उपुअ पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव, हेमप्रकाश नायक उप पुलिस अधीक्षक यातायात, पत्रकार बंधु व शहर के गणमान्य नागरिकगण एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ विजय मानिकपुरी एवं सुरेश यादव के नुक्कड नाट्य के टीम द्वारा नुक्कड़ के माध्यम से यातायात जागरूकता के साथ सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह किया गया।

इसी प्रकार मुख्य अतिथि द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न आयोजित कार्यक्रमों के प्रतियोगी स्कूल एवं कॉलेज के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, जो निम्नानुसार है- चित्रकला प्रतियोगिता ग्रुप अ कक्षा छठवीं से आठवीं तक प्रथम स्थान-अवनी गुंधर 8वीं, युगांतर पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान राहुल विश्वास 8वीं युगान्तर पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान श्रेया देवांगन, 8वीं एनपीएस एवं कुमारी लोमेश भंडारी सरस्वती विद्या मंदिर (संयुक्त), ग्रुप बी में नवमीं से बारहवी प्रथम स्थान काव्य देवांगनए 11वीं गायत्री विद्यापीठ, द्वितीय स्थान नेहल जैन 11वीं युगांतर पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान मांगल्य शर्मा 10वीं एनपीएस, स्लोगन प्रतियोगिता ग्रुप अ प्रथम स्थान पृष्टि देवांगन 7वीं केन्द्रीय विद्यालय, द्वितीय स्थान श्रेयती लारिया रायल किड्स कॉन्वेंट, तृतीय स्थान पारिधी जैन 8वीं रायल किड्स कॉन्वेंट, ग्रुप ब प्रथम स्थान काव्य देवांगन 11वीं गायत्री विद्यापीठ, द्वितीय स्थान चांदनी साहू 11वीं रायल किड्स कॉन्वेंट, तृतीय स्थान सविता नायक 11वीं, रायल किड्स कॉन्वेंट निबंध प्रतियोगिताः ग्रुप अ प्रथम स्थान-आराध्या तिवारी 8वीं एनपीएस, द्वितीय स्थान कुमकुम साहू 7वीं गायत्री विद्यापीठ, तृतीय स्थान शिवांश यदु 8वीं एनपीएस, ग्रुप ब प्रथम स्थान अंशिका त्रिपाठी 9वीं एनपीएस, द्वितीय स्थान साक्षी सिन्हा 11वीं रायल किड्स कॉन्वेंट, तृतीय स्थान सुधांशु चौधरी 9वीं गायत्री विद्यापीठ, वाद-विवाद प्रतियोगिता पक्ष अ वर्ग प्रथम स्थान शरन्या श्रीवास्तव रायल किड्स कॉन्वेंट, द्वितीय स्थान हंशिका गौतम एनपीएस, तृतीय स्थान रिद्धिमा चावड़ा दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाद-विवाद प्रतियोगिता पक्ष ब वर्ग प्रथम स्थान हर्षिता साहू गायत्री विद्यापीठ, द्वितीय स्थान पूजा शर्मा, गायत्री विद्यापीठ, तृतीय स्थान तुलेश कुमार यादव दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाद विवाद प्रतियोगिता विपक्ष अ वर्ग प्रथम स्थान प्रिषिता, दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान साक्षी रावटे रायल किड्स कॉन्वेंट, तृतीय स्थान मेहर सिंह नीरज पब्लिक स्कूल, वाद-विवाद प्रतियोगिता विपक्ष ब वर्ग प्रथम स्थान पूजा अग्रवाल मेडिकल कॉलेज,रंगोली प्रतियोगिता अ वर्ग प्रथम स्थान कुमकुम साहू एवं ग्रुप गुरूनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल, ब वर्ग प्रथम स्थान सिमरन एवं ग्रुप दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान सृष्टि गजभिये व श्रृष्टि सूर्यवंशी युगांतर पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान सेवती साहू एवं ग्रुप गुरूनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल को पुरूस्कृत किया गया।

## फोक नदी मनरेगा में बन रहा है कच्चा बंधान, निस्तारी की समस्या होगी दूर

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कवर्धा । कबीरधाम जिले के फोक नदी में बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम बोंदा गांव में निस्तारी की समस्या दूर करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से कच्चा नदी बधान का काम किया जा रहा है। फोंक नदी में कच्चा बधान बंधने से बोदा गांव के ग्रामीणों को आने वाले गर्मी के मौसम में निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने नरेगा के तहत इस कार्य की गुणत्ता जांच करने के लिए जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल के साथ निरीक्षण किया। यहां ग्रामीणों ने बताया कि फोक नदी बाहरमासी है। यहां इस नदी में बारहमाह पानी का बहाव बना रहता है। इस योजना से कच्च बधान बन जाने से और ज्यादा पानी एकत्र होगा, इससे ग्रामीणों को बहुत पानी की समस्या दूर होगी और रोजगार की समस्या भी दूर हो गई है। कच्चा बंधान के लिए नरेगा योजना से आठ लाख 90 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। कलेक्टर श्री महोबे ने इसके अलावा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रगतिरत कार्यो का अवलोकन एवं कार्यों की गुणवत्ता देखने जिले के बैगा एवं आदिवासी बाहुल बोड़ला और पंडरिया विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया।

न्यूज गैलरी

## मछुवा सदस्यता सूची जारी दावा-आपत्ति 21 तक

**बलौदाबाजार-भाटापारा/ नवप्रदेश।** ठाकुरदेव मछुवा सहकारी समिति मर्या. मोपका पं.क्र. 12 के द्वारा राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग छ.ग. के निर्देश पर बोर्ड के सदस्यों का निर्वाचन के संबंध में साधारण सभा/विशेष साधारण सभा संपन्न किया जाना है।

सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बलौदाबाजार, विकासखण्ड भाटापारा के कार्यालय सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या शाखा निपनिया के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो 21 फरवरी 2024 तक सोसायटी कार्यालय में एवं कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बलौदाबाजार में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में 22 फरवरी 2024 को किया जायेगा।

## जिपं सीईओ ने सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश

**नगरी/नवप्रदेश।** जिला पंचायत धमतरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने जनमन के तहत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा कर विभागीय अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बुधवार 14 फरवरी को जनपद पंचायत नगरी के सभाकक्ष में बैठक लेकर जन-मन आवास प्रधानमंत्री आवास सहित समस्त निर्माण कार्य एन.आर.एल.एम स्वच्छ भारत मिशन,मनरेगा जी.पी.डी.पी एवं महतारी वंदन योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी मैदानी अमले उपयंत्री एवं तकनीकी सहायकों को समय सीमा मे कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया,बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.के ठाकुर जिला स्तर के प्रभारी लझियाना, राकेश मिश्रा, जय वर्मा, सी.एस.ध्रुव सहायक विस्तार अधिकारी एस.के.बागडे आरएस नेताम वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपन अधिकारी आनंद साहू उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम से बाजारों में हो रही उठाईगिरी की शिकायत

**नगरी/नवप्रदेश।** सिहावा विधानसभा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला मंत्री भाजपा धमतरी राजेंद्र गोलछा ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर सिहावा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए बाजारों में हो रही उठाईगिरी की चर्चा की। क्षेत्र में वर्षो से साप्ताहिक बाजारों का चलन है। इन साप्ताहिक बाजारों में व्यापारियों के साथ लगातार उठाईगिरी हो रही है जिससे क्षेत्र के व्यवसायी काफी चिंतित हैं। इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने की बात कहते हुए उपमुख्यमंत्री मंत्री विजय शर्मा ने आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

## शिक्षकों ने सीखे हादसों से बचने के गुर

**नगरी/नवप्रदेश।** स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का शाला अवधि के दरमियान होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं से बचाने की पूरी जवाबदारी विद्यालय के शिक्षकों की होती है और शिक्षक यह जवाबदारी तभी अच्छे से पूरा कर सकता है जब वह इसके लिए प्रशिक्षित हो। शिक्षक अगर प्रशिक्षित हो तो विद्यालय में होने वाली शॉर्ट सर्किट से आगजनी,सर्पदंश, बेहोश होकर गिर जाने पर,नाक से खून बहना,मिर्गी के दौरे आने पर प्राथमिक उपचार कर सकता है। उक्त बातें बिहार से पहुँचे डॉ.श्रवण कुमार ने प्रशिक्षण के दरमियान कही। मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण में रायपुर संभाग के धमतरी,गरियाबंद,बलौदा बाजार,महासमुंद और रायपुर जिले के 100 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# पीएम आवास निर्माण में तेजी लाने 54 अभियंता करेंगे सहयोग

**बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत स्वीकृत आवासों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर चंदन कुमार ने विभिन्न विभागों के सहायक अभियंता सहित 54 उप अभियंताओं को अलग अलग ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी दी है। कलेक्टर श्री कुमार ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अभियंताओं की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण के लिए फरवरी से जून तक सबसे उपयुक्त समय है । इस अवधि में सभी स्वीकृत आवास का निर्माण पूरा करना है । आवास निर्माण के लिए अभियंता जरूरी तकनीकी सहयोग के साथ ही हितग्रहियों को निर्माण के लिए प्रोत्साहित भी करें। जो हितग्रही बड़ा मकान बनना चाहते है उन्हें पहले पीएम आवास पूरा करने के बाद विस्तार करने की समझाईश दें। उन्होंने कहा कि हितग्रहियों को यह भी बताएं कि निर्माण में मनरेगा अन्तर्गत मजदूरी का भी भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी अभियंता सम्बंधित ग्राम पंचायतों में जाकर हितग्रहियों से आवास निर्माण के समबन्ध में जानकारी लें और जो भी समस्याएं हैं उनका निराकरण करते हुए आवास निर्माण शुरू कराएं। आवास निर्माण के लिए सामग्री, मिस्त्री, सेंट्रिंग प्लेट इत्यादि की समस्या होने पर तत्काल जिला पंचायत को सूचित करें।

बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में 45 हजार 373 आवास स्वीकृत हुआ है जिसमे से अब तक 39 हजार 245 आवासों का निर्माण हुआ पूर्ण हो गया है। अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 1841, भाटापारा में 454, कसडोल में 2741, पलारी में 925 तथा जनपद पंचायत सिमगा में 167 आवासों का निर्माण जारी है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन सहित सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**धमतरी/नवप्रदेश।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य विभाग की बैठक आहूत की गई। कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर ने टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम के तहत् सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को अपने चिकित्सकीय संपर्को जैसे मेडिकल स्टोर्स, निजी नर्सिंग होम्स, एन.जीओ को निक्षय मित्र बनाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये। साथ ही उपचाररत मरीजों को अतिरिक्त पोषण के रूप फुड बॉस्केट आयुष विग एवं रेडक्रॉस के साथ समन्वय देने कहा गया। कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल ने बताया कि जिले में पंजीकृत रोगी की संख्या 99 पीबी केस एवं 96 एमबी केस उपचाररत है। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कोई भी केस नया पंजीकृत होता है, उसके आसपास के लोगों का सर्वे कर इसके प्रभाव में कमी लाने तत्काल आवश्यक दवाई मुहैय्या कराई जाये तथा लोगों में जागरूकता लाने प्रचार-प्रसार किया जाये। अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत् ऑपरेशन की संख्या बढ़ाने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिये। इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने मलेरिया नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत् लगातार निगरानी रखने तथा मलेरिया व डेंगु मुक्त जिला बनाने के लिये मच्छर से बचाव के उपाय के रूप में मच्छरदानी का प्रयोग, नीम के पत्ती का धुंआ करने व अपने आस-पास मच्छर न पनपने देने के उपाय संबंधी जागरूकता लाने कहा। असंचारी रोग कार्यक्रम के तहत् कैंसर रोगियों का उपचार, किमोथेरेपी जिला अस्पताल में की जा रही है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप मरीजों का भी उपचार निःशुल्क सरकारी अस्पतालों में किया जा रहा है। कलेक्टर ने आयुष विंग एवं एलोपैथी अस्पताल के सभी चिकित्सको को आपसी समन्वय से मरीजों को आवश्यक औषधी उपलब्ध कराने कहा।

## दो सटोरिए गिरफ्तार

**धमतरी-नगरी/नवप्रदेश।** नगरी पुलिस ने बुधवार 14 फरवरी को सट्टा जुआ के दो मामले दर्ज किए। इसमें थाना नगरी में अप0क0 15/24 धारा 6 (क) (छ0ग0)जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत् आरोपी मोरध्वज साहू पिता श्रवण कुमार साहू (44) साकिन अंजनी चौक सांकरा रोड़ नगरी को घटनास्थल अंजनी चौक पान ठेला के पास पकड़ा। उसके कब्जे से 1 कागज के टुकड़े में लिखा सट्टा पट्टी एवं 1 नग डाट पेन व नगदी रकम 8640/- रू व एक नग विवो कंपनी का मोबाईल कीमती 8,000/- रुपए . जुमला कीमती 16,640/- रुपए को जप्त किया गया है। आरोपी का कृत्य अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी को गुरुवार 15फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इसी तरह अप0क्र0 16/24 धारा 6 (क) छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत् आरोपी बल्लू बंजारे पिता स्व0 द्वारपाल बंजारे (47) साकिन वार्ड क. 13 बाजार पारा नगरी थाना नगरी जिला धमतरी छ0ग0 को घटनास्थल बस स्टैण्ड यात्री प्रतिक्षालय नगरी के पास पकड़ा गया। उसके कब्जे से 1 नग सट्टा पट्टी अंक लिखा 1 नग डॉट पेन नगदी रकम 710/- रुपए और एक विवो कंपनी का मोबाईल कीमती 5,000/-रुपए कुल 5,710/- रुपए जप्त किया गया। आरोपी को को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

## स्कूल में बसंत पंचमी पर मातृ-पितृ पूजन दिवस

**फिंगेश्वर/नवप्रदेश।** शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में बसंत पंचमी पर विद्या की देवी मां सरस्वती और मातृ पितृ का पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच अश्विनी राधेश्याम साहू थे। अध्यक्षता संकुल समन्वयक सुखेन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि बीना साहू एवं सीमा तारक थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। छात्र-छात्राओं ने सभी अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत किया। मातृ पितृ पूजन दिवस के अवसर पर छात्रों ने उपस्थित माता-पिता एवं पालकों का आरती उतार कर पूजा वंदन किया तथा सभी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। शिक्षक महेन्द्र पंत ने कहा बसंत पंचमी ऋतुराज बसंत के आगमन की बेला होती है जिसमें हमारे प्रकृति का नव श्रृंगार होता है। इस दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना कर विद्या और बुद्धि प्राप्ति की कामना की जाती है। उन्होंने बताया की बच्चों में उच्च संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। जिससे माता-पिता और बच्चे के बीच सुमधुर संस्कार युक्त संबंध मजबूत हो सके। यह दिन माता-पिता के प्रति सम्मान, प्यार और समर्पण विकसित करने के लिए आयोजित है। माता-पिता अपने बच्चों के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं इसलिए बच्चों का यह नैतिक कर्तव्य है की माता-पिता का सम्मान करें।

## हाई स्कूल मालगांव के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई सांस्कृतिक प्रतिभा

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** गरियाबंद के ग्राम मालगांव में हाई स्कूल के बच्चों द्वारा वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम मालगांव के सरपंच पार्वती ध्रुव, अध्यक्षता फारूख चौधरी प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा, विशेष अतिथि ग्राम पटेल नरसिंग निषाद, ग्राम समिति सचिव भीखम नेताम, ग्राम समिति कोषाध्यक्ष धरमू राम निषाद, ग्राम कोटवार बालक राम नेताम, रमाकांत निषाद, भुनेश्वर निषाद, ग्राम पंचायत मालगांव के पंचगण लंकेश्वर ध्रुव, यशोदा सिन्हा, कचरा निषाद, हाई स्कूल के प्राचार्य सतीश कुमार तिवारी, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक, रीतू परिहार, प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक सुनीता आडिल थे।

कार्यक्रम भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। बच्चों द्वारा रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया इस बीच भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य फारूख चौधरी ने अपने उद्बोधन मे बच्चों के कार्यक्रम का सराहना किए, साथ ही साथ बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी रुचि रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि यहाँ बच्चों को हाई स्कूल के पढ़ाई के बाद आगे की पढ़ाई के लिऐ गरियाबंद जाना पड़ता है जिसमें कई बच्चों के पालक भेजने में असमर्थ होने के कारण बच्चों के आगे की पढ़ाई से वंचित रहना पड़ता है जिसके लिए उन्होंने मालगांव में हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए शिक्षा मंत्री से मिलकर मांग करने की बात भी कही है।

## पेंशनर भवन में बसंती सरस काव्य गोष्ठी आयोजित

**भाटापारा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ एवं लिपिक संघ भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी एवं निराला जयंती के उपलक्ष्य में सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में बसंती सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आशीष पुरोहित पार्षद शंकर वार्ड अध्यक्षता आसाराम अनंत पूर्व जिला अध्यक्ष ने की ।इनके साथ मंच पर आर पी पटेल ,डीएसबिसेन , के के वर्मा ,जी एल वर्मा एवं के एन यदु उपस्थित रहे।

अतिथियों के साथ उपस्थित पेंशनरों एवं साहित्यकारों के द्वारा बसंत पंचमी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती एवं बजरंगबली की तस्वीरों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर पूजन किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने मां शारदे को समर्पित महाप्राण कवि निराला की अमर रचना- वीणा वादिनी वर दे एवं स्वरचित बसंती गीत धरती के अंगना में रंगीन रितु आगे की संगीतमय शानदार प्रस्तुति दी। तबले पर संगत एमके कुलदीप सर ने दी। मुख्य अतिथि आशीष पुरोहित ने उपस्थित समस्त लोगों का अभिवादन कर भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को जीवंत बनाए रखने की प्रशंसा की। उन्होंने अतिथि के रूप में सम्मान दिए जाने पर सभी पेंशनरों का नमन किया। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी वाणी की देवी मां सरस्वती का प्रागट्य दिवस है। मां सरस्वती सब की वाणी में मधुरता भरे यही मेरी कामना है । छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला अध्यक्ष अजय साहू अमृतांशु के संचालन में काव्य गोष्ठी प्रारंभ हुई जिसमें कवियों हेमंत दास मानिकपुरी अगम ,जगदीश साहू हीरा ,अशोक जायसवाल, डॉ सीमा अवस्थी मिनी ,अजय साहू अमृतांशु, आसाराम अनंत, दीपक मिश्रा ,वंदना गोपाल शर्मा शैली ,स्वर्णलता त्रिवेदी, वीणा साहू, रमेश कुमार वर्मा ,गिरधारी लाल वर्मा, जितेंद्र मिश्रा, चंद्र किरण शर्माएवं निवेदिता वर्मा ने अपने छंदों, मुक्तकों, गीतों के माध्यम से मां सरस्वती एवं ऋतुराज बसंत पर अपनी रचनाओं से उपस्थित जनों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।

अंत में संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर परेटन लाल साहू ,बाबूलाल निषाद, मोहनलाल वर्मा और कमल नारायण यदु आदि उपस्थित थे।

## न्यू विस्टा लिमिटेड ने मनाया सड़क सुरक्षा माह

**भाटापारा/नवप्रदेश।** सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा सीमेंट संयंत्र में क्लस्टर हेड राजू रामचंद्रन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सुरक्षा माह मनाया गया। निर्धारित कार्यकम के तहत् पूरे माह सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने तथा सुरक्षा को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने सडक सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों को अलग अलग टीम में सुरक्षा बेल्ट उपयोग, अग्निशमन यंत्र के त्वरित अनुपालन पर भी प्रायोगिक स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें सुरक्षा नियमों के परिपालन संबंधी जानकारी दी गयी । सुरक्षा माह के अंतिम दिन कंपनी परिसर में समापन कार्यकम का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर थे। कंपनी क्लस्टर हेड राजू रामचंद्रन, आपरेशन हेड रविश गालव, संयंत्र के सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संयंत्र के सुरक्षा प्रमुख अंकुर बंसल ने सुरक्षा गतिविधियों की जानकारी दी। सी.एस.आर.की ओर से कुकुर्दी गांव के स्कूली बच्चों ने सडक सुरक्षा पर आकर्षक नुक्कड नाटक की प्रस्तुत कर सभी को सुरक्षित वाहन चालन का संदेश दिया। कंपनी कर्मियों के बीच सडक सुरक्षा से संबंधित प्रश्नोत्तरी रखा गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृत कुजूर ने न्यू विस्टा लिमिटेड द्वारा सुरक्षा के मानकों का पालन करने की प्रशंसा की। उन्होंने रोड सुरक्षा पर विस्तार से सार्थक एवं सारगर्भित जानकारी दी। सुरक्षा है तभी हमारा जीवन सुखमय है तथा सभी से सुरक्षा अपनाने की अपील की।

इसके बाद मुख्य अतिथि ने सुरक्षा पर बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं नुक्कड नाटक की प्रस्तुति देने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया । इस अवसर पर प्लांट हेड राजू रामचंद्रन ने कहा कि सुरक्षा सिर्फ किसी सप्ताह, माह या वर्ष का विषय नहीं है बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन में हर काम में शामिल होना चाहिये ताकि हम अपने परिवार, अपने संस्थान तथा देश को सुरक्षित रख सकें। मानव संसाधन प्रमुख संजय सुथार ने कार्यक्रम में भागीदारी देने के लिये सभी का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा जागरुकता रैली निकालकर लोगों को सुरक्षा पालन का संदेश दिया , साथ ही रिसदा मेन रोड पर 50 वाहन चालकों को रोक कर निःशुल्क हेलमेट देकर सुरक्षा नियम का पालन करने की शपथ दिलाई गई।


**न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2018-19
पक्षकार प्रमिला ग्राम चुचरूंगपुर
रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रमिला पति फेरूराम जाति सतनामी ग्राम चुचरुंगपुर प.ह.नं. 03 रा.नि.म. देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम-चुचरूंगपुर स्थित भूमि ख.नं. 636/5 रकबा 0.198 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे आवेदिका के नाम पर शामिल खाते के रूप मे दर्ज है। उक्त भूमि का मूल भू अधिकार ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण आवेदक को कृषि विकास कार्य मे परेशानिया हो रही है। इसलिए उक्त भूमि का डूप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन मय खाते का नकल बी-1, कर्ज नही प्रमाण पत्र, प्रस्तुत करने से प्रकरण प्रारंभ किया गया। जो इस न्यायालय मे विचारधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 06/03/2024 को दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 29/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया ।

सील — **तहसीलदार पलारी**

**न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा(छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2018-19
पक्षकार बिरिजबाई ग्राम चुचरूंगपुर
रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बिरिजबाई पति फेरूराम जाति सतनामी ग्राम चुचरुंगपुर प.ह.नं. 03 रा.नि.म. देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम-चुचरूंगपुर स्थित भूमि ख.नं. 448/2 रकबा 0.151 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे आवेदिका के नाम पर एकल खाते के रूप मे दर्ज है। उक्त भूमि का मुल भू अधिकार ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण आवेदक को कृषि विकास कार्य मे परेशानिया हो रही है। इसलिए उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन मय खाते का नकल बी-1, कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, प्रस्तुत करने से प्रकरण प्रारंभ किया गया । जो इस न्यायालय मे विचारधीन है

अतएव उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 19/02/2024 को दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 05/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार पलारी**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार टेकराम ग्राम टिला
रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक टेकराम पिता मंगलूराम जाति केवट निवासी ग्राम टीला प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13 (3) के तहत अपने दादा बलदू पिता सहदेव जाति केवट कि मृत्यु दिनांक 20.07.2008 को ग्राम टीला में हुआ था। जिसका पंजीयन भुल वष या अज्ञानता के कारण नही करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पजीयन किये जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय मे विचारधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में अपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 21/02/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 07/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथ पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार पलारी**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेन्द्र श्रीकिशन फोपलिया, पिता श्रीकिशन दास फोपलिया , निवासी एम आई जी 102 वॉर्ड न 45 पद्मनाभपुर, दुर्ग, दुर्ग, दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हू कि मैंने अपना यह पुराना नाम राजेन्द्र श्रीकिशन फोपलिया व राजेन्द्र महेश्वरी को त्याग कर अपना नया नाम राजेन्द्र माहेश्वरी रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम से ही जाना पहचाना जावे।

राजेन्द्र माहेश्वरी
एम आई जी 102 वॉर्ड नो 45
पद्मनाभपुर, दुर्ग, दुर्ग, दुर्ग (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आरती फोपलिया, पति राजेन्द्र माहेश्वरी , निवासी एम आई जी 102 वॉर्ड न 45 पद्मनाभपुर, दुर्ग, दुर्ग, दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करती हू कि मैंने अपना यह पुराना नाम आरती बाई महेश्वरी व आरती फोपलिया को त्याग कर अपना नया नाम आरती माहेश्वरी रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम से ही जाना पहचाना जावे।

आरती माहेश्वरी
एम आई जी 102 वॉर्ड नो 45
पद्मनाभपुर, दुर्ग, दुर्ग, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202402100400295/
अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका तुलेश्वरी साहू आ./पति युवराज निवासी सांईनगर बघेरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 151/2 रकबा 0.0114 हें/ 1229 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. नं. 202402100400296/
अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अरीना देवांगन आ./पति पोसेन्द्र कुमार देवांगन निवासी बोड़ेगांव ननकट्ठी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1179/11 रकबा 0.0091 हें/ 980 वर्गफीट के पुस्तकालय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202402100900033
/ब/121/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम दरबार मोखली प.ह.नं. 33 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक दिनेश पिता स्व. मेहत्तर राम जाति कुर्मी निवासी दरबार मोखली तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदकगण के नाम पर दर्ज मौजा ग्राम दरबार मोखली प.ह.न. 33 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित संयुक्त खाते की भूमि आवेदक दिनेश पिता स्व. मेहत्तरराम व अन्य के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नं. 154, 155, 156/2, 158, 159/2, 161/2, 163, 241/4 रकबा 0.35, 0.42, 0.06, 0.29, 0.18, 0.14, 0.07, 0.48 हे. दर्ज होने किन्तु मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक दिनेश पिता स्व. मेहत्तर राम जाति कुर्मी निवासी दरबार मोखली तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि दिनांक 27.02.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग(छ.ग.)**

## न्यूज गैलरी

### जवाहर वार्ड में गांव चलो घर-घर चलो अभियान

**मुंगेली/नवप्रदेश।** जवाहर वार्ड में आज गांव चलो घर, घर चलो अभियान के तहत बूथ स्तरीय अभियान में बूथ प्रभारी एवं नगर महामंत्री मुकेश रोहरा नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता उमाकांत सिंह, डॉ. संजय गोस्वामी, रोशन पाण्डेकर, कमलेश, डोमन दीक्षित एवं वार्ड कार्यकर्ताओ के साथ घर-घर जाकर केंद्र के मोदी सरकार के महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना, दो साल का धान बोनस, प्रधानमंत्री आवास योजना, अयोध्या में प्रभू रामलला का दर्शन योजना, अगले पांच साल तक मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण योजना के बारे में वार्डवासियों से विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें जानकारी प्रदान किया गया। निकट भविष्य में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजय दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी को पुनः तीसरी बार फिर से मोदी सरकार का संकल्प लिया गया।

### केएसटी भर्ती परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल का गठन

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 18 फरवरी को सर्वेयर (केएसटी23) भर्ती परीक्षा पूर्वान्ह 10:00 से 12:15 बजे केन्द्र क्रमांक 1101 से 1105 तक कुल 05 परीक्षा केन्द्रों में एवं अनुरेखक (चस्ञ्ज23) भर्ती परीक्षा अपरान्ह 02:00 से 04:15 बजे केन्द्र क्रमांक 1101 से 1104 तक कुल 04 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जावेगी। उक्त परीक्षा के सफल संचालन, अनैतिक कार्यों/नकल आदि को रोकने हेतु राजीव गांधी शा.पी.जी. अम्बिकापुर, शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय न्यू बस स्टैण्ड अम्बिकापुर, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर, शासकीय मल्टीपरपज उ.मा.वि. अम्बिकापुर और शासकीय कन्या उ.मा.वि. गुरुद्वारा के पास स्कूल रोड़ अम्बिकापुर के लिए (रा.) अनुविभागिय अधिकारी फागेश सिन्हा, अम्बिकापुर तहसीलदार उमेश बाज और नायब तहसीलदार अजय कुमार गुप्ता का उड़नदस्ता दल गठित किया गया है।

### बंसत पंचमीं पर सरस्वती पूजा के साथ मातृ-पितृ दिवस

**सक्ती/नवप्रदेश।** आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कसेरपारा सक्ती बसंत पंचमी के पावन पर्व पर वीणा वादिनी, ज्ञान दायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना का कार्यक्रम भव्य मनाया गया इस अवसर पर सुबह से ही विद्यालय के बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे तथा इस अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ वीणा वादिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर उन्हें पुष्प अर्पित किए गए, साथ ही भोग प्रसाद भी लगाया गया इस दौरान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कसेरपारा सक्ती प्राचार्य मैडम पी गबेल, शिक्षक देवाशीष बनर्जी रेखा शंकर देवांगन संजय साहू योगेश यादव जीवन लाल अरमान समीम खान शकुंतला तिवारी सरस्वती यादव विजयलक्ष्मी कंवर स्टॉप उपस्थित रहे।

# गांव से कुछ दूरी पर बनेगा रेलवे अंडरब्रिज, ग्रामीणों की मांग मंजूर

**पानी निकासी के लिए पुल बनाए जाने का काम होगा शुरू**

**पेंड्रारोड/नवप्रदेश।** गेवरारोड रेल लाइन निर्माण का काम को लेकर पेंड्रा के धनगवां बरपारा के ग्रामीणों ने सड़क को बंद किए जाने से नाराज होकर धरना प्रदर्शन किया था। इसका निराकरण रेलवे ठेका कंपनी और प्रशासन ने शुरू कर दिया है। इसके अलावा ग्रामीणों की अन्य मांगों पर भी प्रशासन निराकरण करने की दिशा में काम शुरू भी हो गया। पीपीपी मॉडल के तहत राज्य सरकार सीसीएल और रेलवे का संयुक्त उपक्रम के तहत बनाई जा रही महत्वाकांक्षी ईस्ट वेस्ट रेल परियोजना का काम तेजी से हो रहा है। दरअसल, एक पखवाड़े पहले धनगवां के ग्रामीणों ने पुल की मांग को लेकर धरना करते हुए जमकर नारेबाजी की थी। आवाजाही के लिए पुल की मांग की थी ग्रामीणों की मांग थी कि गांववासियों की आवाजाही के लिए जब तक पुल नहीं दिया जाता है, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने भी ग्रामीणों की इस मांग का समर्थन करते हुए धरना आंदोलन में शामिल हुए थे। रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर बनेगा अंडर ब्रिज इसके बाद अब रेलवे ठेका कंपनी इरकॉन और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यह निराकरण निकाला है कि धनगवा में जहां रेलवे स्टेशन इसके बाद अब रेलवे ठेका कंपनी इरकॉन और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यह निराकरण निकाला है कि धनगवा में जहां रेलवे स्टेशन बनना है उससे कुछ ही दूरी पर एक अंडर ब्रिज बनाते हुए उसको बारहमासी आवाजाही के लिए सुगम बनाए जाने की दिशा में कार्य कराया जा रहा है। इससे ग्रामीण अब उस अंडरब्रिज से आना-जाना कर सकेंगे। ग्रामीणों की आवाजाही के लिए सुलभ मार्ग का प्रयास गौरेला एसडीएम अमित बेक ने बताया कि ग्रामीणों ने रेल लाइन को लेकर विरोध दर्ज कराया था जिसमें उनको आशंका थी कि रेल लाइन के तहत बनाए जा रहे हैं अंडरब्रिज में पानी भर जाएगा और आना-जाना बंद हो जाएगा। इसके साथ ही कई अन्य मांग भी उन्होंने की थी जिसके तहत अब निराकरण निकाल लिया गया है। अंडरब्रिज के पास एक पुल भी बना कर पानी निकासी की व्यवस्था की जा रही है और ग्रामीणों की आवाजाही के लिए मार्ग हमेशा सुलभ रहे ऐसा प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों की बाकी मांगों को भी गंभीरता पूर्वक निराकरण कराया जा रहा है।

## पेंशन अंशदान शासकीय कोष में जमा करने की शर्त हटाने की मांग

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शिक्षक एलबी संवर्ग को पुरानी पेंशन का लाभ हेतु शासकीय सेवा में 30 वर्ष की बाध्यता को शिथिल कर पांच वर्ष किया जाकर उनके एनपीएस खाते में जमा शासकीय अंशदान को शासकीय कोष में जमा करने वाली शर्तें को हटाया जाए।

गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग ने वित्त मंत्री के पुरानी पेंशन को जारी रखने का विधान सभा में घोषणा का स्वागत किया है तथा शिक्षक एलबी संवर्ग के सेवानिवृत्त होने पर पेंशन हेतु शासकीय सेवक के रूप में काम करने के लिए निर्धारित समयावधि के अभाव में वंचित होने से बुढ़ापे का सहारा से दो चार होना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में संगठन ने शिक्षक एलबी संवर्ग को पेंशन का सहारा देने के लिए पदोन्नति हेतु वन टाइम रेलेक्सशेसन की भांति 5 वर्ष शासकीय सेवक के रूप में काम करने की सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधानित नियम में संशोधन कर शिथिल करने की मांग की है। संगठन के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती संगीता पाटले, प्रदेश सचिव राधेश्याम टंडन, उप प्रांताध्यक्ष भोला राम मरकाम, नरेंद्र जांगड़े, दिनेश बर्वे, चेतन चतुर्वेदी, पियासी बघेल, दिनेश घोसले, लखु ढिढि, एमके राणा, सनत बंजारे, बसंत जांगड़े, परस अंचल, सिद्ध राम भास्कर, बसंत बंजारे, एवन बंजारे, संतोष कुमार सोनकर ने छत्तीसगढ़ सरकार से 2004 से 31 मार्च 2022 तक नियुक्त शासकीय सेवक को पूरानी पेंशन का लाभ लेने संबंधी 20 जनवरी 2023 के आदेश एनपीएस खाते में जमा शासकीय अंशदान व अर्जित लाभांश को शासकीय कोष में जमा करने संबंधी शर्त को हटाने की मांग की है।

### मंत्रोच्चार के साथ परशुराम मंदिर में सामूहिक उपनयन संस्कार

**लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश।** सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 14 फरवरी दिन बुधवार को बसंत पंचमी के सुअवसर पर भगवान परशुराम मंदिर सूरजपुर में ब्राह्मण बालकों का विधिवत सामूहिक उपनयन संस्कार कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला सूरजपुर , के अलावा आसपास दूसरे ब्लाकों से आये ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ अनुभवी जानकार पंडितों द्वारा उपनयन (जनेऊ) संस्कार कराया गया । उपनयन संस्कार पंडाल में दूर-दूर से आये ब्राह्मण समाज के महिला पुरुष बुजुर्ग बच्चे काफी संख्या में उपस्थित रहे। कराये गये सामुहिक उपनयन (जनेऊ) संस्कार से जहां ब्राह्मण समाज में बेहतर संदेश पहुंचेगा वहीं इस तरह के आयोजन से समाज को एक आयाम ही नहीं अपितु दिशा भी मिलेगी।

### बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शासकीय प्राथमिक शाला मदनपुर में बसंत पंचमी उत्सव के अवसर पर शिक्षक, पालकों एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सरस्वती पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती पूजन के अवसर पर पालकों की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। इस अवसर पर सभी माताओं का आगमन पीले वस्त्र में हुआ। मां सरस्वती की पूजा करने के लिए पालक माताएं पूजा के सामाग्री के साथ विद्यालय पहुंची थी। इस अवसर पर मां सरस्वती का पूजन, अर्चन एवं संगीतमय आरती संपन्न हुआ। मां सरस्वती के पूजन के पश्चात मातृ-पितृ दिवस को गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी माता-पिता का पूजन उनके बच्चों के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रांगण में बच्चों के द्वारा अपने पालकों की पूजा वास्तव में संस्कार का रोपण है। इसी उम्र के बच्चों को अपने से बड़ों के सम्मान का संस्कार सिखाया जाता है। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देखकर पालक हर्षित थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक देवेंद्र परिहार ने कहा कि हमारे विद्यालय को पालकों एवं ग्रामवासियों का सदैव सहयोग मिलता रहा है। प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यक्रमों में पालकों की अच्छी सहभागिता हमेशा रहती है। कल 15 फरवरी को शासकीय प्राथमिक शाला मदनपुर में भव्य वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक, एस एम सी सदस्य एवं पालक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के प्रधान पाठक देवेंद्र परिहार सहित ज्ञानेश्वरी परिहार, दामिनी परिहार, विक्रम सिंह, निलेश्वरी साहू, उमा नेताम, नरेश साहू आदि सक्रियता से लगे हुए थे।

## अमरकंटक में मां नर्मदा प्रकटोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**पेण्ड्रा/नवप्रदेश।** अमरकंटक में मां नर्मदा प्रकटोत्सव के प्रथम दिवस मां नर्मदाजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, 16 तारीख प्रकटोत्सव दिवस पर माताजी का विशेष श्रृंगार के उपरांत पूजन अर्चन-महाआरती तीन दिन होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर तैयारी जोर शोर से चल रही नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में मां नर्मदा जी के प्रकटोत्सव कार्यक्रम 17 फरवरी तक बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ पूरे अमरकंटक नगर क्षेत्र में मनाया जायेगा।

मां नर्मदा प्रकटोत्सव के कार्यक्रम के लिए अनूपपुर जिले के कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के नेतृत्व में एवं पुष्पराजगढ़ एसडीम दीपक पांडेय के देखरेख में पूरे नगर में तैयारी बड़े जोरों शोरों से चल रही है, जहां प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी है, वहीं स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं ने मां नर्मदा प्रकटोत्सव के लिए अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर के युवाओं के द्वारा पूरे नगर में साज सज्जा का कार्य किया जा रहा है। वहीं स्थानीय प्रशासन नगर परिषद अमरकंटक के सीएमओ चैन सिंह परस्ते एवं उपयंत्री देवल सिंह बघेल के नेतृत्व में पूरे नगर की साफ सफाई और नगर की सजावट में लाइटिंग, टेंट की व्यवस्था और जगह-जगह पर होल्डिंग की लगाने की कमान अपने हाथों में ले रखी है। इसी तरह अमरकंटक विकास प्राधिकरण एवं नर्मदा मंदिर ट्रस्ट के द्वारा पूरे मंदिर प्रांगण को रंग रोगन का काम एवं लाइटिंग का काम सब इंजीनियर सुमित चौकसे के तत्वाधान में पूरे जोश के साथ किया जा रहा है। पूरे नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। नर्मदा प्रकटोत्सव कार्यक्रम तीन दिवसीय चलेगा जिसमें प्रथम दिवस माताश्री नर्मदा जी की भव्य विशाल शोभायात्रा श्री नर्मदा मंदिर प्रांगण से होते हुए पंडित दीनदयाल चौक से वापस पूरे नगर भ्रमण पश्चात पुनः नर्मदा मंदिर प्रांगण अमरकंटक में समाप्त होगी। तत्पश्चात अखंड संकीर्तन %%ओम नमो नर्मदा माई रेवा - पार्वती वल्लभ सदा शिवा%% का आयोजन प्रारंभ होगा जो अखंड 24 घंटा चलेगा। उसके पश्चात शाम 5ः30 से सारेगामा फिल्म शरद शर्मा का विशेष रात्रि जगराता का आयोजन भी होगा एवं 16 तारीख नर्मदा जयंती के पावन पर्व दिवस पर माता श्री नर्मदा जी का विशेष श्रृंगार के उपरांत पूजन अर्चन के बाद विशाल कन्या पूजन, प्रसाद वितरण कर समस्त श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे रूपी प्रसाद का आयोजन समिति के द्वारा किया जायेगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

क्र./13 / न.पा.नि./आपदा प्रबंधन/ 2024-25 बीरगांव, दिनांक 05/02/2024

**मैन्युअल पद्धति वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना- 2024-25 (1st Call)**

निम्नानुसार कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ''बी'' में पात्र ठेकेदारों/फर्मों से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 22.02.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 22.02.2024 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 28.02.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 28.02.2024 सायं 4.00 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत लाख रु. |
|---|---|---|
| 1 | आपदा प्रबंधन/निकाय के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नाली/नालों की सफाई/ कच्ची सड़क सफाई, ड्रेसिंग, लेवलिंग एवं मरम्मत/ एस.एल.आर.एम. केन्द्रों में कचरा प्रबंधन एवं अन्य कार्य | 19.95 |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त


# 101 किलो दूध से मां अंगारमोती परमेश्वरी का हुआ श्रद्धा अभिषेक

**मुंगेली/नवप्रदेश।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां अंगारमोती माता परमेश्वरी मंदिर पंडरिया रोड पुराना पानी टंकी के पास धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अंगारमोती मन्दिर में श्रद्धालुओं ने 400 किलो से अधिक दूध से दुधाभिषेक किया गया। जिसमें देवांगन समाज के लोगों द्वारा मन्दिर पहुँचकर 101 किलो दूध से मां अंगारमोती परमेश्वरी मन्दिर में दुधाभिषेक करते हुए समाज की सुख, शान्ति, खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुंगेली देवांगन समाज से छत्तीसगढ़ देवांगन समाज के कार्यकरणी सदस्य अमरनाथ देवांगन, छत्तीसगढ़ देवांगन समाज के मीडिया प्रभारी कोमल देवांगन, विवेकानंद वार्ड पार्षद गायत्री आनंद देवांगन, देवांगन समाज मुंगेली के जिलाध्यक्ष आनंद देवांगन सक्रिय सदस्य सुदामा देवांगन, अजय देवांगन, जगदीश देवांगन, नानू देवांगन मौजूद रहे। इस दौरान समाज के लोगों ने नगरवासियों को ऋतु परिवर्तन के पर्व बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा और 14 फरवरी मातृ-पितृ पूजन दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। समाज के लोगों ने कहा है कि ऋतुराज बसंत के स्वागत में बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया जाता है। इस समय प्रकृति अपना सर्वोच्च निखार लिए होती है, इसलिए बसंत पंचमी को हरियाली और फसल का त्यौहार भी माना जाता है। बसंत पंचमी के दिन विद्या, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती की भी आराधना की जाती हैं। बसंत पंचमी का पर्व सभी के जीवन में नई उमंग, ऊर्जा और उत्साह लेकर आए। देवांगन समाज के कुल देवी मां परमेश्वरी है। जिसके आशीर्वाद से आज समाज के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। 14 फरवरी पर समाज के लोगों ने कहा है कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने और संस्कृति को सहेज कर रखने के लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में बसंत पंचमी के दिन मातृ-पितृ दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इससे माता-पिता और बच्चों के बीच का बंधन और मजबूत बनेगा और बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण होगा। यह दिन माता-पिता के प्रति सम्मान, प्यार और देखभाल के संस्कार विकसित करने के लिए समर्पित है। माता-पिता की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं है। माता-पिता अपने बच्चों के लिए दिन रात मेहनत करते हैं।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email ID-eocghbzone1@gmail.com

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. I भवन योजना के अंतर्गत भूखण्डों में से भूखंड क्रमांक एल.आई.जी. I/1082 श्री नरेन्द्र जैन पिता श्री मगनलाल जैन को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 05.02.2010 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 12/1/2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती नेहा कौर वालिया पति श्री कुलदीप सिंह वालिया के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अत किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,
कबीर नगर, रायपुर



**न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ0ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2018-19
पक्षकार बृजलाल ग्राम घिरघोल
रा.नि.मं. पलारी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजलाल पिता रामभरोसा जाति कुर्मी ग्राम घिरघोल प.ह.नं. 23 रा.नि.म. पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम-घिरघोल स्थित भूमि ख.नं. क्रमशः 553/6, 554 रकबा कमशः 0.202, 0.049 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के पिता के नाम पर एकल खाते के रूप मे दर्ज है। खातेदार की मृत्यु दिनांक 20/02/2018 को चुका हैं। उक्त भूमि का मूल भू. अधिकार ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण आवेदक को कृषि विकास कार्य में परेशानिया हो रही है। इसलिए उक्त भूमि का डूप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन मय खाते का नकल बी-1, कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, प्रस्तुत करने से प्रकरण प्रारंभ किया गया। जो इस न्यायालय में विचाराधिन है

अतएव उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 19/02/2024 को दावा /आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 05/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील तहसीलदार पलारी



**न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ/6(अ) वर्ष 2023-24
पक्षकार इन्द्रजीत पिता खिलावन बघेल
मौजा ग्राम बलौदी प.ह.नं 27
रा.नि.मं. व तहसील पलारी,

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्द्रजीत पिता खिलावन बघेल जाति सतनामी निवासी बलौदी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बलौदी प.ह.नं. 27 तहसील पलारी स्थित भूमि कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.688 हे. भूमि आवेदक के दादा चन्द पिता छोटू जाति सतनामी के नाम पर दर्ज है जिसमें से ख.नं. 590/4 रकबा 0.162 हे. एवं 590/5 रकबा 0.520 हे. भूमि ऑनलाईन भूईया में दर्ज नहीं है जिसे ऑनलाईन भईया पोर्टल में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन मय ऋण पुस्तिका की छायाप्रति व बी-1 खसरा की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 28/02/2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियात बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील तहसीलदार पलारी



**Chhattisgarh State Co-operative Marketing Federation Ltd, 6th Floor, C Tower, Commercial Complex, CBD, Sector 21, Head office, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur-492002**
Tel No 0771-2425420, 2425421
E-mail:mf_ctrlroom_raipur@gov.in,
Website:www.markfed.cg.nic.in

Markfed/Audit/2023-24/5023/ Raipur, Dated 15/02/24

**Expression of Interest (EOI)**

Kind attention to all that with respect to EOI Tender No. S-39458 MARKFED has invited applications for doing statutory audit work for FY 2023-24 and 2024-25 which has been cancelled due to some unforseen reason. Thus fresh applications are again invited from Chartered Accountant firms having Head office in Chhattisgarh and branch office in Raipur and empanelled with Registrar Co-operative Societies for doing Statutory Audit under Chhattisgarh Co-operative Act, 1960 for the financial year 2023-24 & 2024-25 Interested C.A.firm may submit prescribed application form as per below schedule:

Last date of submission of EOI 29/02/2024 Time-4.00 pm

Date of opening of EOI 29/02/2024 Time-5.00pm

Any modification/amendment, if any, will be published in website only.

Detail information can be seen in our website www.markfed.cg.nic.in

**S.-39680/1** **Chief Accounts Officer/ /FC**


# श्रद्धा के साथ हुई सरस्वती पूजा

**लखनपुर-सरगुजा।** स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों तथा नीजी घरों में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस मौके पर विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियो तथा आम श्रद्धालुओं ने ज्ञान, कला और साहित्य की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना सच्चे मन से भक्ति भाव के साथ किया। नगर लखनपुर के बालक / कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अलावा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालय, शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं तथा निजी शैक्षणिक संस्थान नेहरू बाल मंदिर, एचिवहर, गुरुकुल विद्यापीठ में मां सरस्वती के प्रतिमा छाया चित्र स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अनुष्ठान छात्र छात्राओं गुरूजनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। स्कूली बच्चे सजे धजे परिधानों में स्कूलों में पहुंच कर वीणा वादनी के सम्मुख विधिवत पूजा अर्चना कर कला ,साहित्य, संगीत की शिक्षा पाने वरदान मांगे। मां सरस्वती के अनन्य भक्तों ने भी अपने निजी घरों में मां सरस्वती के पूजा अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किये। बसंत पंचमी के मौके पर स्थानीय नीजी शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को शिक्षा आरंभ कराया गया जिसके बतौर मुख्य अतिथि सौरभ अग्रवाल रहे। 12 बच्चों को विद्यारंभ कराया गया।


**केनरा बैंक Canara Bank** | **शाखाः जी.ई, रोड, भिलाई (छ.ग.)**

**अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठित तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

| क्र. सं. | ऋणी का नाम | कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना राशि | मांग सूचना तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी- श्रीमती रोशनी राव पति- जी. श्रीनिवास राव एवं सह-ऋणी- श्री जी. श्रीनिवास राव पिता- स्व. जी. रमना मुरारी, दोनों का पता- प्लॉट नं. 36, वृंदावन कॉलोनी, उमदा रोड, भिलाई-3 दुर्ग-490021. | खसरा नंबर 258/1 के हिस्से में शामिल "वृंदावन" के नाम से जाना जाता है। प.ह.नं. 01, मौजा- उमदा, आर.आई.सी. -भिलाई, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित आवासीय मकान प्लॉट नं. 36. चौहद्दीः उत्तर- प्लॉट नंबर 35, दक्षिण- प्लॉट नंबर 37, पूर्व- प्लॉट नंबर 39 व 40, पश्चिम- सड़क। | ₹ 29,84,135.02 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ। | 23.11.2023; कब्जा सूचना तिथि: 14.02.2024 |

दिनांक : 15.02.2024, स्थानः भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## न्यूज गैलरी

### लोस कार्रवाई की उपस्थिति में अव्वल रहे सांसद मोहन

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। सांसद मोहन मंडावी ने लोकसभा में शत प्रतिशत बैठकों में लिया हिस्सा। कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी ने लोकसभा की 274 बैठकों में हिस्सा लेकर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई है बता दें कि सांसद मोहन मंडावी ने अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व लोकसभा में शत प्रतिशत कर अपनी दायित्व को शानदार रूप से प्रदर्शित किया है उन्होंने कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी लोकसभा की कार्यवाही में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर की ओर से आदरणीय सांसद महोदय को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलवामा में जवानो को ले जाने वाले सी0आर0पी0एफ0 वाहनों के काफिले पर हुए आत्मघाती हमले में 40 जवानो की शहादत हुई थी।शहीद जवानो की याद मे 14 फरवरी 2024 को जय स्तंभ चौक दंतेवाड़ा में मोमबत्ती जलाकर शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित हुए 7 इस दौरान धीरेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश शर्मा, कुलदीप ठाकुर, जयदयाल नागेश, गुप्त कैलाश मिश्र, रूपन मंडल, कुणाल ठाकुर, जय भंसाली, बृजेश राणा, निखिल नाग, कीर्ति ठाकुर, भावना परगनिया, शिव प्रताप सिंह, गुलशन नईक, हिमांशु परगनिया, सुमित ओयामी, अविनाश मिश्रा, कमला बैरागी, दीपेश पटेल, शुभम मिश्रा, हर्ष प्रधान, आर्यन शर्मा, राहुल ठाकुर जय स्तंभ चौक पर उपस्थित हुए।

### वसंत पंचमी पर निराला की रचनाधर्मिता पर विशद वार्ता

कवर्धा/नवप्रदेश। वसंत पंचमी के अवसर पर बुधवार 14 फरवरी की शाम को वनमाली सृजन केन्द्र एवं पाठक मंच की संयुक्त संगोष्ठी सर्किट हाउस के अशोक हॉल में संपन्न हुई। समीक्षक अजय चन्द्रवंशी ने महाप्राण निराला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का विवेचन करते हुए निराला की सुप्रसिद्ध रचना राम की शक्तिपूजा की विशद व्याख्या की। अजय ने कहा कि यह कविता अपने उदात्त भावबोध और संघर्षशीलता के कारण हर दौर के पाठकों को आकर्षित करती रही है तथा निराला के व्यक्तिगत जीवन का द्वंद्व राम की छवि में घुलमिल जाता है। यह कविता अन्याय की विडम्बना से शुरू होकर न्याय की आशा पर समाप्त होती है। नीरज मनजीत ने कहा कि निराला की रचनाएं जीवन की समग्रता में व्यक्त होती हैं, वे छायावाद के प्रवर्तक कवियों में से थे किंतु वे यहाँ रुकते नहीं हैं और उनकी रचनाएं प्रयोगवाद व प्रगतिवाद तक पहुँचती हैं। नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने कहा कि निराला की रचनाएं विद्रोह को स्वर देती सर्वहारा वर्ग के पक्ष में खड़ी होती हैं। आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि वे सचमुच निराले व्यक्तित्व के कालजयी कवि थे। समयलाल विवेक ने कहा कि हमें निराला जैसे अग्रज कवियों से दिशा मिलती है। महेश आमदे ने कहा कि निराला छायावाद के चार स्तंभों में से एक थे। सुखदेव सिंह अहिलेश्वर ने निराला पर कविता के साथ मां सरस्वती पर सस्वर कविता पढ़ी। प्रभाकर शुक्ला, प्रह्लाद पात्रे व रेखा गुप्ता सुधीजन के रूप में उपस्थित थे। कविता पाठ के दूसरे सत्र में नवयुवा कवि यशवंत रजक ने दो कविताएं पढ़ी। सात्विक श्रीवास्तव ने बदलती जीवनशैली को रेखांकित किया। महेश आमदे ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर कविता सुनाई। भागवत साहू, संतराम थवाईत, रमेश चौरिया, अंकुर गुप्ता ने जीवन की विडंबनाओं को व्यक्त किया।

### आंगनबाड़ी में सरस्वती पूजन कर मनाया गया मातृ-पितृ दिवस

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पालिका बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 11 के आंगनबाड़ी में बच्चों के द्वारा सरस्वती पूजा कर माता-पिता की पूजा अर्चना कर माता पिता से आशीर्वाद लिया। मातृ-पितृ दिवस के अवसर पर नीतू कोठारी ने बताया कि आज आंगनबाड़ी के बच्चों और किशोरी बालिका द्वारा माता-पिता की पूजा की गई। 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के बच्चों में नैतिक शिक्षा, संस्कृति और संस्कार के मानवीकरण कर मातृ-पितृ दिवस मनाने का निर्णय लिया है, ये विष्णुदेव सरकार की नेक पहल है।

# दवाखाने में इंजेक्शन लगाने के बाद ग्रामीण की मौत, मचा बवाल

**■ जिपं अध्यक्ष ने नेतृत्व में मृतक के परिजन पहुंचे कोतवाली, संचालक के खिलाफ कराई एफआईआर**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।बीते कुछ दिन पहले भास्कर दवाखाना नाम से संचालित प्राइवेट क्लीनिक में चंदेनार के ग्रामीण इलाज कराने पहुँचे थे। क्लीनिक के संचालक द्वारा ग्रामीण ईलाज के नाम पर कोई इंजेक्शन लगाया गया, जिससे उसकी एक घंटे बाद मौत हो गई। इस घटना की जानकारी जब ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा को दी तो उन्होंने तत्काल क्लीनिक संचालक के ऊपर एफआईआर दर्ज करने ग्रामीणों को जिला मुख्यालय बुलाया। आज कोतवाली पहुँच मृतक के परिजनों ने जिपं अध्यक्ष के नेतृत्व में क्लीनिक संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया। मृतक परदेशी तेलाम के परिजनों ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे परदेशी को शरीर में दर्द और पेट में दर्द शुरू हुआ, जिसके बाद उसे परिजनों ने भास्कर दवाखाना लेकर गए। वहाँ दवाखाना के संचालक द्वारा कोई पाउडर घोल के पीने के लिए दिया गया फिर इंजेक्शन लगाई गई। मरीज का हालत बिगड़ता देख संचालक ने उन्हें क्लीनिक से जल्दी जाने को कहा। परदेशी के परिजन उसे दूसरे डॉक्टर को दिखा पाते उससे पहले परदेशी ने दम तोड़ दिया। इस घटना को लेकर जिपं अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भास्कर दवाखाना शुरू से ही हमारे भोले भाले आदिवासी भाई-बहनों के साथ छल करता आ रहा है। इससे पहले भी उसके खिलाफ कई शिकायतें आ चुकी पर स्वास्थ्य विभाग हमेशा उसे संरक्षण देता आ रहा है। तुलिका ने कहा कि चंदेनार के ग्रामीणों की तरह कई अंदुरुनी गाँव के ग्रामीण भास्कर दवाखाने के संचालक की बातों में आ जाते हैं और इलाज के नाम पर उसे मोटी रकम अदा कर देते हैं। एक वर्ष पूर्व भी भास्कर दवाखाना को सील किया गया था जिसकी जांच राजेश राय ब्लाक मेडिकल ऑफिसर के द्वारा की गई थीं पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई खामियां नही पाई गई और फ़िर झोलाछाप डाक्टर को खुली छूट दे दी गई अभी नही हुई है एफ आई आर पीएम रिपोर्ट के बाद होगी एफ आई आई सारे दस्तावेज जप्त कर लिए है मौत का कारण पीएम रिपोर्ट के आने के बाद क्लियर होगा उसके बाद एफ आई आर दर्ज किया जाएगा

थाना प्रभारी पटेल जी दंतेवाड़ा।

तुलिका ने बताया कि इस मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से बात हुई उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही क्लीनिक संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मिशनरी स्कूलों में बसंत पंचमी नहीं, पालकों में नाराजगी

**0 शिक्षामंत्री ने स्कूलों में मातृ पूजन दिवस मनाने के कहा तो मिशनरी स्कूलों ने कर दी छुट्टी**

**0 निर्मल निकेतन समेत जिले के तमाम मिशनरी स्कूलों की मनमानी से छात्र व अभिभावक नाराज**

दंतेवाड़ा /नवप्रदेश। बच्चों को संस्कारों की शिक्षा देने के लिए प्रदेश सरकार की अनुठी पहल से जहां प्रदेश भर के स्कूलों में 14 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर मातृ पूजन दिवस धुमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया वहीं जिले में संचालित मिशनरी स्कूल निर्मल निकेतन हाईस्कूल कारली एवं दंतेवाड़ा में स्थित छोटे ब5ों के नर्सरी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। ऐसा कर मिशनरी स्कूल संचालकों ने न केवल सरकारी आदेश की अवहेलना की है बल्कि उन सैकड़ों अभिभावकों का भी दिल दुखाया है जिनके बच्चो मोटी फीस देकर स्कूलों में अच्छे संस्कार पाने एवं शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं।

बसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा के साथ साथ इस दिन स्कूलों में ब5े अपने माता पीता की पूजा के साथ साथ गुरुजनों की भी पूजा वंदना करते हैं। छ0ग0 सरकार के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 14 फरवरी को स्पेशल आदेश निकालकर कहा था कि प्रदेश के तमाम सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में बसंत पंचमी के अवसर को मातृ पूजन दिवस के रूप में मनाया जाए। वहीं दंतेवाड़ा की नामी मिशनरी स्कूल निर्मल निकेतन हाईस्कूल कारली व उन्हीं की दंतेवाड़ा में संचालित नर्सरी स्कूल ने शिक्षा मंत्री के आदेशों को धता बताते बसंत पंचमी त्यौहार से परहेज करते हुए स्कूल ने 14 फरवरी को ब5ों की छुट्टी कर दी जिसके चलते ब5े स्कूल में न तो मां सरस्वती देवी की पूजा ही कर पाए और न ही अभिभावकों व 6ुरूजनों की पूजा वंदना कर सके और यह भी ज्ञात हुआ है कि न केवल दंतेवाड़ा बल्कि पूरे प्रदेश के मिशनरी स्कूलों में बसंत पंचमी का पर्व नहीं मनाया गया और सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई थी। आपको बताते चलें कि कारली स्थित निर्मल निकेतन हाईस्कूल में सैकड़ों की संख्या में हिन्दु ब5े शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं इन्हीं ब5ों की फीस से स्कूल चल रहे हैं। इन स्कूलों में किताबी ज्ञान तो दिया जा रहा है म<र जब हिन्दु संस्कारों एवं तीज त्यौहारों की बात आती है तो स्कूल प्रबंधन इससे अपने को अलग कर लेता है और बहाना इत्यादि बनाकर स्कूलों की छुट्टी कर देता है।

क्या इसे ही शिक्षा का मंदिर कहते हैं? जिन स्कूलों में संस्कार नहीं वह कैसा शिक्षा का मंदिर हो सकता है? बात जब गुड फ्राईडे, ईस्टर व इनके धर्मो से जुड़े त्यौहारों का समय होता है तो स्कूलों में कोई छुट्टी नहीं दी जाती बल्कि बच्चों को बढ़ चढ़कर कार्यक्रमों के लिए तैयार किया जाता है। बात जब हिन्दु त्यौहारों की आती है तो स्कूल प्रबंधन भौहें सिकोडने ल4ता है बहाना बनाकर या तो स्कूलों की छुट्टी कर देता है या फिर स्कूलों में उन त्यौहारों को मनाया ही नहीं जाता जो हिन्दु संस्कारों व तीज त्यौहारों से ताल्लुक रखता हो। स्कूल प्रबंधन का यह कृत्य बच्चों के साथ भेदभाव नहीं तो और क्या है?

## राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद में नंदिनी ने मत्स्य व पशु पालन मंत्री बन दिया सुझाव

**नंदिनी के प्रधानमंत्री आवास योजना में सोलर पैनल लगाने के सुझाव को सूर्योदय योजना से लागू करने घोषणा की गई।**

बचेली/दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद 2024 इस बार महाराष्ट्र विधानसभा नागपुर में आयोजित की गई। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं स्टूडेंट फार डेवलपमेंट संस्थान के सहयोग से इसका आयोजन किया गया।जिसमें देशभर के करीब 75 विश्वविद्यालयों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद 200 विधार्थियों का चयन हुआ। जिसमें पक्ष और विपक्ष को मिलाकर 100 विधार्थियों को बोलने का अवसर मिला इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से 6 विधार्थियों का चयन हुआ ??जिसमें बचेली की नंदिनी दीक्षित को मत्स्य एंव पशुपालन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। जिसमें सदन में विपक्ष के सवालों का जवाब देने के साथ पंचायत स्तर पर मत्स्य पालन को बढ़ावा देने का प्रस्ताव रखा जिससे ग्रामीण स्थानीय युवाओं को रोजगार का भी साधन उपलब्ध होगा। दंतेवाड़ा जिले के बचेली नगर की नंदिनी दीक्षित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में बीटेक की छात्रा है। और जिनको लगातार दूसरी बार पर्यावरण युवा संसद में बोलने का अवसर मिला है। नंदिनी के द्वारा 2022 युवा पर्यावरण संसद में प्रधानमंत्री आवास योजना में सोलर पैनल लगाने के सुझाव को 22 जनवरी के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा सूर्योदय योजना से लागू करने की घोषणा की है। जिसमें प्रथम चरण में एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाए जायेंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति श्री नितिन गडकरी जी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री भारत सरकार, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष श्री बासुदेव देवनानी, शालिनी अग्रवाल आईएएस महानगर पालिका आयुक्त सूरत गुजरात की विशेष उपस्थित रही।

## कॉलेज की छात्राएं कार्यशाला में हुई शामिल

बालोद/नवप्रदेश। शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर की चार छात्राओं ने शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद के द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में 13 और 14 फरवरी को भाग लिया। ''युवाओं के विकास में खेलकूद का महत्व और युवाओं को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करने में रेडक्रास की भूमिका'' विषय पर केंद्रित इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग तथा यूथ रेड क्रास इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर में रेड क्रास के प्रभारी प्राध्यापक सुनील कुमार साहू तथा क्रीड़ा अधिकार महेन्द्र रजक,मोनिका साहू, रिंकी यादव, दीपिका नेताम तथा खेममलता साहू कार्यशाला में शामिल हुए। राज्य स्तरीय कार्यशाला में विभिन्न संस्थाओं से 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के प्रथम दिवस पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के क्रीड़ा विभाग की अध्यक्ष डॉ रीता वेणुगोपाल ने बताया कि खेलकूद से न सिर्फ हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं बल्कि कई प्रकार से हम इसे अपने जीवन यापन का साधन भी बना सकते हैं। अच्छा खिलाड़ी बनने पर पर्याप्त पैसे मिलते हैं। साथ ही अपने राज्य और देश का नाम रौशन करने का मौका भी मिलता है। इसके अलावा क्रीडा विश्लेषक, कमेंटेटर, ईवेन्ट मैनेजर आदि बनने के मौके इस क्षेत्र में हैं।

## अमरकंटक में मां नर्मदा प्रकटोत्सव समारोह कल तक

**माताजी का विशेष श्रृंगार के उपरांत पूजन-अर्चन महाआरती हो रही**

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। प्रथम दिवस मां नर्मदाजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, 16 तारीख प्रकटोत्सव दिवस पर माताजी का विशेष श्रृंगार के उपरांत पूजन अर्चन-महाआरती तीन दिन होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर तैयारी जोर शोर से चल रही पेण्ड्रा / मां जगत जननी माता नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में मां नर्मदा जी के प्रकटोत्सव कार्यक्रम 15 फरवरी से 17 फरवरी तक बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ पूरे अमरकंटक नगर क्षेत्र में मनाया जा रहा है। मां नर्मदा प्रकटोत्सव के कार्यक्रम के लिए अनूपपुर जिले के कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के नेतृत्व में एवं पुष्पराजगढ़ एसडीम दीपक पांडेय के देखरेख में पूरे नगर में तैयारी बड़े जोरों शोरों से चल रही है, जहां प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी है, वहीं स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं ने मां नर्मदा प्रकटोत्सव के लिए अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर के युवाओं के द्वारा पूरे नगर में साज सज्जा का कार्य किया जा रहा है। वहीं स्थानीय प्रशासन नगर परिषद अमरकंटक के सीएमओ चैन सिंह परस्ते एवं उपयंत्री देवल सिंह बघेल के नेतृत्व में पूरे नगर की साफ सफाई और नगर की सजावट में लाइटिंग, टेंट की व्यवस्था और जगह-जगह पर होल्डिंग की लगाने की कमान अपने हाथों में ले रखी है। इसी तरह अमरकंटक विकास प्राधिकरण एवं नर्मदा मंदिर ट्रस्ट के द्वारा पूरे मंदिर प्रांगण को रंग रोगन का काम एवं लाइटिंग का काम सब इंजीनियर सुमित चौकसे के तत्वाधान में पूरे जोश के साथ किया जा रहा है। पूरे नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। नर्मदा प्रकटोत्सव कार्यक्रम तीन दिवसीय चलेगा जिसमें प्रथम दिवस माताश्री नर्मदा जी की भव्य विशाल शोभायात्रा श्री नर्मदा मंदिर प्रांगण से होते हुए पंडित दीनदयाल चौक से वापस पूरे नगर भ्रमण पश्चात पुनः नर्मदा मंदिर प्रांगण अमरकंटक में समाप्त होगी। तत्पश्चात अखंड संकीर्तन %%ओम नमो नर्मदा माई रेवा - पार्वती वल्लभ सदा शिवा%% का आयोजन प्रारंभ होगा जो अखंड 24 घंटा चलेगा। उसके पश्चात शाम 5-30 से सारेगामा फिल्म शरद शर्मा का विशेष रात्रि जगराता का आयोजन भी होगा एवं 16 तारीख नर्मदा जयंती के पावन पर्व दिवस पर माता श्री नर्मदा जी का विशेष श्रृंगार के उपरांत पूजन अर्चन के बाद विशाल कन्या पूजन, प्रसाद वितरण कर समस्त श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

## ढाबा मालिक ने अपहरण कर युवक को बेरहमी से पीटा

**कर्मचारी ने नौकरी छोड़ी तो हैवान बन गया आरोपी, गिरफ्तार**

महासमुंद/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ढाबे में काम करने वाले एक कुक का बीती उसके पुराने मालिक ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया और उसकी जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित कुक का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने अपने पुराने मालिक से तंग आकर उसके ढाबे में काम करना छोड़ दिया और दूसरे ढाबे में आकर काम करने लगा था. मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने ढाबा संचालक सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है. इस मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी मोनिका श्याम ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे आरंग के लवली ढाबा के मालिक प्रशांत निभवानी (उम्र 31) और उसके 3 अन्य साथियों के साथ कार (क्रमांक सीजी 04 एनपी 3429) से ग्राम 353 स्थित कोसरंगी के अन्नम ढाबा पहुंचे और वहां कुक का काम करने वाले वीरेंद्र पटेल (उम्र 35) के साथ जमकर मारपीट की और उसे कार की डिक्की में बंदकर आरंग ले गए. इस बीच आरोपियों ने बेलसोंडा में भी वीरेंद्र के साथ जमकर मारपीट की. घटना के बाद रात में ही अन्नम ढाबा के संचालक प्रकाश साहू ने कोतवाली पुलिस और डायल 112 को इसकी सूचना दी.

सूचना के बाद पुलिस टीम आरंग के लवली ढाबा पहुंची और कार की डिक्की में बंद वीरेंद्र को छुड़वाया. इस दौरान पुलिस ने आरोपी ढाबा संचालक समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

## खुरसुला स्कूल में बसंत पंचमी व विदाई समारोह

बिलाईगढ़ /नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला विकासखंड बिलाईगढ़ में बसंत पंचमी के पावन अवसर और विदाई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिलावन बाई छेदूराम विश्वकर्मा सरपंच , ग्राम पंचायत खुरसुला, अध्यक्षता रामसहाय डडसेना संस्था प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि सहदेव साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति उच्चतर माध्यमिक , धरम लाल साहू अध्यक्ष, प्राथमिक शाला, बाबूलाल डडसेना पूर्व सदस्य उच्चतर माध्यमिक , चंद्रशेखर साहू सदस्य द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की काष्ठ प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर तिलक तथा पुष्पमाला अर्पित तथा श्रीफल तोड़कर और लक्ष्मी व कामिनी कक्षा 12 वीं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अतिथियों का छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत किया गया। विद्यालय में कार्यरत रहे उमेंदसिंह वर्मा व्याख्याता भूगोल के पद पर सेवानिवृत्त हुए,उमाशंकर साहू विज्ञान सहायक के पद से प्राथमिक प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत हुए एवं मनहरण लाल सूर्यकांत भृत्य के पद पर कार्य करते हुए सहायक ग्रेड तीन के पद पर पदोन्नत हुए।

## आईईडी ब्लास्ट की घटना में शामिल दो नक्सली गिरफ्तार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा. आईईडी ब्लास्ट की घटना में शामिल दो माओवादियों को सुरक्षा बल ने गिरफ्तार किया है. सीआरपीएफ़ 231 वाहिनी एवं थाना का संयुक्त बल माओवादियों की सूचना पर गश्त पर निकली थी.

दो संदिग्ध व्यक्ति जगरगुंडा की ओर से आ रहे थे, जो पुलिस पार्टी को देखकर जंगल की ओर भागने लगे. पुलिस पार्टी ने घेराबंदी कर 02 संदिग्धों को पकड़ा. पकड़े गए आरोपियों के नाम मंगलू पुनेम और मंगू पुनेम है. ये दोनों गोंदपल्ली मिलिशिया टीम के सदस्य हैं. दोनों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध होने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया. इस कार्यवाही में सीआरपीएफ़ 231 वाहिनी की विशेष भूमिका रही।

## न्यू विस्टा लिमिटेड ने मनाया सड़क सुरक्षा माह

भाटापारा/नवप्रदेश। सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा सीमेंट संयंत्र में क्लस्टर हेड राजू रामचंद्रन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सुरक्षा माह मनाया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत् पूरे माह सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने तथा सुरक्षा को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने सड़क सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों को अलग अलग टीम में सुरक्षा बेल्ट उपयोग, अग्निशमन यंत्र के त्वरित अनुपालन पर भी प्रायोगिक स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें सुरक्षा नियमों के परिपालन संबंधी जानकारी दी गयी । सुरक्षा माह के अंतिम दिन कंपनी परिसर में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर थे। कंपनी क्लस्टर हेड राजू रामचंद्रन, आपरेशन हेड रविश गालव, संयंत्र के सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संयंत्र के सुरक्षा प्रमुख अंकुर बंसल ने सुरक्षा गतिविधियों की जानकारी दी। सी.एस.आर.की ओर से कुकुर्दी गांव के स्कूली बच्चों ने सड़क सुरक्षा पर आकर्षक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुत कर सभी को सुरक्षित वाहन चालन का संदेश दिया। कंपनी कर्मियों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रश्नोत्तरी रखा गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृत कुजूर ने न्यू विस्टा लिमिटेड द्वारा सुरक्षा के मानकों का पालन करने की प्रशंसा की।

## कन्या शाला में विविध कार्यक्रम

साजा/नवप्रदेश। शासकीय कन्या प्राथमिक शाला साजा में 14 फरवरी विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय में मातृ पितृ पूजन दिवस, बसंत पंचमी कार्यक्रम एवं अंगना में शिक्षा जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख त्रिभुवन वैष्णव ने अपने उद्बोधन ने कहा अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत महिलाओं को अपने घर पर ही बच्चों को शिक्षा देने के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर यह आयोजन किया गया है। जिसमें कक्षा 1 एवं कक्षा 2 की माता को शामिल किया गया।

घर में शिक्षा देना मुख्य उद्देश्य - बच्चों की बौद्धिक स्तर पर हुए सर्वे के आधार पर राज्य शिक्षा अनुसंधान ने पूरे राज्य में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम को लागू किया गया है, जिसका प्रतिफल भी बेहतर मिल रहा है। कार्यक्रम में 5 से 8 वर्ष के बच्चों के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने उनके शारीरिक व बौद्धिक विकास में वृद्धि के लिए इस तरह का आयोजन किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

पेंड्रा/नवप्रदेश। पेंड्रारोड गेवरारोड रेल लाइन निर्माण का काम को लेकर पेंड्रा के धनगवां बरपारा के ग्रामीणों ने निस्तार सड़क को बंद किए जाने से नाराज होकर धरना प्रदर्शन किया था। इसका निराकरण रेलवे ठेका कंपनी और प्रशासन के द्वारा किया जाना शुरू कर दिया है। इसके अलावा ग्रामीणों की अन्य मांगों पर भी प्रशासन निराकरण करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। पीपीपी मॉडल के तहत राज्य सरकार सीसीएल और रेलवे का संयुक्त उपक्रम के तहत बनाई जा रही महत्वाकांक्षी ईस्ट वेस्ट रेल परियोजना का काम तेजी से हो रहा है। दरअसल, एक पखवाड़े पहले धनगवां के ग्रामीणों ने पुल की मांग को लेकर धरना करते हुए जमकर नारेबाजी की थी। आवाजाही के लिए पुल की मांग की थी ग्रामीणों की मांग थी कि गांववासियों की आवाजाही के लिए जब तक पुल नहीं दिया जाता है, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने भी ग्रामीणों की इस मांग का समर्थन करते हुए धरना आंदोलन में शामिल हुए थे। रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर बनेगा अंडर ब्रिज इसके बाद अब रेलवे ठेका कंपनी इरकॉन और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यह निराकरण निकाला है कि धनगवा में जहां रेलवे स्टेशन इसके बाद अब रेलवे ठेका कंपनी इरकॉन और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यह निराकरण निकाला है कि धनगवा में जहां रेलवे स्टेशन बनना है उससे कुछ ही दूरी पर एक अंडर ब्रिज बनाते हुए उसको बारहमासी आवाजाही के लिए सुगम बनाए जाने की दिशा में कार्य करना जा रहा है।

# रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा का शतक

**सरफराज खान की डेब्यू फिफ्टी... राजकोट टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड पर हावी रहा भारत**

**राजकोट।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला आज (15 फरवरी) से राजकोट में खेला जा रहा है। मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 5 विकेट गंवाकर 326 रन बना लिए हैं।

मैच के पहले दिन रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा ने शतक जमाया. जबकि सरफराज खान ने डेब्यू करते हुए बैजबॉल गेम खेलकर 48 गेंदों पर डेब्यू फिफ्टी जमाई. वो 66 गेंदों पर 62 रन बनाकर रनआउट हुए. जबकि जडेजा ने 198 गेंदों पर अपने करियर का चौथा शतक जमाया.

फिलहाल, जडेजा 110 और कुलदीप यादव 1 रन बनाकर नाबाद हैं. अब यह दोनों ही दूसरे दिन का खेल शुरू करेंगे. जबकि पहले दिन इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज मार्क वुड ने धांसू गेंदबाजी की और 3 विकेट झटके. जबकि स्पिनर टॉम हार्टले को 1 सफलता मिली.



### रोहित ने जड़ा 11वां शतक

इस पारी के दौरान कप्तान रोहित शर्मा ने अपना 11वां शतक जड़ा, जो 10 पारियों के बाद आया. रोहित शर्मा का आखिरी टेस्ट शतक जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आया था. रोहित ब्रिगेड के तीन विकेट बहुत जल्दी गिर गए थे.

### भारत ने की तेज शुरुआत फिर गिरे लगातार विकेट

भारत ने इंग्लैंड की तर्ज पर बैजबॉल स्टाइल में शुरुआत की. लेकिन फिर एक के बाद एक विकेट गिरते चले गए. भारत को पहला झटका यशस्वी जायसवाल के रूप में लगा, जो 10 रन पर मार्क वुड की गेंद पर जो रूट को कैच थमा बैठे. इसके ठीक बाद शुभमन गिल भी 0 पर मार्क वुड का शिकार बन गए. फिर रजत पाटीदार भी 5 रन बनाकर आउट हो गए. रजत जब आउट हुए तो भारत का स्कोर 33-3 हुआ था.

# एमबाप्पे, बारकोला ने पीएसजी को रियल सोसिदाद पर दिलाई जीत

**पेरिस।** किलियन एम्बाप्पे और ब्रैडली बारकोला ने दूसरे हाफ में गोल करके पेरिस सेंट-जर्मेन को चैंपियंस लीग राउंड ऑफ 16 मुकाबले के पहले चरण में रियल सोसिडाद पर 2-0 से शानदार जीत दिलाई।खेले गए इस मुकाबले में पहले पहले 45 मिनट गोलरहित रहे, जिसमें पीएसजी ने कुल चार शॉट दर्ज किए और रियल सोसिडाद ने कुल पांच शॉट दर्ज किए।दूसरे हाफ में पीएसजी ने तेजी दिखाई और लगातार अटैक किया। अंतिम 45 मिनट में पेरिस के पास कुल दस शॉट थे और आखिरकार इसे इस दौरान उन्होंने गोल दागे।एमबाप्पे ने कॉर्नर किक पर 58वें मिनट में स्कोरिंग की शुरुआत की। कुछ मिनट बाद, ब्रैडली बारकोला ने 78वें मिनट मैच का दूसरा गोल किया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि पीएसजी 2-0 की कुल बढ़त के साथ दूसरे चरण में प्रवेश करेगा।दोनों पक्षों के बीच निर्णायक दूसरा चरण 5 मार्च को निर्धारित है।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा ही करेंगे भारत का नेतृत्व बीसीसीआई सचिव ने किया खुलासा

**राजकोट।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने खुलासा किया है कि रोहित शर्मा जून में होने वाले टी20 विश्व कप में टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगे। यह बात एक रिपोर्ट में कही गई। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम के अनावरण के मौके पर जय शाह ने कहा, मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि 2024 (टी20 विश्व कप) में रोहित शर्मा की कप्तानी में हम बारबाडोस में भारतीय झंडा फहराएंगे। उन्होंने कथित तौर पर यह भी पुष्टि की कि हार्दिक पंड्या टी20ई विश्व कप में उप-कप्तान होंगे।इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विराट कोहली की गैरमौजूदगी पर बीसीसीआई सचिव ने कहा, विराट उस तरह के खिलाड़ी नहीं हैं, जो बिना किसी बड़ी जरूरत के सीरीज छोड़ देंगे। उन्हें आत्मविश्वास दीजिए। जय शाह ने रणजी ट्रॉफी के महत्व पर भी बात करते हुए कहा, भारत की टीम या आईपीएल फ्रेंचाइजी में चयन से पहले हर किसी को रणजी ट्रॉफी खेलना होगा। रणजी को प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अनिवार्य बनाया जाएगा।

# मार्च के अंत में होगी आईपीएल 2024 की शुरुआत

**चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगा शेड्यूल का ऐलान**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन अरुण सिंह धूमल ने स्पष्ट कर दिया कि लीग का 2024 संस्करण भारत में मार्च के अंत से शुरू होगा और आम चुनावों की तारीखों की पुष्टि होने के बाद ही इसके कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

अरुण धूमल ने बताया, हम यह सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार, एजेंसियों के साथ काम करेंगे कि लीग भारत में हो। हम आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं और फिर हम उसके अनुसार योजना बनाएंगे।जैसे कि कौन सा राज्य किस मैच की मेजबानी करेगा।चुनाव के समय इस तरह की योजना बनाई जाएगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या आईपीएल के लिए कोई संभावित तारीख साझा की जा सकती है, उन्होंने कहा, यह (आईपीएल) संभवतः मार्च के अंत से शुरू होगा और आम चुनाव अप्रैल में हैं, इसलिए हम सरकार की मदद से इस पर काम करेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए दस टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, उम्मीद है कि कुल 74 मैच खेले जाएंगे, जो संभवतः इसी अवधि के दौरान होने वाले भारत के आम चुनावों के कारण दो चरणों में होंगे। इससे पहले, कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया था कि लोकसभा चुनाव के कारण आईपीएल 2024 भारत के बाहर होने की संभावना है।

# सरफराज के पिता भावुक हो गए, सपना सच होते ही बेटे की टेस्ट कैप चूम ली

**राजकोट।** भारत बनाम इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट की शुरुआत से पहले राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में भावनात्मक दृश्य सामने आया जब दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज खान ने टेस्ट कैप दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले से प्राप्त की।

राजकोट में जैसे ही कुंबले ने सरफराज को टेस्ट कैप सौंपी, उनके पिता-सह-कोच नौशाद खान अपनी आंखों के सामने उभरते दृश्यों को देखकर भावुक हो गए। इसके बाद विजुअल्स में सरफराज को अपने पिता और पत्नी को दिखाने के लिए अपनी टेस्ट कैप के साथ सीमा रेखा के पार दौड़ते हुए दिखाया गया, जो किनारे से कार्यवाही देख रहे थे। जैकेट के पीछे क्रिकेट हर किसी का खेल है लिखा हुआ था, नौशाद की आंखों में आंसू थे और गर्व महसूस कर रहे । नौशाद ने खुशी से उन्हें गले लगाया और टेस्ट कैप पर भारतीय बैज को चूमा, जबकि सरफराज अपनी पत्नी की आंखों से आंसू पोंछ रहे थे।सरफराज पिछले कुछ वर्षों में घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए काफी रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं और हाल ही में उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ सीरीज में भारत ए के लिए भी बड़े रन बनाए।ढेर सारे रन बनाने के बावजूद सरफराज पहले भी कई मौकों पर टेस्ट डेब्यू नहीं कर पाए थे।

## बिजनेस

# वैश्विक मीथेन उत्सर्जन को मैप करने में मदद करेगा गूगल

**नई दिल्ली।** गूगल ने अंतरिक्ष से मीथेन प्रदूषण और तेल-गैस के इंफ्रास्ट्रक्चर को मैप करने के लिए गैर-लाभकारी पर्यावरण रक्षा कोष (ईडीएफ) के साथ साझेदारी की घोषणा की है। पर्यावरण रक्षा कोष का उपग्रह, मीथेनसैट, उपग्रह डेटा एकत्र करने के लिए जल्द ही पृथ्वी की परिक्रमा करेगा। टेक दिग्गज ने एक बयान में कहा, यह डेटा, गूगल के एआई और इंफ्रास्ट्रक्चर मैपिंग के साथ मिलकर, मीथेन उत्सर्जन को कम करने के तरीके के बारे में बेहतर समझ पैदा करेगा।



रिकॉर्ड पर 2023 सबसे गर्म साल था, और पिछले 10 साल 1850 के बाद से सबसे गर्म वर्ष रहे हैं। गूगल के जियो डेवलपर और सस्टेनेबिलिटी के वीपी और महाप्रबंधक येल मैगुरे ने कहा, हम ईडीएफ के साथ साझेदारी की घोषणा कर रहे हैं जो मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिए हमारे विज्ञान और प्रौद्योगिकी को जोड़ती है। यह सबसे शक्तिशाली, अल्पकालिक कार्यों में से एक है जिसे हम वार्मिंग को कम करने के लिए उठा सकते हैं।

मानव स्रोतों से प्राप्त मीथेन आज ग्लोबल वार्मिंग के लगभग 30 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है, और वायुमंडल में मीथेन का एक बड़ा योगदानकर्ता पृथ्वी से तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन निकालने से आता है। क्लाउड कंप्यूटिंग के साथ मीथेन डिटेक्शन एल्गोरिदम को सशक्त बनाने और दुनिया भर में तेल और गैस के बुनियादी ढांचे की पहचान करने के लिए उपग्रह इमेजरी में एआई लागू करके, लक्ष्य ईडीएफ को उनके स्रोत पर मीथेन उत्सर्जन की मात्रा निर्धारित करने और उसका पता लगाने में मदद करना है।

गूगल ने कहा, इस जानकारी के साथ, ऊर्जा कंपनियां, शोधकर्ता और सार्वजनिक क्षेत्र तेल और गैस बुनियादी ढांचे से उत्सर्जन को तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से कम करने के लिए कार्रवाई कर सकते हैं। मार्च की शुरुआत में सेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च होने वाला मीथेनसैट 350 मील से अधिक की ऊंचाई पर दिन में 15 बार पृथ्वी की परिक्रमा करेगा। यह नियमित विश्लेषण के लिए दुनिया के शीर्ष तेल और गैस क्षेत्रों में मीथेन के स्तर को मापेगा।

# जापान नहीं रहा दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था, भारत के लिए मौका

**टोक्यो।** जापान से दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी का ताज छिन गया और जर्मनी इसे पीछे छोड़ते हुए अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। तमाम देशों की जीडीपी के आंकड़ों में ये सामने आया है। बीते दो तिमाहियों से जापान के सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट का सिलसिला जारी है और इसका असर उसकी रैंकिंग पर पड़ा है। इसके साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले येन की वैल्यू गिरने से भी स्थिति खराब हुई है। जापान की जीडीपी में आ रही गिरावट के चलते ये देश अब मंदी की चपेट में आ गया है और इसका असर ये हुआ कि जापान ने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का अपना स्थान खो दिया है। जापान की जीडीपी अब 4.2 ट्रिलियन डॉलर पर आ गई है, जबकि इसे पछाड़ते हुए नंबर-3 पायदान पर पहुंचे जर्मनी की जीडीपी का साइज 4.5 ट्रिलियन डॉलर है। बीते अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में जापान का सकल घरेलू उत्पाद सालाना आधार पर 0.4% तक गिर गया है। इससे पहले अक्टूबर महीने में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अनुमान जाहिर किया था कि अमेरिकी डॉलर में मापे जाने पर जर्मनी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आ सकता है।

# सोनी म्यूजिक का सागर भाटिया के साथ नया ट्रैक

**नेशनल।** मशहूर कव्वाली गायक, कंपोज़र, एवंप्रोड्यूसर, सागर भाटिया अपने नए भावुक गीत 'रोयी होवेगी' केसाथ भावनाओं में उतरने के लिए तैयार हैं। श्रोताओं को मुग्ध कर देनेवाला संगीत बनाने की अपनी कला के लिए प्रसिद्ध सागर का यहगीत श्रोताओं की भावनाओं के एक ऐसे संसार में ले जाएगा, जहाँ खोयार, विरह, और स्वीकृति की जटिलताओं को समझ सकेंगे।

मीठी धुन के साथ 'रोयी होवेगी' गीत के बोल सागर भाटिया कोटिल को छू लेने की क्षमता के साथ एक अद्वितीय, गहन एवं यादगारअनुभव का निर्माण करते हैं। इस गीत में मानवीय भावनाओं कीजटिलताओं का चित्रण है, जो मधुर यादें संजोए रखते हुए चले जानेकी अनुमति देने का सफर प्रदर्शित करता है। इस गीत की हर तान मेंसागर का जादुई स्पर्श छलकता है, जो विभिन्न भावनाओं को एकहृदयस्पर्शी कहानी में बुन देता है।

इस गीत के रिलीज़ पर गायक-गीतलेखक, सागर भाटिया ने कहा, ''रोयी होवेगी एक बहुत ही व्यक्तिगत अनुभव और मेरे अपने जीवनका सफ़र है, जो मैं इस दुनिया के साथ बाँट रहा हूँ। मेरा विश्वास हैकि संगीत में दिल की बात कहने की अद्भुत शक्ति है, जो हमें सुकूनदेकर दायरों से आगे जाकर सभी के साथ जुड़ने में समर्थ बनाता है।मुझे उम्मीद है कि यह गीत श्रोताओं को बहुत पसंद आएगा, और उन्हेंभी सुकून देगा।''

# स्टार्ट-अप योजना के तहत ऑस्ट्रेलिया को रेडी-टू-कुक बाजरा का निर्यात

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने बाजरा आधारित मूल्य वर्धित उत्पादों के विपणन और निर्यात में लगभग 500 स्टार्टअप को सुविधा प्रदान की है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि इन स्टार्टअप्स में पंजाब के संगरूर जिले का एक किसान शामिल है, जिसने ऑस्ट्रेलिया को 14.3 मीट्रिक टन बाजरा और इसके उत्पादों की कीमत 45,803 डॉलर की खेप निर्यात की है। एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने किसान दिलप्रीत सिंह की खेप को हरी झंडी दिखाई जिसमें पकाने के लिए तैयार बाजरा शामिल है। इसके अलावा रागी, ज्वार, बाजरा और विभिन्न बाजरा जैसे फॉक्सटेल, कोडो, बार्नयार्ड, ब्राउनटॉप,

लिटिल और प्रोसो किस्मों से प्राप्त आटा भी पहली बार पंजाब के किसान द्वारा उठाए गए इस अनूठे निर्यात प्रयास का हिस्सा था। सिडनी स्थित आयातक जसवीर सिंह ने भी वर्चुअल फ्लैग-ऑफ समारोह में भाग लिया।उन्होंने सहयोग को सुविधाजनक बनाने में व्यापक समर्थन के लिए एपीडा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

वह आगे व्यापार के अवसरों के विस्तार को लेकर आशावादी हैं और उन्होंने भविष्य में इस तरह की और खेपों का आयात जारी रखना सुनिश्चित किया है।किसान के पास शुरू से अंत तक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला नियंत्रण होता है जो खरीदारों के लिए जरूरी होता है।वह अपने खेत में बाजरा उगाते हैं, प्राथमिक और माध्यमिक प्रसंस्करण उनकी अपनी इकाई में किया जाता है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता की पैकेजिंग भी शामिल है।यह सफलता की कहानी इस बात का उदाहरण है कि कृषि क्षेत्र को कैसे बदला जा सकता है। दिलप्रीत जैसे किसान कृषि निर्यात में प्रमुख योगदानकर्ता बन सकते हैं।यह अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में उतरने वाले स्थानीय किसानों के सशक्तिकरण का प्रतीक है।बाजरा निर्यात 2021-22 में 62.95 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 75.45 मिलियन डॉलर हो गया और अप्रैल-नवंबर 2023 से वर्तमान निर्यात 45.46 मिलियन डॉलर हो गया।बाजरा वैश्विक बाजार में लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

मूल्यवर्धित बाजरा उत्पादों सहित अनाज तैयार करने के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

# सिंघम अगेन से अर्जुन कपूर का खौफनाक फर्स्ट लुक



रोहित शेट्टी की इंडियन पुलिस फोर्स की रिलीज के बाद अब निर्देशक अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन में जुट गए हैं। सिंघम और सिंघम रिटर्न्स के बाद अब अजय देवगन एक बार फिर से अपनी कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन के साथ लौट रहे हैं। अजय देवगन की सिंघम अगेन से से अब तक उनकी ऑनस्क्रीन पुलिस टीम में शामिल रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है।

अब हाल ही में सिंघम अगेन के निर्देशक रोहित शेट्टी ने फिल्म से अर्जुन कपूर के दो लुक शेयर किये हैं, जो उनका अब तक का सबसे अलग लुक है। सिंघम की फ्रेंचाइजी में पहली बार एक साथ एक ही फ्रेम में कई बड़े सुपरस्टार्स को कॉमेडी और एक्शन का तड़का लगाते हुए दर्शक पहले से ही बेसब्र हैं। इस बीच ही अब निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म से अर्जुन कपूर के दो लुक शेयर किये हैं, जिसमें वह काफी अलग लग रहे हैं। पहले लुक में अर्जुन कपूर ने हाथ में खून से सना हुआ कोयता पकड़ा हुआ है और उनके दांत और चेहरे पर ब्लड की छींटें हैं। पहले पोस्टर में उनके पीछे कुछ लोग भी नजर आ रहे हैं। दूसरे पोस्टर में गुंडे एक्टर्स रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर एक-दूसरे की आंखों में आंखें डाल एक-दूसरे को घूर रहे हैं। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन से अर्जुन कपूर के दो पोस्टर्स शेयर करने के साथ ही कैप्शन में लिखा, इंसान गलती करता है और उसकी सजा भी मिलती है। लेकिन अब जो आएगा, वो शैतान है। क्या मैं अर्जुन कपूर के इंट्रोडक्शन के साथ में ये कह सकता हूं। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फैंस सरप्राइज रह गए हैं। एक यूजर ने लिखा, अर्जुन कपूर को सब पुलिस वालों के खिलाफ लड़ते हुए देखना बहुत ही दिलचस्प होने वाला है। दूसरे यूजर ने लिखा, अर्जुन विलेन के रूप में बहुत सही लगता है। अन्य यूजर ने लिखा, भाई ये तो एकदम डेंजर लग रहा है। आपको बता दें कि रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

# द नक्सल स्टोरी का दूसरा टीजर हुआ रिलीज

अदा शर्मा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बस्तर: द नक्सल स्टोरी को लेकर खूब चर्चा में बनी हुई हैं. हाल ही में फिल्म का पहला टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिले थे.वहीं अब फिल्म का दूसरा टीजर भी जारी कर दिया है. टीजर में एक लाचार और बेबस माँ अपनी दर्द भरी कहानी सुना रही है, जो नक्सलियों से अपने परिवार के लिए बदला लेना चाहती है. वे कहती हैं कि मेरे पति को नक्सलियों ने मार दिया. पूरे गांव के सामने 32 टुकड़े कर दिए. क्या गलती थी उनकी बस यही कि उसने 15 अगस्त को अपने स्कूल में भारत का झंडा लहराया. बस्तर में भारत का झंडा लहराना एक जुर्म है, जिसका सजा दर्दनाम मौत है. वे आगे कहती हैं कि मेरे बेटे को उठाकर लेकर चले गए. उसे भी नक्सली बनाएंगे. हर परिवार से उन्हें एक बच्चा देना पड़ता है. जो नहीं देते हैं तो पूरे परिवार को वे लोग मार देते हैं. मैं मेरे पति का बदला और अपने बेटे को वापस लेने के लिए जिंदा हूं. मैं उन नक्सलियों को खत्म कर के ही रहूंगी.वहीं हार्ड हिटिंग डायलॉग्स के साथ फिल्म का ये टिजर दिल दहला देने वाला है. जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस इस मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. सुदीप्तो सेन ने डायरेक्शन में बनी फिल्म 15 मार्च 2024 को

दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. 'बता दें कि द केरल स्टोरी' के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह ने ही फिल्म 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' बनाई है. वहीं सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस मूवी में अदा शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी. फिल्म में अदा आईपीएस ऑफिसर नीरजा माधवन के रोल में निभा रही हैं, जो नक्सलियों के खिलाफ युद्ध छेड़ चुकी हैं. फैंस को उनका ये लुक बेहद पसंद आ रहा है. सोशल मीडिया पर दर्शकों की तरफ से टीजर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहे हैं.

## न्यूज गैलरी

### पार्किंग से बाइक पार

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टोरेट परिसर के पार्किंग स्थल से अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रकांत गिरी गोस्वामी 46 वर्ष विजेता कॉम्पलेक्स न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केएक्स 2844 को कलेक्ट्रेड परिरसर के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो पक्ष आपस में भिड़े

**रायपुर/नवप्रदेश।** भाठागांव बस स्टैंड स्थित महेश ट्रेवल्स के ऑफिस के पास बस में सवारी बिठाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से शिवनगर हांडीपारा निवासी प्रार्थी मोहम्मद जुनैद वारसी 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अकरम, यासीन, अयान व अरसद अपनी बस मे बैठने के लिए सवारी से विवाद कर रहा था, जिसे मना करने पर आरोपियो ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी अकरम खान 23 वर्ष निवासी संजनगर ने शिकायत किया कि आरोपी मोनू, आवेश, समीर व लक्की ने बस में सवारी बिठाने की बात को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पैसे की लेन-देन को लेकर युवक से मारपीट

**रायपुर/नवप्रदेश।** दलदल सिवनी नाला के पास उधार पैसे के लेन-देन को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट की। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमंत यादव 23 वर्ष दुबे कालोनी मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी दलदल सिवनी नाला के पास गया था, तभी आरोपी जितेन्द्र एवं नैनदास ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 15 पकड़ाए

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने ग्रास मेमोरियल मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दुसयंत तिवारी 36 वर्ष व पंकज जैन 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी संजीव पनिक 31 वर्ष एवं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी विजय शंकर तिवारी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी इंद्र कुमार साहू 42 वर्ष, सुनील यादव 28 वर्ष व हिमांसु कुमार भारद्वाज 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी सुशील शर्मा 50 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी प्रदीप नौरंगे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी गौकरण साहू 52 वर्ष व गेंदराम साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी रफीक खान 21 वर्ष, सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी बी.आर नन्ना राव 45 वर्ष व आनंद स्वामी 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी रामेश्वर साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### शराब के 8 कोचिए गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 187 पाव देशी व अंग्रेजी शराब, बिक्री रकम 2180 रुपए और बाइक जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने रावणभाठा मैदान के पास बाइक से अवैध शराब ले जाते आरोपी बिरजूराम धीवर 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश साहू 33 वर्ष के पास से 31 पाव देशी एवं 16 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं राखी पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार साहू 48 वर्ष व भागवत तारक 40 वर्ष के पास से 24 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 900 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी गणेश साहू 34 वर्ष व टेकेश्वर साहू 29 वर्ष के पास से 35 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 880 रुपए जब्त किया है। वहीं गुढियारी पुलिस ने आरोपी राम प्रसाद पटेल 35 वर्ष के पास से 35 पाव अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने आरोपी बद्रीनाथ बघेल 45 वर्ष के पास से 14 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 160 रुपए जब्त किया है।

### आईएएस मुकेश बंसल की प्रदेश वापसी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं दे रहे छत्तीसगढ़ कैडर के अफसरों का मूल राज्य में लौटने का सिलसिला जारी है। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के एक और आईएएस को वापसी के लिए कार्यमुक्त कर दिया है। डीओपीटी ने 2005 बैच के आईएएस मुकेश बंसल को रिलीव कर दिया है। वर्तमान में आईएएस मुकेश बंसल केंद्र सरकार के फाइनेंसियल विभाग में बतौर संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। बता दें कि हाल के महीनों में एसीएस रिचा शर्मा, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को भी रिलीव किया था। अब तक ये अफसर केंद्र की प्रतिनियुक्ति में अलग अलग विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

# सदन में सीएम ने की घोषणा : बस्तर में लागू होगी 'नियद नेल्ला नार' योजना

- आदिवासियों को मिलेगी फ्री बिजली, बैंक-एटीएम खुलेंगे
- मोबाइल टावर लगेंगे, सदन में सीएम ने की घोषणा

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर के विकास के लिए 'नियद नेल्ला नार' योजना शुरू करने जा रही है। विधानसभा में गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह योजना पुलिस कैंप से लगे 5 किलोमीटर क्षेत्र तक के गांव में लागू होगी।

नियद नेल्ला नार योजना का मतलब आपका अच्छा गांव है। इस योजना के तहत बस्तर के आदिवासियों को कई मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से कई सुविधाएं अब तक आदिवासी क्षेत्रों में नहीं पहुंची है। वह बुनियादी सुविधाएं बस्तर के गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी।

#### यह सुविधा दी जाएगी

इस योजना के जरिए सरकार आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी भवन बनाएगी। फ्री बिजली के कनेक्शन दिए जाएंगे। बैंक और एटीएम खोले जाएंगे। सड़क बनाने का अभियान चलेगा। मोबाइल टावर लगाए जाएंगे।

#### इन जिलों में लागू होगी योजना

सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर में विकास कैंप (पुलिस कैम्प) के आसपास के गांव में यह योजना लागू होगी। पिछले कुछ दिनों से लगातार अलग-अलग इलाको में नए पुलिस कैंप खोलने अभियान चलाए जा रहे थे। इन्हीं कैंपों के आसपास आपका अच्छा गांव योजना शुरू की जाएगी।

#### आर्थिक विकास के प्रयास

- सभी किसानों को सम्मान निधि दी जाएगी। सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।
- पीडीएस के तहत राशन और अन्य चीजें निशुल्क दी जाएंगी।
- प्रत्येक परिवार को निशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन दिया जाएगा।
- हर घर को आगामी 1 साल तक 500 यूनिट तक फ्री बिजली दी जाएगी।
- सार्वजनिक स्थलों पर निशुल्क विद्युत आपूर्ति होगी।
- किसानों के लिए बीज की व्यवस्था होगी, कौशल उन्नयन की योजनाएं संचालित होंगी।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर वन उपज की खरीदी होगी। वन धन केंद्र बनाए जाएंगे।
- गांव में बैंक सखी की नियुक्ति होगी और माइक्रो एटीएम की व्यवस्था होगी।
- आवश्यकता अनुसार वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित किया जाएगा।
- वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन अधिकार पत्र दिए जाएंगे।

#### इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा विकसित

- प्रधानमंत्री आवास दिए जाएंगे, प्राथमिक शालाएं खोली जाएगी।
- आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे, सामुदायिक भवन और महतारी सदन बनाए जाएंगे।
- पेयजल के लिए हर बसाहट में हैंडपंप की सुविधा दी जाएगी।
- गांव के केंद्र में हाई मास्ट सोलर लाइट लगाई जाएगी।
- युवाओं के लिए खेल मैदान, उप स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय बनेंगे।
- गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सड़क बनेगी।
- हर बसाहट में मनोरंजन के लिए केंद्र बनेंगे, जहां पांच टीवी सेट डीटीएच के साथ लगाए जाएंगे।
- ब्लॉक मुख्यालय और जिला मुख्यालय में छात्रावास की व्यवस्था की जाएगी।

## शराब घोटाले में एपी त्रिपाठी और महादेव बुक केस में अनिल दम्मानी को मिली जमानत

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार में आबकारी विभाग के विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के एमडी रहे अरुणपति त्रिपाठी को जमानत मिल गई है। शराब घोटाले मामले में अरुणपति त्रिपाठी मई 2023 से जेल में थे। एपी त्रिपाठी के जमानत पर सुनवाई बुधवार को हुई और गुरुवार को इसका आदेश हुआ है।

वहीं, महादेव मामले में जेल में बंद कारोबारी अनिल दम्मानी को भी मेडिकल ग्राउंड के आधार पर अंतरिम जमानत मिल गई है। हाईकोर्ट से दोनों को जमानत मिली है। अनिल दम्मानी का जमानत आदेश बुधवार को हुआ था, जिसके आधार पर गुरुवार को वे जेल से बाहर भी आ गए हैं।

12 अप्रैल की शाम 4 बजे से पहले अनिल दम्मानी को स्पेशल कोर्ट में सरेंडर करना होगा। 8 हफ्तों के लिए उन्हें अंतरिम राहत मिली है। दोनों ही केस में बचाव पक्ष के वकील सीनियर एडवोकेट अमीन खान ने दोनों जमानत की पुष्टि की है।

शराब घोटाला केस में एपी त्रिपाठी को 12 मई को गिरफ्तार किया गया था। वहीं महादेव सट्टा ऐप के मामले की जांच कर रही ईडी की टीम ने पिछले साल 23 अगस्त को रायपुर और दुर्ग में छापेमारी कर कारोबारी अनिल और उनके भाई सुनील दम्मानी को गिरफ्तार किया गया था। एपी त्रिपाठी को रेगुलर जमानत मिली है तो वहीं अनिल दम्मानी को मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत मिली है।

#### दो हजार करोड़ का शराब घोटाले का मामला

जानकारी के अनुसार ईडी ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये की कथित शराब गड़बड़ी में एपी त्रिपाठी को पिछले साल मई में गिरफ्तार किया था। शराब गड़बड़ी में गिरफ्तार होने वालों में एपी त्रिपाठी चौथे थे। इनसे पहले कारोबारी अनवर ढेबर, त्रिलोक ढिल्लन और नितेश पुरोहित गिरफ्तार हुए थे। तीनों को जमानत मिल गई थी। मई में गिरफ्तार कारोबारी अनवर ढेबर को मेडिकल ग्राउंड के आधार पर जुलाई में अंतरिम जमानत मिली थी। इसी आधार पर करिश्मा ढेबर को अंतरिम अग्रिम जमानत मिली थी। बाद में त्रिलोक ढिल्लन और नितेश पुरोहित को अगस्त में अंतरिम जमानत मिल गई थी। इसके बाद तीनों की अंतरिम जमानत लगातार बढ़ाई जाती रही।

## ब्रह्मा भोजन के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों के अतिथि बने मुख्यमंत्री साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** शांति सरोवर में आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ब्रह्माभोजन के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों के अतिथि बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हर साल बड़े स्नेह से ब्रह्माकुमारी बहनें विधानसभा के सभी सदस्यों को ब्रह्म भोजन कराती हैं। यह बड़ी सुंदर परंपरा है। बहनों के स्नेह से हम अभिभूत हैं। राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शांति सरोवर द्वारा आयोजित स्नेह मिलन एवं ब्रह्मा भोजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित कैबिनेट मंत्रीगण और सभी विधायकगणों ने पवित्र ब्रह्मा भोजन का आनंद लिया।

मुख्यमंत्री और सभी अतिथियों ने इंदौर क्षेत्र की पूर्व निदेशिका स्वर्गीय कमला दीदी के स्मारक पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आपकी संस्था अनेक जनकल्याणकारी कार्यों को संचालित कर समाज में जनजागृति लाने का काम कर रही है। इसका असर समाज के सभी वर्गों पर पड़ा है। महिलाओं को आपने आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में भी आपके द्वारा जो सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में कार्य किया गया है।

## 8 लोकसभा में महिला और 3 में पुरुषों की संख्या अधिक

**रायपुर/नवप्रदेश।** लोकसभा चुनाव नजदीक है। कभी भी आचार संहिता लग सकती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले द्वारा जारी फाइनल वोटरलिस्ट में भले ही महिला वोटर की संख्या अधिक है। बावजूद रायपुर, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जैसी हॉट सीटों पर पुरुष मतदाताओं का ही बोलबाला है। सरगुजा, राजनांदगांव, दुर्ग, बस्तर, कांकेर, रायगढ़ कोरबा और महासमुंद में महिला वोटर ज्यादा है। विधानसभा चुनाव में सरकार बदलने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई थी। विधानसभा चुनाव में हजार पुरुषों पर 1012 महिलाएं थीं, लोकसभा की वोटरलिस्ट में बढ़कर 1014 हो गई हैं। प्रदेश के 2019 के लोकसभा चुनाव पर नजर डालें तो औसतन 71.49 प्रतिशत मतदान हुआ था। रायगढ़ में सबसे ज्यादा 77.78 फीसदी वोट पड़े थे।

## कांग्रेस का किसानों के समर्थन में कल छत्तीसगढ़ बंद

- सभी शहर-जिलाध्यक्षों को लिखा गया पत्र; किसान संगठनों ने किया है भारत बंद का ऐलान

#### दिल्ली में 7 लेयर की बैरिकेडिंग

यहां हरियाणा पुलिस ने 7 लेयर की बैरिकेडिंग और आंसू गैस के गोले छोड़कर 3 दिन से किसानों को रोका हुआ है। किसानों ने आज पंजाब के 6 जिलों में 12 बजे से 4 बजे तक रेल रोकने का ऐलान किया था। हरियाणा से लगती पंजाब की खनौरी और डबवाली बॉर्डर भी 3 दिनों से बंद है। इस बीच किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र को आवाज सुननी पड़ेगी, नहीं तो जो होगा वो ठीक नहीं होगा। हम आज 15 फरवरी को केंद्रीय मंत्रियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि पीएम मोदी उनसे बातचीत करें, ताकि हम अपनी मांगों के समाधान तक पहुंच सकें।

**रायपुर/नवप्रदेश।** संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी यानी कल भारत बंद बुलाया है। इसे कांग्रेस ने भी अपना समर्थन दिया है। इसके बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने लोगों से इस बंद में शामिल होकर अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने बंद को लेकर सभी जिला और शहर अध्यक्षों को पत्र लिखा है। इसमें बंद का समर्थन करने के निर्देश दिए गए हैं। कहा गया है कि बंद को सफल बनाने के लिए खुले मंच से इसका समर्थन करें।

मलकीत सिंह गैदू ने सभी जिला और शहर अध्यक्षों को पत्र में लिखा है कि जैसा आप जानते हैं किसान यूनियनों ने 16 फरवरी 2024 को भारत बंद की घोषणा की है। इस राष्ट्रव्यापी बंद के प्रमुख मुद्दों में एमएसपी गारंटी की मांग और बेरोजगारी और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां शामिल हैं।

किसान संघों ने छात्रों, युवाओं, महिलाओं, पेंशनभोगियों, छोटे व्यापारियों, ट्रक ड्राइवरों, पत्रकारों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों से महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने की बात कही है।

उन्होंने आग्रह किया है कि 16 फरवरी 2024 को आयोजित भारत बंद का समर्थन करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। आम लोगों को आजीविका जैसे अहम मामलों पर जागरूक करें और भारत बंद के आह्वान को हमारे अन्नदाताओं के प्रति एकजुटता के साथ खुले मंच से समर्थन कर इसे सफल बनाएं।

**किसान आंदोलन का आज तीसरा दिन :** किसान संगठन 'दिल्ली चलो' आंदोलन चला रहे हैं। इसे लेकर पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच का आज (15 फरवरी) तीसरा दिन है। फसलों के लिए MSP की गारंटी समेत बाकी मांगें पूरी कराने के लिए वे हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे हुए हैं।

## प्रो. रेनू राजगुरु को एम्स के चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार

**रायपुर/नवप्रदेश।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में ईएनटी की विभागाध्यक्ष प्रो. रेनू राजगुरु को चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार प्रदान किया गया है। प्रो. राजगुरु ने 1993 में मुंबई के ग्रांट मेडिकल कालेज से एमबीबीएस किया था। इसके साथ ही 1998 में मुंबई के किंग एडवर्ड मेमोरियल हॉस्पिटल से ईएनटी में एमएस करके 1999 में सर्जन लेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय नेवी को सेवाएं प्रदान की। 2004 में भारतीय वायुसेना में उन्होंने स्क्वाड्रन लीडर के रूप में सेवाएं प्रदान की। उन्होंने सेना के विभिन्न अस्पतालों में वरिष्ठ पदों पर कार्य किया जिसमें एएफएमसी, पुणे, एयरफोर्स का बंगलौर स्थित कमांड हॉस्पिटल और मुंबई स्थित इंडियन नेवल हॉस्पिटल शामिल है। उन्होंने जैसलमेर स्थित एयरफोर्स अस्पताल का निर्देशन भी किया। उन्हें 2022 में विशिष्ट सेवाओं के लिए चीफ ऑफ एयर स्टॉफ कमांडेशन पुरस्कार भी प्रदान किया गया



## राष्ट्र का विकास बौद्धिक और चारित्रिक विकास से ही संभव- प्रो.चक्रवाल

- सीवीआरयू मैं विकसित भारत 2047 अनुसंधान, भारतीय भाषा, एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में विकसित भारत @ 2047 अनुसंधान, भारतीय भाषा, एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया. यह आयोजन भाषा विज्ञान विभाग, छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ, वनमाली शोध एवं सृजन पीठ, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया. इस अवसर पर देश के कई राज्यों के विषय विशेषज्ञों ने विषय पर अपने बातें रखी। इस अवसर पर 107 षोधार्थियों ने अपने षोध पत्र पढ़े। दो दिनों में विचार मंथन किया गया।

दूसरे दिन समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गुरू घासीदास केंद्रीय विष्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्र का विकास भौतिक विकास नहीं है, धन का विकास नहीं है, अनाज का विकास नहीं है , राष्ट्र का विकास तो बौद्धिक और चारित्रिक विकास से ही संभव होगा. उन्होंने कहा कि स्वाध्याय बड़ी बात है , आजकल हम अपना अधिक से अधिक समय मोबाइल मे खर्च करते हैं , जबकि हमें स्वयं पर केंद्रित होकर आत्म चिंतन और आत्म मंथन करना चाहिए. उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का मार्ग व्यक्ति से शुरू होता है.

#### बसंत पंचमी पर हुई पूजा

वंसत पंचमी के अवसर पर विष्वविद्यालय की सेंट्रल लायब्रेरी में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सेंट्रल लायब्रेरी में विष्वविद्यालय के कुलपति प्रो.रवि प्रकाष दुबे, कुलसचिव गौरव षुक्ला, सम कुलपति डॉ.जयती चटर्जी,डॉ.संगीता सिंह, एवं सभी विभागों के प्राध्यापक मौजूद रहे।

#### इन्होंने विषय पर रखे अपने विचार

इस अवसर पर जम्मू विश्वविद्यालय जम्मू कश्मीर के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर राम बहादुर शुक्ला ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कृत विशय पर अपने विचार रखे। इसी तरह शासकीय दू.बा. महिला स्वशासी महाविद्यालय रायपुर की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सविता मिश्रा ने छत्तीसगढ़ी साहित्य एवं संस्कृति में षोध की आवष्यकता विशय पर अपनी बात रखी। काषी हिन्दु विष्वविद्यायल से आए प्रो. षरदिन्दु कुमार त्रिपाठी ने आधुनिक संस्कृत साहित्य में षोध की संभावनाएं। इसी तरह गुना से आए डा. सतीष चतुर्वेदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा हिन्दी साहित्य एवं अनुसंधान विषय में अपने विचार साझा किए। मोतीलाल कॉलेज दिल्ली से आए प्रोफेसर ऋतुराज आनंद ने अपने विचार साझा किय. बहुगुणा गड़वाल विष्वविद्यालय देहरादून उत्तराखंड से आई प्रो जसकिरण चोपड़ा ने एवं अंजुमन खैरुल इस्लाम पुणे कॉलेज ऑफ़आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स के विभाग अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर शेख अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

## कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड का योगदान

**रायपुर/नवप्रदेश।** आयरन और स्टील क्षेत्र में प्रसिद्ध व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड ने अपने सीएसआर प्रतिबद्धता के अंतर्गत कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन दिखाते हुए 10 लाख की अनुदान राशि बालको मेडिकल सेंटर ( वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन) को प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण कदम के माध्यम से कंपनी ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति अपनी पूरी जिम्मेदारी को साबित किया है और कैंसर से लड़ते हुए बालको मेडिकल सेंटर की सेवाओं का समर्थन किया है।

इस अद्भुत क्षण में, व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड के चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर, श्रीराम वर्मा ने बालको मेडिकल सेंटर के मार्केटिंग हेड, विपेन्द्र सिंह राजपूत को दस लाख रुपये का चेक सौंपते हुए कहा, 'हम जानते हैं कि कैंसर जैसी जटिल बीमारी का सामना करना कितना कठिन है और हम चाहते हैं कि हमारी यह छोटी सी कोशिश इस समस्या को हल करने में सहायक हो।

इस मौके पर बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. भावना सिरोही ने व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड का आभार व्यक्त किया और उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ÷ यह योगदान हमारे मिशन को न केवल समर्थन प्रदान करता है, बल्कि यह साबित करता है कि जब हम एकमत होकर सामान्य उद्देश्य के साथ जुड़ते हैं, तो हम कैंसर से जूझ रहे लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं।

बालको मेडिकल सेंटर की सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना को दोहराते हुए, व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड ने समाज में कैंसर के खिलाफ लड़ाई को बढ़ावा देने का संदेश दिया।